✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✴ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात


बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 36 ✴ अंक : 187 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, गुरुवार, 4 दिसम्बर 2025 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com

# बिहार विधानसभा में 91,717 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

## सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत संरचना, युवाओं को शिक्षा व रोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में बुधवार को वित्त विभाग की ओर से 91,717.11 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। द्वितीय अनुपूरक बजट में सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत संरचना, युवाओं को शिक्षा व रोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। बिहार की नीतीश सरकार मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर 21 हजार करोड़ रुपये और मुफ्त बिजली योजना पर 6462 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा, पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में 389 करोड़ रुपये, तो राज्य के 4 एयरपोर्ट निर्माण (गयाजी, भागलपुर, दरभंगा और सहरसा) के लिए 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अनुपूरक बजट को सदन में चर्चा के बाद कल 5 दिसंबर को पारित कराया जाएगा। प्रस्तावित अनुपूरक बजट में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन



योजना के लिए 1885 करोड़ रुपये, बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना में 750 करोड़, पेयजल निश्चय योजना में 594 करोड़, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 314 करोड़, बालिका इंटर प्रोत्साहन योजना के लिए 288 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है। बिहार सरकार मौजूदा वित्तीय वर्ष में सड़कों के निर्माण के लिए 861 करोड़ रुपये खर्च करेगी। वहीं बाढ़ नियंत्रण पर 651 करोड़, ऊर्जा कंपनियों में निवेश के लिए 600 करोड़, औद्योगिक विकास के लिए 500 करोड़, पंचायत सरकार भवनों के लिए 500 करोड़, पुलिस भवनों के निर्माण के लिए 400 करोड़, स्टेडियम और खेल संरचना विकसित करने के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा राज्य में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए 150 करोड़, महादलित विकास के लिए 130 करोड़, शहरों में नागरिक सुविधाएं विकसित करने के लिए 150 करोड़, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 800 करोड़ और शहरी विकास हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए 550 करोड़ रुपये खर्च करना प्रस्तावित है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायकों-विधान पार्षदों को फोन के लिए हर माह मिलेंगे 8300 रुपये

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को अब हर माह टेलीफोन के लिए 8300 रुपए मिलेंगे। उन्हें इसके लिए कोई वाउचर भी नहीं देना होगा। बुधवार को विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बिहार विधानमंडल (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) (संशोधन) नियमावली 2025 की एक प्रति सदन पटल पर रखी। नयी नियमावली में प्रावधान है कि विधायकों व विधान पार्षदों को हर माह 8300 रुपये टेलीफोन मद के लिए दिया जायेगा। इस राशि से वे जितने टेलीफोन या मोबाइल का उपयोग करना चाहे, वे कर सकते हैं।

### युवक की पीट-पीट कर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बलिया थाना क्षेत्र के नूरजमापुर गांव में पीट-पीट कर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक युवक की पहचान नाथू यादव के बेटे रणवीर कुमार (23) के रूप में की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दो पक्षों के बच्चों के बीच आपसी विवाद था। इसमें बीते रात घर में घुसकर रणवीर कुमार की जमकर पिटाई कर दी गई थी। घटना के बाद परिजनों लगा कि हल्का चोट लगा हुआ है। इसलिए परिजन रणवीर को कहीं इलाज के लिए नहीं ले गए।

### छात्र की गोली मारकर हत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** डुमरा थाना क्षेत्र के नहर चौक के समीप 8वीं के छात्र की हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार छात्र को गोली मारी गयी है। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल सीतामढ़ी में भेज दिया। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। मृतक की पहचान डुमरा थाना के भीसा गांव निवासी रिपु कुमार के रूप में हुई है।

### दिनदहाड़े मुखिया को गोलियों से भूना

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के फुलवरिया मोड़ के समीप अपराधियों ने बुधवार को दिनदहाड़े मुखिया को गोलियों से भून दिया। मृतक की शिनाख्त राधा साह के रूप में हुई है। मृतक गोपी पत्तियांव पंचायत के मुखिया थे। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। बताया जाता है कि बाजार से खरीदारी करके मुखिया राधा साह घर लौट रहे थे। फुलवरिया मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने उनपर फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा राधा साह को रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखें जाने तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका था।

# सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगा भारत देखने का मौका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों के लिए एक ऐतिहासिक पहल की घोषणा की है। अब तक बच्चे किताबों और पाठ्यपुस्तकों के जरिए भारत की विविध संस्कृति, इतिहास और सभ्यता के बारे में पढ़ते रहे है लेकिन जल्द ही इन्हें देश के प्रमुख धरोहर स्थलों को अपनी आंखों से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। राज्य सरकार की नई 'भारत दर्शन योजना' के तहत बच्चों को आगरा का ताजमहल, हैदराबाद का चारमीनार, दिल्ली के ऐतिहासिक किले, वाराणसी के घाट, जयपुर के महल, कोलकाता के सांस्कृतिक स्थल, केरल के बैकवाटर्स, गोवा के समुद्र तट और देशभर की अन्य प्रमुख विरासतों का दौरा कराया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता से सीधे परिचित कराना है। जानकारी के अनुसार योजना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अगले शैक्षणिक सत्र से इसका क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल राज्य में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के लिए मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना संचालित है, जो बिहार के अंदर महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण तक सीमित है। लेकिन भारत दर्शन योजना इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देती है। योजना की घोषणा के बाद छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्र मनीष कुमार ने बताया कि सरकारी स्कूल के बच्चों को पहली बार देशभर के पर्यटन स्थलों को देखने का मौका मिलने वाला है। निजी स्कूलों के बच्चे अक्सर बाहर घूम आते हैं, लेकिन हमारे लिए यह मौका बहुत खास है।' शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह योजना बच्चों के बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक और अनुभवात्मक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। विभाग का मानना है कि वास्तविक जीवन में स्थलों को देखने से छात्रों में सीखने की क्षमता, जिज्ञासा और समझ का दायरा काफी बढ़ता है।

# आग में जिंदा जलने से भाई-बहन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के मुरली वार्ड नंबर 6 स्थित एक घर में आग लगने से भाई-बहन की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग ने आसपास के 6 घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घरों में रखा सामान जलकर खाक हो गया। मृतकों की पहचान भीखन सरदार के पोते मानव कुमार (10) और पोती साक्षी कुमारी (12) के रूप में हुई है। घटना की है। आग में बुचाय सरदार के दो घर, भीखन सरदार का एक घर, प्रेम सरदार उर्फ पप्पू सरदार का एक घर, चंद्रदेव सरदार और इंद्रदेव सरदार के एक-एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार सुबह बीडीओ अच्युतानंद, सीओ धीरज कुमार और राजस्व कर्मचारी मोहम्मद इजराफिल घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। मृतक बच्चों के दादा भीखन सरदार ने बताया, मेरी बहू ने मुझे सबसे पहले रात 10 बजे खाना खिलाकर सुला दिया। इसके बाद बहू-बेटे और बच्चों ने खाना खाया और अपने-अपने कमरे में रात 11 बजे तक सोने चले गए। रात 1 बजे के करीब मेरी अचानक नींद खुली। इस दौरान मैंने देखा की घर में आग लग गई है। मैंने चिल्लाना शुरू किया, इसपर बहू-बेटे जगे और बच्चों के कमरे की तरफ बढ़े। जैसे ही वो वहां पहुंचे तब तक बच्चे आग की चपेट में आ गए थे। उनकी बॉडी पूरी तरह से जल गई थी। हल्ला होने के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हुए और आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के बाद दोनों बच्चों की मौके पर मौत हो गई थी।

# बिहार में अगले पांच साल में एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई राजग सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार सृजित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य में 50 लाख से अधिक नौकरियां सृजित की जा चुकी हैं और सरकार रोजगार सृजन को नई आर्थिक नीति का मुख्य आधार मानकर आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में हाल ही में शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की भी चर्चा की। चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुरू की गई इस योजना के तहत 1.56 करोड़ महिलाओं को 10,000 रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को अभी तक राशि नहीं मिली है, उन्हें भी



जल्द यह लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की घोषणा की है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड की स्थापना, कई नए हवाईअड्डों के निर्माण और विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त राशि दी गई है। प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के अनेक दौरे और परियोजना शिलान्यास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। राज्यपाल खान ने अपने भाषण में 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की घोषित योजना, पूजा स्थलों और कब्रिस्तानों की घेराबंदी जैसे कदमों का उल्लेख किया और कहा कि इससे समाज में सौहार्द और सुरक्षा को मजबूती मिली है। महिला और बालिका उत्थान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में शुरू की गई साइकिल और वर्दी योजना आज भी सरकार की मूल प्राथमिकताओं में शामिल है और इससे राज्य में लड़कियों की शिक्षा में क्रांतिकारी बढ़ोतरी हुई है। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों पर बात करते हुए राज्यपाल ने बताया कि बिहार में 27 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और अब प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग शिक्षा उपलब्ध हो चुकी है। उनके अनुसार, 'आज कई राज्यों के छात्र बिहार में पढ़ाई के लिए आ रहे हैं, जिससे राज्य एक उभरते शैक्षिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने सड़क और यातायात ढांचे पर भी जोर दिया और बताया कि नई सड़कों, रेल पुलों, बाइपासों और हाइवे कनेक्टिविटी ने राज्य के दूरस्थ इलाकों से पटना तक की दूरी महज पांच घंटे कर दी है, जो राज्य के बुनियादी ढांचे में बड़े परिवर्तन को दर्शाता है।

# आठ डीएम समेत कई आइएएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद बिहार के आइएएस अधिकारियों को भी तोहफा मिला है। उन्हें उच्च ग्रेड में प्रमोशन दिया गया है। बिहार के कई जिलाधिकारियों को भी उच्च ग्रेड में प्रमोशन मिला है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अपर सचिव स्तर में प्रोन्नति प्रदान की गई है। इसमें कई जिला अधिकारी शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार आरा के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, मधेपुरा के जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज, शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ अहसन, शिवहर के जिला अधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय, अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार, अरवल के जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सहरसा के जिलाधिकारी दीपेश कुमार को उच्च ग्रेड में प्रमोशन मिला है। इसके अलावा संजीव मित्तल (वित्त विभाग के संयुक्त सचिव), योगेश कुमार सागर (निदेशक निःशक्तता समाज कल्याण विभाग), संजय कुमार (ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव), श्रीमती रूबी (निदेशक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय), कृष्ण कुमार (निदेशक संग्रहालय कला संस्कृति एवं युवा विभाग), संजय कुमार सिंह (संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग), अभय झा (संयुक्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग) को भी अपर सचिव स्तर में प्रमोशन दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव श्रीधर चिरीबोलू को प्रधान सचिव के वेतनमान के स्तर पर प्रमोशन दिया गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के कार्यालय में निजी सचिव योगेंद्र सिंह को विशेष सचिव के वेतनमान में प्रमोशन दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में भारतीय विमान पतनन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार को शीर्ष वेतनमान में प्रमोशन दिया गया है। कोसी प्रमंडल सहरसा के आयुक्त राजेश कुमार को उच्च प्रशासनिक ग्रेड में प्रोन्नति प्रदान की गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को मिली प्रोन्नति की अधिसूचना सामान्य प्रशासन विभाग ने अलग-अलग निकाला है।

### विश्वविद्यालय सीनेट और बोर्ड में सदस्यों को मनोनीत करेंगे अध्यक्ष

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूबे के विभिन्न विश्वविद्यालयों की सीनेट के सदस्यों समेत अन्य बोर्ड के सदस्यों के रूप में विधानसभा के सदस्यों का मनोनयन किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष को प्राधिकृत किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को इस संबंध में प्रस्ताव सदन में पेश किया। प्रस्ताव में सीनेट और बोर्ड के सदस्यों के निर्वाचन को शिथिल करते हुए विधानसभा अध्यक्ष को उन सदस्यों को मनोनीत करने के लिए प्राधिकृत करने की शक्ति दी गयी। मंत्री ने बताया कि विधानसभा के 10-10 सदस्यों का मनोनयन राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में होनी है। सीनेट के 10 सदस्यों में एक अनुसूचित जाति, एक अनुसूचित जनजाति और तीन अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सदस्य होंगे।

## रामकृष्णन चंदर ने संभाला एलआइसी के प्रबंध निदेशक का कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रबंध निदेशक के तौर पर रामकृष्ण चंदर ने कार्यभार संभाला लिया है। चंदर को एलआईसी के प्रबंध निदेशक के रूप में एक दिसंबर से नियुक्त किया गया है। बीमा कंपनी ने कहा कि उन्हें भारत सरकार अधिसूचना के तहत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। चंदर की यह नियुक्ति भारत सरकार की अधिसूचना के बाद हुई है। प्रबंध निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले उन्होंने एलआईसी के मुख्य निवेश अधिकारी और निवेश (फ्रंट ऑफिस) विभाग के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया है। रामकृष्णन चंदर वर्ष 1990 में एक



सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में एलआईसी में शामिल हुए थे। उन्होंने वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, विपणन और पेंशन और समूह योजनाओं के क्षेत्रीय प्रबंधक और अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए एलआईसी की रणनीतिक व्यापार इकाई के कार्यकारी निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर काम किया है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को घोर नक्सल प्रभावित इलाका बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया। अभियान में तीन जवान भी शहीद हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के गंगालूर इलाके में मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बल के जवान पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। पुलिस की ओर से बताया गया कि डीआरजी दंतेवाड़ा-बीजापुर, एसटीएफ सीआरपीएफ और कोबरा टीमों के संयुक्त अभियान में 12 नक्सलियों को मार गिराया है। जबकि, 3 जवान ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए हैं, जबकि दो जवान घायल है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया है, वहीं, अभियान में तीन जवान शहीद हो गये हैं। अभियान में दो अन्य जवान घायल हो गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षाबलों ने 12 नक्लियों के शव बरामद होने की बात कही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गंगालूर क्षेत्र के जंगल में नक्सली गतिविधि की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए जिला रिजर्व गार्ड, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को मौके पर रवाना किया गया। सुरक्षा बलों को देखते ही नक्सलियों ने उसपर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबल के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान भी जारी है।

# इंटर-मैट्रिक परीक्षा के टॉपर्स को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर 'मेधा दिवस' समारोह का आयोजन किया गया। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित समारोह में इंटर और मैट्रिक परीक्षा-2025 के टॉपर्स को सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री सुनील कुमार रहे। उनके साथ अपर मुख्य सचिव डॉ. बी.राजेंद्र और समिति के अध्यक्ष सह प्रधान सचिव आनंद किशोर भी मौजूद रहे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेंद्र ने कहा कि जिन्हें भी आज सम्मानित किया जा रहा है, उनको मैं बहुत बधाई देते हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश से शिक्षा विभाग में बहुत काम हो रहा है। छह लाख टीचर एवं दो करोड़ से ज्यादा छात्र-छात्राएं है। वहीं 72 हजार करोड़ का बजट है। शिक्षा और स्वास्थ्य बढ़ेगा तो राज्य आगे



बढ़ेगा। अभी शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार की शिक्षा प्रणाली के बहुत कमियां थी। जब मैं सर्विस में था तो इसको मैं देखता था लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। बिहार बोर्ड में आनंद किशोर ने बहुत काम किया है। देश में अब सबसे पहले बिहार बोर्ड रिजल्ट जारी करता है। नीतीश कुमार ने जब से बिहार को संभाला है तब से शिक्षा विभाग को काफी महत्व दिया गया है। हमें अभी और आगे जाना है। 2005 में 4 हजार करोड़ का बजट हुआ करता था। आज 70 हजार करोड़ रुपए का बजट है। लाखों शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। वर्ग 1 से 12 तक 1 करोड़ 76 लाख से ज्यादा छात्र है। सरकार की ओर से साइकिल योजना, पोषक योजना और कई योजना चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस साइकिल योजना को दो अफ्रीकन देशों में चलाया जा रहा है। 2017 से मेधा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आगे चल कर छात्र-छात्राएं बहुत अच्छा करेंगे। शिक्षा को बेहतर बनाने में शिक्षकों का बहुत बड़ा दायित्व होता है। यह कोई आम काम नहीं है। वैल्यू बेस्ड एजुकेशन शिक्षकों को अपने छात्रों को देना बहुत आवश्यक है। स्कूल और कॉलेज एजुकेशन में सुधार आया है। सेशन जो लेट होते थे, वो अब समय पर हो रहा है। इस समारोह में कुल 151 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें मैट्रिक परीक्षा में राज्य के शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले 123 विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान, कला और वाणिज्य-तीनों संकायों में प्रथम पांच स्थान हासिल करने वाले कुल 28 छात्र-छात्राओं को भी मंच पर सम्मान दिया गया। सभी टॉपर्स को मेडल, प्रशस्ति पत्र और टैबलेट प्रदान किया गया।

### बीपीएससी शिक्षिका की स्कूल जाते वक्त हत्या

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अज्ञात अपराधियों ने सुबह-सुबह बड़ी घटना को अंजाम दिया है। शिक्षिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शिक्षिका को तब गोली मारी गई, जब वह ड्यूटी पर जा रही थीं। मिली जानकारी के अनुसार कन्हैली हाई स्कूल में शिक्षिका की पोस्टिंग है। रोज की तरह फारबिसगंज से अपनी स्कूटी पर सवार होकर शिक्षिका नरपतगंज प्रखंड के कन्हैली +2 उत्क्रमित हाई स्कूल जा रही थी। नरपतगंज थाना क्षेत्र के कन्हैली शिव मंदिर के पास बाइक पर सवार दो हथियारबंद अज्ञात अपराधियों ने शिक्षिका की कनपटी पर गोली मार दी। शिक्षिका की पहचान उत्तर प्रदेश की रहने वाली शिवानी कुमारी के रूप में हुई है, जो बीपीएससी शिक्षिका थीं। सूचना मिलने पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साह, नरपतगंज थानाध्यक्ष व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# शैक्षणिक प्रणाली में प्रतिभाओं को पहचानने के लिए विशेष रणनीति जरूरी : विजय प्रकाश

## देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया गया मेधा दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में बुधवार को मेधा दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद देशरत्न सभागार में 'एनर्चरिंग गिफ्टेड लर्नर्स' विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें नैसर्गिक रूप से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान और उनके शैक्षिक विकास के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तृत विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेधा दिवस का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब शैक्षणिक प्रणाली में उन



प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पहचानने और विकसित करने के लिए विशेष रणनीतियों को शामिल किया जाएगा जिनके लिए सामान्य शैक्षिक योजनाएं पर्याप्त नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि औसत बौद्धिक क्षमता वाले छात्रों के लिए बनी योजनाओं के समानांतर मेधावी विद्यार्थियों के लिए अलग शैक्षिक ढांचा तैयार करना समय की आवश्यकता है। कार्यशाला दो सत्रों में संपन्न हुई। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अतिथियों का स्वागत बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ राणा अवधेश ने किया। उन्होंने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की विशेषताओं और उनके लिए आवश्यक शैक्षणिक हस्तक्षेपों की विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन सत्र का समापन बिहार विद्यापीठ की निदेशक–शिक्षा, संस्कृति और संग्रहालय डॉ मृदुला प्रकाश द्वारा आभार ज्ञापन के साथ हुआ। द्वितीय सत्र का संचालन एस. एन. सिन्हा महाविद्यालय, जहानाबाद के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर डॉ शशिधर गुप्ता ने किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के लिए संवेगात्मक बुद्धि, प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान और अधिगम रणनीतियों पर आधारित गतिविधियां संचालित कीं। तार्किक क्षमता और रचनात्मक अभिव्यक्ति से जुड़े ये अभ्यास प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुए। मंच संचालन बी.एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु मिथुन और अर्चना ने किया। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ के वित्त मंत्री नीरज सिन्हा, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, ए. आई. सी. के सीओओ प्रमोद कर्ण, इसरो के वैज्ञानिक प्रो. एस. नारायण, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में बी.एड प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर किया नमन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 141वीं जयंती के अवसर पर राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात् राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वदेशी कंबल आश्रम की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। राजेन्द्र चौक से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट समाधि स्थल पहुंचकर देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विधायक श्याम रजक, विधायक अश्वमेध देवी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

# शैलेंद्र कुमार ओझा बने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आप्त सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने अपने कार्यालय के संचालन के लिए बेहतर प्रबंधकीय क्षमता वाले, अनुभवी और प्रशासनिक दृष्टि से सक्षम शैलेंद्र कुमार ओझा उर्फ शैल ओझा को अपना आप्त सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को प्रशासनिक दक्षता और मजबूत कार्यशैली के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। शैलेंद्र कुमार ओझा बिहार के प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र में एक जाना-पहचाना और विश्वसनीय नाम है। इससे पहले वे बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के अलावा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्रियों के साथ आप्त सचिव के रूप में काम कर चुके हैं।



मंत्रालयों के प्रशासनिक कार्यों के संचालन, समन्वय और नीतिगत क्रियान्वयन में उनका योगदान महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। रोहतास जिले के तिलौथू गांव के निवासी ओझा का रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जैसे जिलों से गहरा संबंध रहा है। प्रशासनिक कार्यों के प्रति उनकी दक्षता, व्यवहारिक दृष्टिकोण और समयबद्ध कार्य निष्पादन की प्रतिबद्धता के कारण वे लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा में रहे हैं। शैलेंद्र ओझा को करीब से जानने वालों का कहना है कि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसी तेजतर्रार और कार्यकुशल राजनीतिक नेतृत्व के साथ काम करना उनके अनुभव, क्षमता और प्रभाव को और अधिक सशक्त बनाएगा। साथ ही इस नियुक्ति से उप मुख्यमंत्री कार्यालय की कार्यप्रणाली में तीव्रता और अधिक पेशेवर प्रभाव देखने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह नियुक्ति प्रशासनिक रूप से उप मुख्यमंत्री के कार्यालय को मजबूत करने और तेज गति से कामकाज सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राजेन्द्र बाबू ने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर किया भारत का मस्तक ऊंचा : मोहन सिंह

## देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी से प्रेरणा लें युवा : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह मोहन सिंह ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर उसके गुंबद का निर्माण कराकर भारत का मान बढ़ाया और भारत का मस्तक ऊंचा कराया था। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र बाबू ने आजादी के बाद अपने पहले निर्णय में सोमनाथ मंदिर के क्षतिग्रस्त गुंबद निर्माण का प्रस्ताव इसलिए दिया कि विदेशी आक्रमणों में सोमनाथ मंदिर का बहुत क्षति हुआ था। उस मंदिर का टूटा गुंबद विदेश से आनेवाले लोगों के लिए शर्म के समान था और उससे भारत का अपमान हो रहा था। मोहन सिंह बुधवार को बिहार राज्य धर्मिक न्यास पर्षद की ओर से देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित डॉ राजेन्द्र प्रसाद



एवं सोमनाथ मंदिर पुनर्स्थापना विषय पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में रहकर उनका व्यवहार देश के लिए प्रेरणाश्रोत था। वे राष्ट्रपति के पद से अवकाश लेकर सामान्य ट्रेन से पटना आये थे और अपना घर न जाकर पटना के सदाकत आश्रम में टूटे मकान में रहे थे। वहां उनको कई तरह की दिक्कतें हुई और स्थानीय लोगों ने चंदा कर उनके लिए सदाकत आश्रम का मरम्मत कराया था। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद व जेपी का यादकर सरकार को अपना शासन प्रशासन चलाना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जो बिहार के लाल थे जिन्होंने सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर देश में अपने सनातनी होने का परिचय दिया था और भारत के मुकुट को फिर से स्थापित किया था। हमें अपने महापुरूषों और पूर्वजों को यादकर उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए। वे एक विद्वान राजेनता के साथ-साथ सच्चे सनातनी थे और उन्होंने सनातन की रक्षा को अपने पहले एजेंडे में जगह दी। उन्होंने मठ मंदिरों से सनातन के विकास में आगे आने का आह्वान भी किया। इसके लिए हर पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण भगवान की कथा व हर अमावस्या के दिन भवगती का पाठ होना चाहिए तब मदिर जनमानस विकास का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि डॉ राजेन्द्र बाबू जब अपने जीवन के अंतिम समय में सदाकत आश्रम में रह रहे थे तब रामाश्रम सत्संग के लोगों ने उनको साधना करने की सलाह दी थी जिसे उन्होंने अपनाया था। उनकी जीवनी से हमारे प्रदेश के युवाओं को सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन कुमार सिंह ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद व्यक्ति नहीं विचार थे उनकी जीवनी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में जगतगुरू कंचन भवानी ने गुरुकुल के बच्चों को शस्त्र के साथ-साथ शास्त्र की भी शिक्षा देने पर बल दिया। इस मौके पर वेद विद्यालय के बच्चों ने स्वस्ति वाचन, हनुमान चालीसा, दुर्गा सप्तसती व अन्य मंत्र का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अधिकारी तुषार कांति व धन्यवाद ज्ञापन तुलस्यान जी ने किया। इस मौके पर विधायक सुनील पिंटू, धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य आनंद कुमार, हेमराज राम, दक्षिण बिहार के प्रांत प्रचारक उमेश सिंह, ज्योति पांडेय, विक्की निषाद, अमन सिन्हा, महंथ बालक राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-26 पटना रीजनल राउंड का आयोजन आज

## प्रथम विजेता टीम को 60 हजार और द्वितीय स्थान को 40 हजार मिलेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी द्वारा इलेक्ट्रॉन क्विज 2025-26 का पटना रीजनल राउंड 4 दिसम्बर को शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की क्विज श्रृंखला 21 नवम्बर से 17 दिसम्बर तक पटना सहित देश के 9 क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (नैगम संचार), विश्वनाथ चंदन ने बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य नवोदित प्रतिभाओं को




प्रोत्साहित करना और युवा मस्तिष्क की तार्किक सोच को नई धार देना है। उन्होंने आगे बताया कि पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा आयोजित होने वाले इस पटना क्षेत्रीय चरण में क्षेत्र के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट संस्थानों की 200 से अधिक टीमों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं और शिक्षण संस्थानों में उत्साह का विशेष माहौल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम विजेता टीम को 60 हजार, द्वितीय स्थान को 40 हज़ार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 20 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। चौथे से छठे स्थान की टीमों को 8 हजार का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को आकर्षक टी-शर्ट और प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। प्रत्येक क्षेत्रीय चरण से शीर्ष दो टीमें प्रतिष्ठित नेशनल सेमी-फाइनल के लिए चयनित होंगी। इसके बाद 14 दिसम्बर को पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा में होने वाले राष्ट्रीय फाइनल में देशभर की श्रेष्ठ प्रतिभाओं के बीच मुकाबला होगा। 2004 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रही इलेक्ट्रॉन क्विज प्रतियोगिता इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के छात्रों के लिए एक प्रतिष्ठित मंच बन चुकी है। यह आयोजन छात्रों में तार्किक सोच, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इलेक्ट्रॉन क्विज प्रतियोगिता एनटीपीसी की सतत उत्कृष्टता, नवाचार और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो न केवल ऊर्जा क्षेत्र में एनटीपीसी की अग्रणी भूमिका को दर्शाती है बल्कि भविष्य के नेतृत्व कर्ताओं को तैयार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास है।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 पटना में चार श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना में चार श्रम संहिताओं में हाल ही में किए गए बदलावों पर जागरूकता सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों को नई श्रम रूपरेखा के प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं और लाभों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी संविदा श्रमिक, निश्चित अवधि के कर्मचारी (एफटीई), एचआर विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। सत्र को प्रखर



सिंह, सहायक श्रम आयुक्त, पटना और पी.के. पंकज, केंद्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, पटना ने संबोधित किया। दोनों अधिकारियों ने इन सुधारों के महत्व पर जोर दिया जो पारदर्शिता, श्रमिक कल्याण और व्यवसाय करने में सुगमता सुनिश्चित करते हैं।

# सदाकत आश्रम में राजेश राम के नेतृत्व में राजेंद्र बाबू की मनाई गयी जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद की 141 वीं जयन्ती आज सदाकत आश्रम में मनायी गयी। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित डा. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संविधान निर्माण और राष्ट्र निर्माण



के अतुलनीय पुरोधा थे। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और देश के प्रति समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी जो डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों की सच्ची विरासत है।

राजेश राम ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद में विलक्षण प्रतिभा के साथ-साथ उनका स्वाभाव भी बहुत ही मृदुल था। देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने वाले राजेन्द्र बाबू सामान्य जीवन जीने में विश्वास रखते थे। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिये यह बड़े गर्व की बात है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद 14 वर्षों से अधिक समय तक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद को सुशोभित किये और सदाकत आश्रम में ही अंतिम सांस ली।

# जैन मुनि विशल्य सागर महाराज पुलिस एस्कॉर्ट के साथ सुरक्षित रवाना

## जैन समाज ने प्रशासन का जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी।** जैन मुनि विशल्य सागर जी महाराज, जो मुजफ्फरपुर से मिथिलापुरी (सीतामढ़ी) के लिए विहार कर रहे हैं। उनके साथ मुजफ्फरपुर के आवे क्षेत्र में हुई बदसलूकी की घटना के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें पुलिस एस्कॉर्ट के साथ सुरक्षित आगे भेजा। आज दोपहर 3 बजे महाराज श्री ने पकड़ी से विहार प्रारंभ कर



सरदारपुर कांति की ओर यात्रा जारी रखी। इस दौरान भी प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया और कई पुलिसकर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। एम पी जैन ने कहा कि जैन समाज प्रशासन के इस संवेदनशील सहयोग और सुरक्षा व्यवस्था के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। बिहार स्टेट दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मंत्री पराग जैन ने कहा कि महाराज श्री मिथिलापुरी में जैन मंदिर के होने वाले पंचकल्याणक के लिए विहार कर रहे हैं। जैन मुनि परंपरा अनुसार नंगे पैर पैदल चलते हैं और सदैव निर्वस्त्र रहते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशासन द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय है। जैन समाज ने उम्मीद जताई कि आगे की यात्रा में भी इसी प्रकार सुरक्षा और सहयोग उपलब्ध कराया जाता रहेगा। ताकि मुनि श्री का विहार सुरक्षित और शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

# जैन समाज ने की कमलदह तीर्थ क्षेत्र की भूमि बचाने को लेकर अंचल अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कमलदह जैन तीर्थ, मौजा रानीपुर स्थित 5 एकड़ 4 डिसमिल सार्वजनिक धार्मिक न्यास भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण, गलत जमाबंदी प्रयास और तालाब/झील भराई के विरोध में श्री कमलदह जी दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र की ओर से आज अंचल अधिकारी, दीदारगंज को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि यह भूमि सेठ सुदर्शन स्वामी जी एवं स्थूलभद्र जी महाराज के नाम से खतियान में दर्ज सामूहिक धार्मिक न्यास संपत्ति है जिस पर श्वेतांबर ट्रस्ट द्वारा बिना अनुमति अवैध नींव निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पास स्थित तालाब को मिट्टी से भरना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और जलाशय नियमों का उल्लंघन है। समाज ने प्रशासन से अवैध निर्माण पर तत्काल रोक, तालाब भराई पर पूर्ण प्रतिबंध, स्थल निरीक्षण व सीमांकन, अवैध जमाबंदी प्रयास की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। मानद मंत्री पराग जैन ने कहा कि यह मामला धार्मिक आस्था और सार्वजनिक न्यास संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा है। प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा है।

# एक्यूप्रेशर ट्रेनर ट्रेनिंग-सह-अर्थराटिस विषयक संगोष्ठी सात को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना द्वारा एक्यूप्रेशर गुरूमाता दिवस के अवसर पर 7-8 दिसम्बर को एक्यूप्रेशर ट्रेनर ट्रेनिंग का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज सचिव डा. अजय प्रकाश ने बताया कि देश के चार राज्यों के चिकित्सक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरान्त चिकित्सक अपने राज्यों में बेसिक एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे जिससे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा, गम्भीर रोगों से बचाव हो सकेगा। इस अवसर पर अर्थराइटिस के विभिन्न स्वरूप एवं उसका एक्यूप्रेशर उपचार विषय पर 7 दिसम्बर को संगोष्ठी भी आयोजित है। अर्थराइटिस से पीड़ित जनमानस एवं चिकित्सक संगोष्ठी का लाभ लेंगे।

# 14 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिव्यांगों के बीच वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुनियाद केंद्र बख्तियारपुर, बाढ़ पटना में आयोजित कार्यक्रम में 14 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का मुख्यमंत्री सशक्तिकरण छत्र (संबल) योजना अंतर्गत वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ उज्ज्वलकांत कुमार, बुनियाद केंद्र के प्रबंधक अरविंद कुमार, सुप्रिया कुमारी, राकेश कुमार तथा दिव्यागजनों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दिव्यांगजनों के प्रोत्साहित हेतु उनके बीच ट्राई साइकिल दौड़, मेढक



दौड़, छड़ी दौड़, नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले 15 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य हेतु शशि शेखर सुमन, मधुमाला कुमारी, लीला कुमारी विकास मित्र, सामाजिक कार्यकर्ता उदय कुमार, धीरज कुमार, संजू कुमारी आदि को सम्मानित किया गया।

## डीएम ने शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में फसल अवशेष प्रबंधन पर की बैठक

# पराली जलाने वाले किसानों पर की जाय कार्रवाई : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, करगहर में फसल अवशेष प्रबंधन पर बैठक की गयी। जिसमें जिलास्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडलस्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्डस्तरीय पदाधिकारी संबंधित कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, कृषि वैज्ञानिक, सभी पंचायतों के मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधियों सहित अनुमंडलस्तर पर विभिन्न पचायतों से आये हुए किसानों की उपस्थिति में फसल अवशेष को जलानें से फसलों तथा मानव के स्वास्थ्य पर होनेवाले दुष्प्रभाव के रोक हेतु जिला स्तर पर सुझाव लिया गया। बैठक में



जिलाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि हरियाणा और पंजाब तथा दिल्ली जैसे राज्यों की तरह पर्यावरण को दूषित होने से पहले रोहतास जिला को बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाना है। जिलाधिकारी द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि हम सभी मिलकर जिले की उपजाऊ मिट्टी को बंजर होने से बचाने की दिशा में कार्य करेंगे जिससे आने वाली युवा पीढ़ी को स्वस्थ्य एवं उपजाऊ भूमि उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र से जोड़ा जाय तथा फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। उप निदेशक, (कृषि अभियंत्रण) रोहतास द्वारा उपस्थित सभी किसानों को फसल अवशेष को खेतों में जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके प्रबंधन के विषय में विस्तार से बताया गया। साथ ही बताया गया कि फसल अवशेष को न जलाकर पशुओं को चारा, जैविक खाद एवं मशीनरियों का उपयोग कर मिट्टी में मिलाने से अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी द्वारा सुझाव के क्रम में निदेशित किया गया कि पूर्व में खरीफ मौसम में करगहर प्रखण्ड में पराली जलाने की कुल 1214 घटना प्रकाश में आया था जो जिला में सर्वाधिक है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव के क्रम में बताया गया कि प्रशासनिक स्तर से पराली जलाने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाय। धर्मेन्द कुमार सिंह, किसान द्वारा सुझाव दिया गया कि जिले में राउण्ड स्ट्राबेलर इच्छुक किसानों को दिया जाय। साथ ही कृषि बैज्ञानिक, विक्रमगंज द्वारा बताया गया कि राउण्ड स्ट्रा बेलर के स्थान पर स्क्वायर स्ट्राबेलर ज्यादा उपर्युक्त है। पैक्स अध्यक्ष द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु मनरेगा के मजदूरों को किसानों के खेतों में तत्काल न्यूनतम मजदूरी पर रखकर फसल अवशेष प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाय जिससे पराली को खेतों से हटाया जा सके। जिले के सभी क्षेत्रों में कर्मचारियों द्वारा पराली जलाने की घटना पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दोषी पाये जाने वाले कृषकों पर दण्डात्मक कार्रवाई के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार के अनुदान से वंचित कर दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में चालक की मौत, मुआवजा को लेकर हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** नगर परिषद क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी निजी विद्यालय के वाहन चालक मंटू पासवान की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। बताया गया कि मंटू पासवान चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत खुर्माबाद में ऑटो से आ रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन बुधवार को नोखा पहुंचे और बस स्टैंड के समीप सड़क जाम करने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस प्रशासन ने समझा-बुझाकर जाम नहीं लगने दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर उस निजी विद्यालय के संचालक के घर पहुंचे जहां मंटू पासवान चालक के रूप में कार्यरत थे और मुआवजा की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान पोस्ट ऑफिस के सामने पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ब्रिज बिहारी प्रसाद के साथ धक्का-मुक्की की घटना भी सामने आई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मंटू विद्यालय के कार्य से लौट रहे थे, इसलिए उन्हें मुआवजा दिया जाए। इधर, मृतक की पत्नी चांदनी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल था। उनके दो पुत्रियां एवं एक पुत्र हैं जिनमें से सभी की उम्र 10 वर्ष से कम बताई जा रही है। बच्चों की परवरिश को लेकर परिवार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मौके पर पहुंचे अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार, प्रभारी थाना अध्यक्ष नवीन कुमार, दरोगा विकास कुमार एवं वाल्मीकि शाह ने लोगों को समझाया। बातचीत के बाद विद्यालय संचालक ने आर्थिक मदद का आश्वासन दिया तथा सरकारी नियमानुसार मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कराने की बात कही।

## दो आरोपितों ने किया आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस दबीश के कारण दिनारा थाना क्षेत्र के दो कांडों के आरोपितों ने न्यायालय में बुधवार को आत्मसमर्पण किया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार दिनारा थाने के मानपुर निवासी वारंटी मनीष कुमार सिंह और बिरहुआ गांव निवासी रौशन कुमार ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर पुलिस ने न्यू गंगोली में पुलिस ने छापेमारी कर मुकेश कुमार व पुकार भुइयां को 35 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कैमूर में पैक्स अध्यक्ष के बेटे को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव में बुधवार शाम पुरानी रंजिश में बदमाश ने पैक्स अध्यक्ष शशिनाथ सिंह के बेटे गोपाल सिंह को गोली मार दी। पेट में गोली लगने के कारण युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मोहनियां अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब गोपाल सिंह अपने निजी वाहन से मोहनियां की ओर से गांव में जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी अमित कुमार वहां पहुंचा और दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर अमित ने अपने पास मौजूद कट्टे से गोपाल के पेट में गोली मार दी। गोली लगने के बाद गोपाल जमीन पर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मोहनियां थाने की पुलिस ने मौके से देशी कट्टा बरामद कर बदमाश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर स्थित खुरमाबाद गांव के समीप मंगलवार की रात्रि एक ट्रक ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी जिस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक रोहतास जिला के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी सूबेदार पासवान के 33 वर्षीय पुत्र मंटू पासवान की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद आसपास के भारी संख्या में ग्रामीण जुटे और वहां से निजी वाहन से ऑटो पर सवार तीनों घायलों को सीएचसी कुदरा में भेजा जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत बताया जबकि दो लोगों को हल्की चोट होने के कारण इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

# अपनी धरोहर को संजोए रखना नैतिक दायित्व : अखिलेश

❑ शाहाबाद महोत्सव को लेकर आयोजकों ने की बैठक ❑ उपस्थित लोगों ने हर संभव सहयोग की अपील की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतासगढ़ किला परिसर में आगामी 6 और 7 दिसंबर को आयोजित होने वाले शाहाबाद महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसे लेकर शहर के एनीकट स्थित बुद्धा वाटिका में प्रबुद्धजनों की बैठक अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के संबोधन में शाहाबाद महोत्सव के संयोजक अखिलेश सिंह ने कहा कि महोत्सव को सफल बनाने को लेकर आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। ताकि इस बार का महोत्सव अपने भव्य स्वरूप के साथ लंबे समय तक याद किया जा सके। किला परिसर में मुख्य मंच, अतिथि दीर्घा, सांस्कृतिक पंडाल और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दी जा रही है। आयोजन समिति द्वारा गांवों, कस्बों और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लोगों को आमंत्रित करने के लिए शाहाबाद समिति के प्रचारक लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। इस वर्ष महोत्सव में बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड सहित अन्य राज्यों के नामी कलाकारों, लोकगायकों और हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। पिछले छह वर्षों से शाहाबाद के विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर आयोजित यह महोत्सव अब क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। कला, संस्कृति, लोकनृत्य, खानपान और हस्तशिल्प को एक मंच पर लाना इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य रहा है। इस बार रोहतासगढ़ किले जैसे ऐतिहासिक स्थल पर आयोजन होने से महोत्सव का महत्व और भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह है। किले की ओर जाने वाले मार्गों की मरम्मत, परिवहन सुविधा और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। बैठक का संचालन करते हुए संजय पासवान ने बताया कि उम्मीद की जा रही है कि इस बार दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ेगी और यह महोत्सव क्षेत्र के पर्यटन और सांस्कृतिक विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा। आयोजन समिति के अन्य लोगों ने बताया कि इस बार का आयोजन अन्य पूर्व के आयोजनों से बेहतर होगा। करीब दस हजार लोगों की शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में मुख्य रूप से संतोष उपाध्याय, शंकर कुमार, अरुण रावत, विष्णु पासवान, शमीम अंसारी, सुहैल अहमद, सतीश सिंह, जोखन चंद्रवंशी, दिनेश पासवान, नीरज पासवान, वैध वरुण कुमार सिंह, अरुण सिंह, लल्लन सिंह गदर, सुहेल अहमद, सुरेन्द्र चौबे, काश्मीर पासवान सहित कई उपस्थित थे।

# फर्जी प्रमाणपत्र पर आठ सालों से काम कर रही सेविका की सेवा समाप्त

### डीपीओ न्यायालय में सुनवाई के बाद चयन मुक्त करने का सुनाया फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** अधौरा प्रखंड की दिघार पंचायत के वार्ड नंबर तीन स्थित खटखरी आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या- 60 की सेविका की सेवा समाप्त कर दी गयी है। ग्रामीणों की शिकायत पर डीपीओ न्यायालय में अंक पत्र की जांच कराने के बाद चयन मुक्त करने का फैसला दिया गया। जानकारी के अनुसार पूर्व में खटखरी गांव के फूला देवी, बिंदेश्वरी राम, सुभाष सिंह, सरपंच आदि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को एक आवेदन दिया था जिसमें कहा था कि खटखरी आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका की बहाली को लेकर अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति कोटे से रिक्त पद पर चयन किया जाना था, लेकिन बगैर ग्रामीणों को सूचना दिये चयन कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों ने सीमा देवी, पति राजेश राम का चयन सेविका के पद पर मैट्रिक के जाली प्रमाणपत्र पर कर दिया जबकि योग्य अभ्यर्थी फूला देवी, पति मोती राम ग्राम खटखरी को चयन से वंचित कर दिया गया। ग्रामीणों के इस आवेदन पर जिलाधिकारी स्तर से यह मामला जांच के लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आइसीडीएस कैमूर को दिया गया, जिसकी जांच कराने के बाद नवंबर में आइसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रेखा कुमारी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अधौरा से सेविका सीमा देवी की शैक्षणिक योग्यता का प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था. इसके बाद शैक्षणिक प्रमाणपत्र जांच में गलत पाये जाने के बाद डीपीओ न्यायालय में सुनवाई कर सेविका सीमा देवी को चयन मुक्त कर दिया गया है। इधर, इस संबंध में पूछे जाने पर आइसीडीएस की प्रोग्राम पदाधिकारी ने बताया कि चयन के लिए सीमा देवी द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक प्रमाणपत्र की जांच उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद संस्कृत भवन, शाहमीना रोड लखनऊ से करायी गयी जो सत्यापन में गलत पाया गया जिसके बाद सेविका सीमा देवी, पति राजेश राम ग्राम खटखरी की सेवा समाप्त कर दी गयी है।

## विधानसभा अध्यक्ष बनने पर प्रेम कुमार को अमित पटेल ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक एवं युवा नेता अमित कुमार पटेल ने भाजपा के अनुभवी और वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार को निर्विरोध बिहार विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार का विधानसभा अध्यक्ष बनना केवल भाजपा के लिए गौरव का क्षण नहीं है, बल्कि पूरे बिहार के लिए सम्मान की बात है। अमित पटेल ने कहा कि प्रेम कुमार पार्टी की शान हैं जिन्होंने अपनी सरलता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के बल पर लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि गया विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौ बार चुनाव जीतकर प्रेम कुमार ने ऐसा इतिहास रचा है जो लोकतांत्रिक सम्मान और जनता के अटूट विश्वास का जीवंत उदाहरण है। नेता पटेल ने कहा कि एक जनप्रिय और अनुभवी विधायक के रूप में प्रेम कुमार की छवि हमेशा से निर्मल, निष्पक्ष और पारदर्शी रही है और यही विशेषताएं उन्हें विधानसभा अध्यक्ष के पद के लिए सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं। उन्होंने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में प्रेम कुमार सदन की गरिमा, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक परंपरा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उनके नेतृत्व में बिहार विधानसभा की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावशाली, पारदर्शी और जनहितकारी होगी। अमित पटेल ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में प्रेम कुमार का अनुभव और मार्गदर्शन बिहार के विकास और लोकतांत्रिक मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बिसैप डीजी ने की प्रशिक्षु महिला सिपाहियों की आमसभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिसैप के डीजी जितेंद्र कुमार ने बुधवार को वाहिनी के परेड मैदान में महिला सिपाहियों की आम सभा की। उनकी समस्याओं की जानकारी ली व समाधान किया। एक दिवसीय दौरे पर आए डीजी को वाहिनी द्वारा सलामी दी। उन्होंने परेड मैदान में सलामी ली। मौके पर बिसैप के डीआईजी मीनू कुमारी, शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश, कमाण्डेन्ट लिपि सिंह, एसपी रौशन कुमार समेत बिसैप के अधिकारी मौजूद थे। विदित हो यहां 1400 नवनियुक्त महिला सिपाही प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना की पुलिस ने रामगढ़ गांव से एक कांड के आरोपित जयप्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मुकेश कुमार ने जयप्रकाश सिंह समेत चार लोगों पर जानलेवा हमला करने की प्राथमिकी दर्ज किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विश्व दिव्यांग दिवस समारोह संपन्न

# राष्ट्रीय दिव्यांग संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष ने सरकार से दिव्यांग जनों के हित में कई मांगें रखीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** दिव्यांगजनों को समाज में सम्मान दिलाने, उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने, उनके सुनहरे भविष्य के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर विचार-विमर्श करने, उन्हें मानसिक रूप से सबल बनाने तथा उनके प्रति समाज के अन्य लोगों में सहयोग की भावना भरने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणा के अनुरूप 'विश्व दिव्यांग दिवस' डिहरी ऑन-सोन के जननायक कर्पूरी चौक (थाना चौक) के निकट समारोह पूर्वक मनाया गया। देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द प्रसाद एवं क्रांतिकारी बालक खुदीराम बोस की जयंति पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश की आजादी में दोनों के योगदान को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय दिव्यांग संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शंकर मोहिंता ने बताया कि बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार से दिव्यांग जनों के हित में कई मांग रखे। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1100 रूपये से बढ़ाकर 3000 रूपये की जाए, सभी दिव्यांगों और वंचितों को राशन कार्ड अविलंब दिलाया जाए, सभी जरूरतमंद दिव्यांगों को सरकार द्वारा यथाशीघ्र बैटरी चालित ट्राई-साइकिल दिलाया जाए, प्रखंड कार्यालयों के उदासीनता के कारण दिव्यांगों के लंबित सामजिक सुरक्षा पेंशन चालू कराए जाएं, अक्षम दिव्यांगों का स्वरोजगार ऋण माफ किया जाए, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के सभी प्रावधानों को लागू किया जाए, दिव्यांग आयोग और मंत्रालय यथाशीघ्र बनाया जाए, सरकारी आवास योजनाओं में दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाए, हर स्तर के सभी कार्यालयों में कम से कम एक दिव्यांग को नौकरी दी जाए, सभी श्रेणी की रेल एवं हवाई यात्राओं में दिव्यांग जनों को सीट आरक्षण तथा किराया में रियायत दिया जाए, स्थानीय निकाय से लेकर हर स्तर के चुनाव में दिव्यांग जनों को आरक्षण दिया जाए, निश्चित अंतराल पर कैंप लगाकर दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान किया जाए।


कार्यालय
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू
(आपूर्ति शाखा)

अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अन्तर्गत वितीय वर्ष 2025–26 के लिए पलामू जिला अन्तर्गत अवस्थित शहरी क्षेत्र के लिए 05 (पांच) एवं प्रखंडवार ग्रामीण क्षेत्र के लिए 20 (बीस) कुल 25 (पच्चीस) दाल–भात योजना सम्प्रति सरकारी भोजन केन्द्रों पर केन्द्र संचालकों को परिवहन–सह–हथालन सहित बाजार समिति द्वारा न्यूनतम निर्धारित मूल्य चावल (उसना) 3800.00रू0/क्विंटल, चना–8100.00 रू0/क्विंटल एवं सोयाबड़ी–7200.00रू0/क्विंटल तथा अधिकतम निर्धारित मूल्य चावल (उसना)–4800.00 रू0/क्विंटल, चना–8600.00 रू0/क्विंटन एवं सोयाबड़ी–9150.00रू0/क्विंटल की दर से आपूर्ति करने के इच्छुक बाजार समिति से सम्बद्ध अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा पत्र जिला आपूर्ति कार्यालय, पलामू से 1000.00 (एक हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जिला आपूर्ति कार्यालय, नजारत में जमाकर दिनांक 29.11.2025 से दिनांक 12.12.2025 को 02.00 बजे अप0 तक प्राप्त किया जा सकता है। ड्राफ्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू के पदनाम से भुगतेय होना चाहिए। इस राशि को वापस नहीं किया जायेगा। निविदादाता को बगैर कारण बताये निविदा को रद्द करने/स्थगित करने/समय में परिवर्तन करने/दर वार्ता करने/एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा दो सील लिफाफों में **''तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड''** अलग–अलग कर दोनों लिफाफे को अन्य एक बड़े लिफाफे में अपना नाम एवं पूरा पता अंकित करते हुए **दिनांक 17.12.2025 को अप0 01.00 बजे तक** जिला आपूर्ति शाखा, पलामू के कार्यालय में रखे बन्द डब्बे/बक्सा में दिया जा सकता है। उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में निविदा समिति के समक्ष उसी दिन 03.00 बजे अप0 में उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म में निविदा खोला जायेगा। उस दौरान निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होती है, तो अगले दिन निविदा खोलने की तिथि निर्धारित होगी।

निविदा के शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट www.palamu.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 367608 (Palamu)25-26*D


# डीडीयू मंडल ने विशेष जागरूकता अभियान में अनारक्षित टिकट की बताईं प्रमुख सुरक्षा विशेषताएं

### सदैव अधिकृत माध्यम से वैध टिकट लेकर करें यात्रा, टीटीई का ऐप आसानी से पकड़ लेगा फर्जी टिकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल यात्री सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर निरंतर कार्यरत है। इसी क्रम में यात्रियों को फर्जी अथवा हेरफेर किए गए अनारक्षित टिकटों के विरुद्ध जागरूकता के उद्देश्य से मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विभागीय अधिकारियों व स्टाफ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह जागरूकता अभियान पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गया, सासाराम और डिहरी ऑन-सोन स्टेशनों पर चलाया गया। यूटीएस यानी अनारक्षित टिकट भारतीय रेल द्वारा जारी किए जाते हैं। इन टिकटों में निम्नलिखित प्रमुख सुरक्षा विशेषताएं उपलब्ध रहती हैं- स्वर (ए इ आइ ओ यू) विशेष फॉन्ट में मुद्रित रहते हैं। टिकट के ऊपरी बाएं कोने पर इंजन का चिन्ह मुद्रित होता है। स्टॉक नंबर एवं यादृच्छिक संख्या अंकित रहती है। स्टेशनरी पर भारतीय रेल का वॉटरमार्क होता है। थर्मल प्रिंटर से जारी टिकटों पर क्यूआर कोड उपलब्ध होता है। इस संबंध में यात्रियों से सहयोग अपेक्षित है। टिकट केवल अधिकृत काउंटरों, एटीवीएम मशीनों या मोबाइल यूटीएस ऐप से ही प्राप्त करें। मोबाइल फोन में टिकट यूटीएस ऐप से ही दिखाएं, अन्य फोल्डर या स्क्रीनशॉट से नहीं। टिकट किसी अजनबी या दलाल से न लें और न उनको दें। टिकट दलाल या ऐसे व्यक्ति यात्रियों को गुमराह कर फर्जी या पुराना टिकट थमा सकते हैं जिससे यात्री को परेशानी और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। टिकट जांच कर्मचारी (टीटीई) के पास उपलब्ध टीटीई ऐप के माध्यम से टिकटों का ऑनलाइन सत्यापन आसानी से किया जा सकता है। क्यूआर कोड स्कैन करने या यूटीएस नंबर दर्ज करने से टिकट की प्रामाणिकता की पुष्टि होती है। फर्जी टिकट का उपयोग दंडनीय है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे केवल वैध टिकट लेकर यात्रा करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना रेलवे अधिकारियों अथवा आरपीएफ को दें। डीडीयू मंडल द्वारा यह अभियान यात्रियों को जागरूक करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025 for BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/11 Dated : 03.12.2025

Notice for Stray Vacancy Round Online Counselling

विज्ञापन संख्या- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/09 एवं 2025/10 दिनांक 20.11.2025 के क्रम में UGMAC(Ayush)-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों / सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि UGMAC(Ayush)-2025 की Stray Vacancy Round Counselling हेतु Provisional Seat Allotment Result दिनांक 29.11.2025 को पर्षद के website पर उपलब्ध कराने की सूचना दी गयी थी, परन्तु अपरिहार्य कारणवश Provisional Seat Allotment Result आज दिनांक 03.12.2025 को पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गयी है। तद्नुसार Document Verification/ Admission निम्नवत् पुनर्निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित होगी;

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | Stray Vacancy Round Provisional Seat Allotment Result publication date | 29.11.2025 | 03.12.2025 |
| ii. | Downloading of Revised Allotment order (Stray Vacancy Round) | 29.11.2025 to 01.12.2025 | 03.12.2025 to 06.12.2025 |
| iii. | Documents Verification and Admission (Stray Vacancy Round) | 30.11.2025 to 01.12.2025 | 05.12.2025 to 06.12.2025 |

2. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/09 दिनांक 20.11.2025 की अन्य शर्तें / नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय नवादा में विज्ञान मेला आयोजित

## विज्ञान को समाज व मानवता के हित में उपयोग करना अत्यंत आवश्यक : प्राचार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 के तहत आज राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा में विज्ञान मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभू शरण पांडे, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिन्हा, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विज्ञान मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 15 से 19 आयु वर्ग के प्रतिभागी युवाओं ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ी रोचक परियोजनाएँ एवं मॉडल प्रदर्शित किए। उद्घाटन अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने कहा कि आज के वैश्विक युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार वास्तविक प्रगति की आधारशिला हैं। ऐसे आयोजनों से छात्रों में शोध प्रवृत्ति, जिज्ञासा एवं नवोन्मेषी सोच को प्रोत्साहन मिलता है। अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने इंजीनियरिंग कॉलेज के इस महत्वपूर्ण प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में बच्चों द्वारा विकसित किए गए वैज्ञानिक प्रोजेक्ट उनके भविष्य को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नई दिशा देंगे। पदाधिकारियों एवं शिक्षकों के सामूहिक अवलोकन के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए गए—



**प्रथम पुरस्कार : पशुधन के क्षेत्र में नवाचार संबंधी खोज**
संस्थान : गवर्नमेंट इंजिनियरिंग कॉलेज , नवादा
विद्यार्थियों के नाम :1.रौशन राज 2. सबुही क़ौसर 3. शैफाली 4. आन्या सिन्हा 5. शशि कांत कुमार

**द्वितीय पुरस्कार : कार्बन उत्सर्जन निवारण मॉडल**
संस्थान : गवर्नमेंट इंजिनियरिंग कॉलेज, नवादा विद्यार्थियों के नाम :1. आयुष रंजन 2. नितीश कुमार 3. दीपक कुमार 4. निमिष नंदन 5. सूरज कुमार

**तृतीय पुरस्कार : फोटोसिंथेसिस मॉडल**
संस्थान : इंटर स्कूल, चंडीनावां विद्यार्थियों के नाम :1.राजा बाबू कुमार 2. विकास कुमार

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार चौधरी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दैनिक जीवन से जुड़े प्रोजेक्ट मानव कल्याण में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान को समाज व मानवता के हित में उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, विज्ञान मेला के कन्वेनर डॉ. राजेश कुमार, को-कन्वेनर प्रो. शुभेंदु अमित सहित कॉलेज के कई शिक्षक एवं कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के अन्य अध्यापकगण एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का विधिवत शुभारंभ अपर समाहर्ता मनीष शर्मा एवं अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ वैभव नितिन काजले द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अधिकारियों ने युवा उत्सव को जिले में प्रतिभा संवर्द्धन का एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को अपनी रचनात्मकता, कला, अभिव्यक्ति क्षमता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित होती है। यह उत्सव 3 दिसंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित है। जिसमें समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, वक्तृता (भाषण) कहानी लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। वहीं कल गुरुवार को कविता लेखन, चित्रकारी, विज्ञान मेला का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है तथा प्रतिभागियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रतिभागियों के पंजीयन, मंच प्रबंधन, मूल्यांकन एवं पुरस्कार वितरण हेतु अलग-अलग दल कार्यरत हैं। इस दौरान नालन्दा जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, वाद-विवाद, नृत्य एवं संगीत कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि युवा उत्सव का लक्ष्य युवाओं में सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, विज्ञान के प्रति रुचि तथा स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना से जोड़ना है। साथ ही, यह मंच भावी कलाकारों, साहित्यकारों एवं वैज्ञानिकों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करता है। अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नालंदा जिला प्रशासन इस प्रकार की उपयोगी एवं प्रेरणादायी गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देता रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागी, प्रशिक्षक, विद्यालय प्रतिनिधि थे। इस अवसर पर शालिनी प्रकाश, जिला कला संस्कृति सुरक्षा कोषांग, अर्चना कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, नालन्दा एवं अन्य पदाधिकारीग उपस्थित थे।

## एक नजर

### आइटी एक्ट के मामले में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने आइटी एक्ट के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के संचित कुमार साव को आईटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया पर धमकी एवं ब्लैकमेल करने करने के आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नाबालिग बरामद, एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने पकरी गांव के हर्षवर्धन उर्फ लड्डु को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया है। इस संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### न्यायलय परिसर में मनाई गई डॉ.राजेंद्र प्रसाद की जयंती और अधिवक्ता दिवस

**नवादा।** बुधवार को भारत देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पूरे धूमधाम से मनाई गई साथ ही अधिवक्ता दिवस का भी आयोजन देखने को मिला जिसको लेकर नवादा सिविल कोर्ट परिसर में संत शरण शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिवक्ताओं ने भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद कर लोगो ने उनके सादगी एवं उनके व्यक्तित्व की गुणगान किया। मोके पर जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा पूर्व महासचिव संत शरण शर्मा, कृष्ण पांडे, बिपिन कुमार सिंह नीलम प्रविन, पीपी मनोज सिंह, रोहित कुमार सिन्हा, कुमार चंदन, अमित कुमार अवलोक, संयुक्ता कुमारी, जुली कुमारी, रीना कुमारी संजय कुमार, मो साजिद खान संजय प्रियदर्शी, चंचल कुमार मदन सिंह, देवन्द्र यादव उपेंद्र जी श्याम देव सिंह आकाश कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजद रहें।

### विश्व दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**नारदीगंज,नवादा।** विश्व दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम का आयोजन डायट नवादा में बुधवार को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारदीगंज के दिव्यांग बालिकाओं ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिता में कस्तूरबा की बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नृत्य एवं गायन में नारदीगंज को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी बालिकाओं को स्टॉल, प्रशस्ती पत्र व मेडल देकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवादा के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, समावेशी शिक्षक आनन्द कुमार, सुप्रिया कुमारी, वार्डन रूबी कुमारी, शिक्षिका पूनम कुमारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### लाखों का धान बिचाली समेत जलकर राख

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के जोगाचक गांव स्थित खलिहान में बुधवार को अचानक आग लग जाने से लगभग 20 लाख से अधिक मूल्य की धान बिचाली समेत जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल-पकरीबरावां पथ पर जोगाचक गांव के पास खलिहान में अचानक आग लग जाने से धान समेत बिचाली धूं-धूं कर जलने लगा। ग्रामीणों एवं अग्निशमन टीम के द्वारा जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खलिहान में आग लगने से गिरजा देवी, शंकर राय, धर्मेन्द्र कुमार,विक्रम मिस्त्री, रविन्द्र राय, गुड़िया खातून, विजय राय, सरयुग मिस्त्री, जागेश्वर मिस्त्री, केशव मिस्त्री, जानकी साव, केशरी देवी एवं आजाद राय का धान बिचाली समेत जलकर राख हो गया। जिससे इन किसानों को काफी आर्थिक क्षति पहुंची है।

### विधायक ने मंत्री से मिल समस्याओं से कराया अवगत



**कौआकोल।** कौआकोल में विगत चार दिनों से तीन दर्जन से अधिक हाथियों के झुंड के द्वारा कौआकोल वन क्षेत्र के जंगली एवं आस-पास के क्षेत्रों में मचाए गए आतंक से हुए नुकसान को लेकर स्थानीय विधायक बिनीता मेहता ने बुधवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया। विधायक बिनीता मेहता ने बताया कि कौआकोल क्षेत्र में हाथियों के झुंड के अचानक आने से लोगों को हुई कठिनाईयों से वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी से मिलकर विस्तृत जानकारी दी गई। जिस पर मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा और शांति बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

### क्विज प्रतियोगिता में आलिया को प्रथम पुरस्कार

**पकरीबरावां।** बुधवार को पकरीबरावां उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर में मेधा दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कई बच्चों ने भाग लिया। चतुर्थ वर्ग की छात्रा आलिया नाज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इसी वर्ग के शुभम कुमार को द्वितीय, विशाल कुमार तथा मो. मोस्सदिक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व देशरत्न की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। चेतना सत्र में प्रधान शिक्षक ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद का जीवन परिचय के बारे में बताया। उनके योगदानों की जानकारी बच्चों को दी गई। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो. अख्तर, रेखा कुमारी, अजय कुमार विश्वकर्मा, शिक्षा सेवक नुरैसा खातून आदि उपस्थित थे। इधर, मध्य विद्यालय केशऔरी में भारत के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमन प्रसाद सिंह ने बच्चों को संबोधित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2025 के मौके पर जिला समाज कल्याण विभाग, नालंदा द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभाग ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, समावेशी विकास और समान अवसर उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग परिसर में लूडो, कैरम, चित्रकला, एवं संगीत जैसे विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विभाग का उद्देश्य इन गतिविधियों के माध्यम से दिव्यांगजनों के खेल कौशल को निखारना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए संचालित शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा संबंधी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब हर वर्ग को समान अवसर मिलें, और दिव्यांगजन इसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। प्रतिभागियों के साथ ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

# देशरत्न की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 3 दिसंबर को प्रथम राष्ट्रपति, स्वतंत्रता सेनानी देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से पुष्प अर्पण माल्यार्पण व उनके विचारों पर चर्चा करके मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर पुस्तकालय में किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यातायात डीएसपी अभिषेक कुमार ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद पर अपने विचार रखें और कहा कि महान विभूति की जयंती मनाना बहुत ही गर्व का क्षण है। समाज सेवी मनीष सिन्हा ने बताया कि डॉक्टर राजेंद्र बाबू देश के पहले राष्ट्रपति और एकमात्र राष्ट्रपति थे जिन्होंने लगातार दो पूर्ण कार्यकाल पूरे किये। इस कार्यक्रम में नेताजी सुभाष ब्रिगेड के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। 40 साल से सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर जुझारू नेता अर्जुन प्रसाद ने डॉ राजेंद्र बाबू के बारे में बताया कि वह तीन बार 1934 ,1939 और 1947 में कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर काबिज रहे थे। जेपी सेनानी मनोहर पासवान ने डॉक्टर राजेंद्र बाबू के बारे में बताया कि वह ऐसे महान शख्सियत थे एग्जामिनि बेटर देन एग्जामिनर शब्द का इस्तेमाल जिनके लिए किया गया। नोटरी मजिस्ट्रेट भरत भूषण सिन्हा उर्फ फनी सिन्हा ने बताया कि राजेंद्र बाबू प्रथम राष्ट्रपति के रूप में 26 जनवरी 1950 से 13 में 1962 तक पर संभाल लगभग 12 वर्षों का कार्यकाल उन्होंने पूरा किया था। सामाजिक कार्यकर्ता निजाम खान कल्लू नेता ने डॉक्टर राजेंद्र बाबू की सार्वजनिक प्रतिमा शहर में लगवाने की मांग की। चित्रांश प्रेस के मालिक कंचन कुमार सिन्हा ने बताया कि आज के परिवेश में लोग डॉक्टर राजेंद्र बाबू के योगदान को भूल सा गए हैं। शिक्षाविद अयोध्या पासवान ने पूर्व राष्ट्रपति के बारे में बताया कि वह विद्वता के प्रतीक थे। सामाजिक कार्यकर्ता चंदन चौधरी ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को युग पुरुष बताते हुए उनकी जयंती में हर साल उपस्थित रहने का वादा किया। इस कार्यक्रम में सरोज वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा, पूर्व सरपंच अजय कुशवाहा, आकाश सिन्हा, विकास कुमार, सोहन प्रसाद, मदन राम, सुचित कुमार, मनीष कुमार, नारायण पासवान, अजीत कुमार, मुन्ना कुमार, इमरान खान, नरेंद्र कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, मोहम्मद शहजाद खान, राजा खान, संजय भोजपुरी, मुन्ना खान, संजय कुमार सिन्हा, टुन्नू सिन्हा, महेंद्र चौहान, मथुरा चौहान, अशोक साहू, सोहन कुमार सिन्हा आदि लोगों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।



# नवादा : श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा आध्यात्मिक संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** समाज में वह बड़ा नहीं जिसके आगे सब छोटे हो, बड़ा वह है जिसके आने पर सबसे छोटा भी बड़ा बन जाए।

मन की समस्या का समाधान बाहर नहीं अपितु स्वयं के भीतर छिपा हुआ है। जब मन का दर्पण निर्मल होता है तो जगत भी स्वच्छ दिखायी देता है। मन को साफ़ करने का अगर कोई सर्वोत्तम साधन है तो वह सत्संग है। गुरु चरणों की रज से भी मन स्वच्छ होता है। श्री गुरु चरण सरोज रज निज मन मुकुर सुधारि, मन स्वच्छ हो तो परमात्मा दृष्टि गोचर हो जाता है। उक्त बातें गांधी स्कूल के प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दौरान स्वामी प्रभंजना नंद जी महाराज ने कही। शिवलिंग कोई पत्थर या धातु नहीं है, वह अनादि प्रकाश का प्रतीक है। जिसने समस्त सृष्टि लय होकर पुनः जन्म लेती है। भक्ति यहां ज्ञान में रूपांतरित होती है और साधक अपने भीतर ही कैलास का अनुभव करता है। श्रीमद्भागवत महापुराण अत्यंत पवित्र एवं बैकुंठ लोक प्रदाता ग्रंथ है। इसमें भगवान कृष्ण के स्वरूप, उपासना, बतत्वज्ञान तथा भक्ति के रहस्यों का अद्भुत वर्णन मिलता है । मानवता का संचार कर प्रभु के श्री चरणों में भक्ति का अलख जगाने वाली ग्रंथ श्रीमद्भागवत है। जब किसी के संगत मात्र से ही आपके विचार शुद्ध होने लगे तो समझ जाना यही महात्मा है। जीवन का गूढ़ संदेश है यह है कि असत्य चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, अंततः सत्य ही विजयी होता है।

रावण दहन केवल एक पुतले का दहन नहीं, यह हमारे भीतर के अहंकार, क्रोध और लोभ के नाश का प्रतीक है। सत्संग हमें सिखाता है कि धर्म के पथ पर चलने वाला व्यक्ति कभी हारता नहीं, उसकी विजय शाश्वत होती है। आज के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सत्य, साहस और करुणा को अपनाएं और बुराई को सदैव पराजित करें।

# माप-तौल विभाग में जागरुकता शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला के माप-तौल विभाग द्वारा बुधवार को नवादा हिसुआ रोड सोभिया पर के समीप कार्यालय में जागरुकता शिविर आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक के रूप में माप-तौल विभाग के सेवानिवृत्त पदाधिकारी अशोक कुमार अम्बष्ट, सहायक नियंत्रक अरूण कात्यायन, माप-तौल निरीक्षक एस एम करीम, उप-परियोजना निदेशक (आत्मा) उपेन्द्र कुमार एवं सेल्स ऑफिसर आदित्य पाठक उपस्थित थे। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता को हमेशा जागरूक होकर तरल अथवा ठोस पदार्थ की खरीदारी करनी चाहिए। ताकि वह भविष्य में ठगी का शिकार ना हो सकें। उपभोक्ता थोडी सस्ती की चक्कर में गलत वस्तु की ख़रीदारी कर लेते हैं, जिसके कारण उन्हें बाद में पछताना पङता है। सहायक नियंत्रक अरूण कात्यायन ने बताया कि जिस उपभोक्ता को इलेक्ट्रॉनिक तराजू की खरीदारी करना रहे, वो हमेशा अनुज्ञप्तिधारी डीलर से हीं उसकी खरीदारी करें। ताकि भविष्य में कोई शिकायत मिलने पर उक्त डीलर के खिलाफ कार्रवाई किया जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता के सुरक्षा के लिए विभाग हमेशा तत्पर है। शिविर में उपस्थित पेट्रोल पंप के प्रोपराइटरों से भी जानकारी ली गई। मौके पर निगार ट्रेडर्स के प्रोपराइटर मो0 आरिफ,हर-हर महादेव इंटरप्राइजेज के राकेश रौशन, चक्रपानी फ्यूल स्टेशन के मथुरा यादव, कृष्णा राज ट्रेडिंग के लोकेश कुमार, शांति मेहता किसान सेवा केन्द्र के अरूणजय मेहता, आदित्य फ्यूल स्टेशन के अजीत कुमार, मां गायत्री फ्यूल स्टेशन के रजनी कुमारी, शिव शक्ति पेट्रोल प्वाइंट के ज्योति कुमारी सहित विभाग के प्रमोद कुमार अखौरी, पंकज कुमार एवं पिन्टु सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# राजगीर महोत्सव की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

## राजगीर महोत्सव 19 से 21 दिसंबर
## महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु 32 कोषांगों का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** पर्यटन विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, नालन्दा के तत्वाधान में राजगीर महोत्सव-2025 का आयोजन आगामी 19 से 21 दिसंबर तक राजगीर में किया जाना है। इसी परिपेक्ष्य में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा राजगीर महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु 32 कोषांगों का गठन कर कार्य एवं दायित्व संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को सौंपी गई है। शहीद हरदेव भवन के सभागार में आहूत बैठक में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी तथा वरीय पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि व्यक्तिगत अभिरूची लेकर गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजगीर महोत्सव-2025 को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। राजगीर महोत्सव-2025 के अवसर पर विभिन्न कार्यों यथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामश्री मेला, कृषि मेला, पुस्तक मेला एवं अन्य कार्यों को ससमय सम्पन्न कराने हेतु फर्म/एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से कर ली गई है। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राजगीर महोत्सव के सफल आयोजन हेतु अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का ससमय निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

# एसडीओ ने नए विद्युत सब-स्टेशन के लिए चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ में बिजली ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ ने बाबा मणिराम अखाड़ा के पास प्रस्तावित नव विद्युत पावर सब-स्टेशन के लिए चिन्हित भूमि का बुधवार को निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित जगह की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग और तकनीकी आवश्यकता से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो, इसके लिए पूर्व तैयारियां समय से पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल बिहारशरीफ और अंचल अधिकारी, बिहारशरीफ भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि नए सब-स्टेशन के निर्माण से इस इलाके में बिजली की ओवरलोडिंग और कम वोल्टेज की समस्या में सुधार आएगा। स्थानीय लोगों के बीच पावर सब-स्टेशन को लेकर काफी उम्मीद है, क्योंकि इसके चालू होते ही क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पहले से अधिक स्थिर और सुचारू होने की संभावना जताई जा रही है।

# मेधा दिवस समारोह में डीएम सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित “मेधा दिवस” समारोह में नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार को प्रशस्ति पत्र, आइपैड एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 के स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं सफल संचालन, उत्तरपुस्तिकाओं के बारकोडिंग कार्य तथा मूल्यांकन कार्य में जिला प्रशासन नालन्दा द्वारा दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। मेधा दिवस का आयोजन भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर पटना स्थित ज्ञान भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जिला पदाधिकारी नालन्दा को प्रशस्ति पत्र, आई-पैड एवं मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान को नालन्दा जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा संचालन में पारदर्शिता, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में मिली महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। नालन्दा प्रशासन द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को इस सम्मान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।




# 55 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पुलिस महानिरीक्षक, पटना प्रक्षेत्र के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत नालंदा पुलिस ने मंगलवार की रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित कुल 55 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिले के सभी थानों में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गंभीर अपराधों में शामिल आरोपितों पर त्वरित कार्रवाई करना था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपितों में हत्या के प्रयास से जुड़े 9, पॉक्सो एवं बलात्कार मामलों में नामजद 3, छिनतई के 1 तथा कुल 35 वारंटियों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त लंबित 50 वारंटों का निष्पादन भी किया गया, जो पुलिस की सक्रियता और अभियान की सफलता को दर्शाता है। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात पुलिस टीमों ने रातभर छापेमारी की। कई अभियुक्त जो लंबे समय से फरार चल रहे थे, उन्हें भी दबोच लिया गया। पुलिस की इस तत्परता ने अपराध जगत में खलबली मचा दी है, जबकि स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। अधिकारी बताते हैं कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि जिले में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। नालंदा पुलिस का यह अभियान व्यापक स्तर पर प्रभावी साबित हुआ है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-397, दिनांक 01.12.2025। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** (i) साहिबगंज स्टेशन में धरोहर ढांचे के संबंध में बंगला सं. 2ए, 2बी एवं 88 का सुधार एवं नवीनीकरण कार्य। (ii) साहिबगंज स्टेशन में धरोहर ढांचे के संबंध में साहिबगंज इंस्टीट्यूट का सुधार एवं नवीनीकरण कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 85,82,609.98; **बयाना राशिः** रु. 1,71,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 16.12.2025 से 30.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट :** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** तथा सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-250/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जहरीला हुआ गयाजी डैम, मिनी पितृपक्ष मेले पर मंडराया संकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** पितृपक्ष मेले की समाप्ति के करीब चार महीने बीत जाने के बाद भी गयाजी डैम की सफाई नहीं की गयी है जिसके कारण जल अत्यधिक विषाक्त हो गया है। नियमित सफाई बंद रहने से काई की मोटी परत जम चुकी है। इसी स्थिति में पांच दिसंबर से गयाजी में पौष सह मिनी पितृपक्ष मेला शुरू हो रहा है। गयापाल पंडा समाज का अनुमान है कि इस बार देश के विभिन्न राज्यों से पांच लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे। पंडा समाज ने सवाल उठाया है कि इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु पितरों का तर्पण और पिंडदान विषाक्त जल में कैसे कर पायेंगे। पौष मास में प्राचीन काल से यह मेला आयोजित होता आया है तथा इस वर्ष भी 40 दिनों तक चलेगा। इसका समापन 14 जनवरी को मकर संक्रांति के साथ होगा। पंडा समाज का कहना है कि पूरे देश में अच्छी वर्षा और कृषि उत्पादन बेहतर होने से इस बार तीर्थयात्रियों की संख्या और बढ़ सकती है। अधिकतर श्रद्धालु एक दिनी या तीन दिनी पिंडदान करते हैं। पिंडदान से जुड़े सामानों की स्थानीय स्तर पर खरीदारी से शहर और जिले की अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ होता है। ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे व्यापारी भी मेले में दुकानें लगा कर अपनी आजीविका चलाते हैं। मिनी पितृपक्ष मेला होने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं की उचित व्यवस्था नहीं की जाती। पंडा समाज ही अपने यजमानों के लिए आवासन, सफाई और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करता है। पूर्व में संवास सदन समिति इन कार्यों में सक्रिय रहती थी, लेकिन अब यह व्यवस्था नहीं रह गयी है। इस बार डैम का जल विषाक्त होने से श्रद्धालुओं को अतिरिक्त कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में पीटीएम का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अनुशासन एवं करियर से संबंधित मार्गदर्शन पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना था।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पीटीएम के माध्यम से छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने छात्रों की प्रदर्शन रिपोर्ट प्रस्तुत की और अभिभावकों से विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने भी महाविद्यालय द्वारा की जा रही शैक्षणिक और तकनीकी पहल की सराहना की तथा कई रचनात्मक सुझाव भी दिए।

# प्रेम कुमार का विधानसभा अध्यक्ष बनना गयाजी के लिए गौरव की बात : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद गया विधानसभा के विधायक डॉ प्रेम कुमार से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने अंग-वस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल गया के लिए नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव और सम्मान का क्षण है। डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि गया की पवित्र धरती का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ प्रेम कुमार ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में सेवा, विकास और समर्पण की निरंतर मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर रहते हुए डॉ प्रेम कुमार ने सदैव ईमानदारी, स्वच्छ राजनीतिक व्यवहार और जनहित के प्रति अटूट निष्ठा के साथ काम किया है और यही मूल्य उन्हें आज बिहार विधानसभा के सर्वोच्च पद तक लेकर आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार नौ बार विधायक चुने जाने की ऐतिहासिक उपलब्धि को और अधिक गौरवपूर्ण बनाते हुए डॉ प्रेम कुमार अब विधानसभा में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, विधायी प्रक्रिया की गरिमा और सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके अनुभव, शांत नेतृत्व और संतुलित कार्यशैली से सदन में अधिक सकारात्मक, रचनात्मक और विकास केंद्रित वातावरण स्थापित होगा। इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और मतदाता का गौरव है। उन्होंने कहा कि 1990 से जनता के निरंतर स्नेह और विश्वास ने ही उन्हें इस पद तक पहुंचाया है। उन्होंने गया की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और सजगता के साथ निभाएंगे। स्वागत करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद और संतोष ठाकुर शामिल रहे।

## जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधा दिवस 2025 के अवसर पर भागलपुर के जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार बिहार तथा अपर मुख्य सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर जिले के सभी अधिकारियों, कर्मियों और आमलोगों में हर्ष देखा जा रहा है और सभी ने जिलाधिकारी को बधाई दी है।

## प्रेम कुमार का विधानसभा अध्यक्ष बनना अति पिछड़ों के सम्मान की नयी राह : प्रेम रंजन पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष पद पर प्रेम कुमार का चयन सिर्फ एक औपचारिक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अति पिछड़ा वर्ग के सम्मान, प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण की दिशा में एनडीए सरकार का एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि यह फैसला स्पष्ट रूप से बताता है कि एनडीए की राजनीति केवल सत्ता संचालन तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास की वास्तविक प्रतिबद्धता पर आधारित है। पटेल ने कहा कि बिहार में अति पिछड़ा वर्ग की बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद लंबे समय तक विपक्षी दलों ने उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा से दूर रखा जबकि केवल वोटबैंक के रूप में उपयोग किया जाता रहा। प्रेम कुमार का विधानसभा अध्यक्ष पद पर चुना जाना पुरानी राजनीतिक संरचनाओं और उपेक्षा की मानसिकता को तोड़ने वाला निर्णय है। इससे इबीसी समाज में आत्मविश्वास बढ़ेगा और युवा नेतृत्व को यह संदेश मिलेगा कि योग्यता, मेहनत और निष्ठा का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि एनडीए ने इस निर्णय के माध्यम से यह साबित किया है कि बिहार की राजनीति अब परिवारवाद, तुष्टिकरण और जातिगत सीमाओं से आगे निकलकर प्रतिभा और कार्य संस्कृति को प्राथमिकता दे रही है। प्रेम कुमार का लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और सरल कार्यशैली उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक रूप से उपयुक्त बनाती है। उनके नेतृत्व में विधानसभा की गरिमा और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा सदन की कार्यवाही अधिक पारदर्शी, प्रभावी और विकासोन्मुख होगी। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि यह निर्णय आने वाले समय में बिहार की राजनीति के एक नए युग की शुरुआत है जहां सामाजिक संतुलन और समावेशी नेतृत्व की भूमिका और मजबूत होगी। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले के बाद अति पिछड़ा समाज खुद को अधिक सम्मानित, सुरक्षित और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से परिपूर्ण महसूस कर रहा है।

## ट्रक से 2032 लीटर अवैध शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना पुलिस ने चतरा मोड़ के पास गुप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक को रोककर उसमें लदी बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। ट्रक से 240 कार्टन पाउच में कुल 2032 लीटर शराब जब्त की गई। यह खेप झारखंड के हजारीबाग से वैशाली ले जाई जा रही थी। मौके पर पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है। पहला अरविंद कुमार, ग्राम समीरगंज, थाना चेहराकला, महुआ, जिला-वैशाली दूसरा मिथलेश कुमार, रेवा गांव, सलैया थाना, जिला-मुजफ्फरपुर पुलिस के अनुसार ट्रक में शराब को छुपाकर बिहार में खपाने की तैयारी थी। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में पाउच पैक विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने ट्रक सहित पूरी खेप जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

## गया जिले की टॉपर जूही कुमारी को मिला राज्यस्तरीय उत्कृष्टता सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** +2 उच्च विद्यालय अमारूत, डोभी (गया) की मेधावी छात्रा जूही कुमारी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित उत्कृष्टता सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह गांधी मैदान पटना स्थित ज्ञान भवन में आयोजित हुआ। जूही कुमारी, पिता अरविंद कुमार प्रजापति ने माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2025 में गया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसी उपलब्धि के लिए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव आनंद किशोर तथा प्रो. अजय घटक द्वारा जूही को प्रशस्ति-पत्र एवं 20,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

### शपथ पत्र

मैं दुर्गावती देवी उर्फ सुनीता देवी उम्र 43 वर्ष पति-उमेश कुमार सिंह उर्फ उमेश सिंह, ग्राम+पो. गोसलडीह, थाना-सूर्यपुरा, जिला-रोहतास (बिहार) का स्थायी निवासी हूं, मैं भारतीय महिला हूं, मैं हिन्दू धर्म को मानती हूं। मैं सत्यनिष्ठ पूर्वक बयान करती हूं कि मैं अपने नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पालिसी करवाई थी जिसका पालिसी नं.-513137685 है, इसमें मेरा नाम दुर्गावती देवी पति-उमेश कुमार सिंह है ।

मेरा आधार नं.-845938350862 तथा पैन कार्ड नं. डी.एन.भी.पी.डी. 4242 एल है, इन दोनों पर मेरा नाम सुनीता देवी पति उमेश सिंह है।

मैं दुर्गावती देवी उर्फ सुनीता देवी दोनों मेरा ही नाम है, मैं दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 21619 दिनांक 24.11.25

**शपथकर्ता**
**दुर्गावती देवी उर्फ सुनीता देवी**

### एक नजर

## मारपीट व एससी/एसटी एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (गया)।** थाना क्षेत्र में मारपीट व अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार से जुड़े मामलों में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को पचाड़ी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने मारपीट के आरोपी मोती यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि एससी/एसटी एक्ट से जुड़े मामले में वांछित आरोपी राजेंद्र यादव, ग्राम गोपालपुर निवासी को भी उसके घर पर छापेमारी कर पकड़ा गया। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में दुल्हन मंदिर मोहल्ला निवासी अजय प्रसाद को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पूर्व से ही गिरफ्तारी वारंट लंबित था। लगातार कार्रवाई के तहत पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधि सम्मत प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में अभियान जारी रहेगा।

## एक ही रात आठ दुकानों में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** बाजार के स्टेशन रोड स्थित आठ दुकानों में मंगलवार की देर रात स्थानीय चोरों ने दुकानों के पीछे से लगातार आठ दुकानों में सेंध मारकर एवं कुछ दुकानों में खिड़की एवं दरवाजा तोड़कर दुकानों के गल्लों में रखे कुल मिलाकर हजारों रूपए का चोरी कर लिया। इन दुकानों में आटा एवं तेल मिल, नाई दुकान, गल्ला दुकान एवं मिठाई दुकान सम्मिलित है। पीड़ित दुकानदार पिन्टू साव, मुन्ना साव, संजीत गुप्ता, रिंकू साव, उमेश चंद्रवंशी, संजय साव, रंजीत ठाकुर, सुरेश अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार की देर शाम हमलोग दुकानों को बंद कर अपना-अपना घर नित्य की भांति चले गए थे। बुधवार की सुबह जब देखा तो कुछ दुकानों के पीछे दुकानों में सेंध मारकर एवं कुछ में खिड़की तथा दरवाजा तोड़ कर गल्ले में रखे हल्के फुल्के पैसों को चुरा लिया गया है।

## विंटर मेंटेनेंस को लेकर कोंच में तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** विंटर मेंटेनेंस कार्य को देखते हुए गुरुवार को तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक मेंटेनेंस के कारण पावर कट रहेगा। उन्होंने कहा कि गोह से आंती तक 33 हजार वोल्ट लाइन से आपूर्ति की जा रही है जिसमें विंटर मेंटेनेंस का कार्य निर्धारित है। इसी कारण निर्धारित अवधि में बिजली बंद रहेगी। अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। पावर कट को लेकर स्थानीय लोगों को पहले ही सूचित कर दिया गया है ताकि आवश्यक तैयारियां की जा सके। बिजली विभाग का दावा है कि मेंटेनेंस से आगामी दिनों में बेहतर और बाधा रहित आपूर्ति मिल सकेगी।

## दहेज हत्या का मामला, तीन पर नामजद प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के प्रधाना गांव में पंखे के हुक से फांसी लगाकर हुई महिला की संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। मृतका की मां रीना देवी ने आवेदन देकर आरोप लगाया कि दहेज को लेकर उसकी बेटी की हत्या की गई है। आवेदन में मृतका के पति, सास और ससुर तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। स्थानीय थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मां द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर तीनों आरोपितों पर दहेज हत्या सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पूर्व जिप अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** पूर्व जिप अध्यक्ष व वर्तमान जिप सदस्य करुणा कुमारी ने मंगलवार को बिहार सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ और विकास संबंधी कई बिंदुओं पर संक्षिप्त चर्चा हुई। करुणा कुमारी ने डिप्टी सीएम को गया जिले में चल रही योजनाओं और स्थानीय समस्याओं की जानकारी दी तथा क्षेत्र में तेज गति से विकास कार्य कराने का आग्रह किया। सम्राट चौधरी ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनता के हित में लगातार कार्य करने का भरोसा दिया। इस मौके पर अतिपिछड़ा आयोग के सदस्य अमित कुमार दांगी, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी ने करुणा कुमारी की पहल की सराहना करते हुए इसे जिले के विकास के लिए सकारात्मक कदम बताया।

## कृषि मंत्री ने किया मीठापुर के विभिन्न संभागों का स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कृषि भवन, मीठापुर अवस्थित कृषि विभाग के विभिन्न संभागों का भ्रमण कर किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया एवं कार्यपद्धति से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने सभी संभागों में संचिकाओं को सुव्यवस्थित करने का निदेश दिया। इस दौरान प्रधान सचिव, कृषि विभाग पंकज कुमार द्वारा संभागों द्वारा सम्पादित कार्य एवं उपस्थित पदाधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव बीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, बिहार राज्य बीज निगम के प्रबंध निदेशक स्पर्श गुप्ता सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने कृषि भवन, पटना में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) पर चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवादा एवं गया जिला से आये किसानों को सम्बोधित किया। मंत्री द्वारा किसान कॉल सेन्टर का भी भ्रमण किया गया। उन्होंने किसान कॉल सेन्टर के माध्यम से किसानों की समस्याओं का किये जा रहे समाधान पर विस्तृत जानकारी ली। प्रधान सचिव ने मंत्री को अवगत कराया कि किसान कॉल सेन्टर 02 सिफ्ट में संचालित किया जाता है। यहां कार्यरत सभी टेली एडवाईजर कृषि विशेषज्ञ है। किसानों के द्वारा पूछे गये प्रश्न का उत्तर स्थानीय भाषा में दिया जाता है।


### पूर्व रेलवे

सं.: ओ/एसी/टी/116-118/25-26 (ओपन), दिनांक 03.12.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-116-25-26; कार्य का नाम: मधुपुर-गिरिडीह अनुभाग में कृष्ण बल्लभ सहाय हॉल्ट स्टेशन एवं महेशमुंडा स्टेशन के बीच सिजुआ में नए हॉल्ट स्टेशन हेतु खुली निविदा। निविदा मूल्य : रु. 1,83,12,841.65। बयाना राशि: रु. 2,41,600; कार्य हेतु समापन अवधि: 12 महीने। क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-117-25-26; कार्य का नाम: सीनि. डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/एचक्यू/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में आसनसोल में ऑफिसर्स कॉलोनी के दखल में बदलाव के लिए मरम्मत तथा नवीनीकरण हेतु खुली निविदा। निविदा मूल्य : रु. 69,86,491.78। बयाना राशि: रु. 1,39,700; कार्य हेतु समापन अवधि: 09 महीने। क्रमांक 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-118-25-26; कार्य का नाम: सीनि. डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/एचक्यू/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में आसनसोल रेलवे कॉलोनी में पैदल मार्ग के प्रावधान के साथ ट्रैफिक कॉलोनी रोड में सुधार हेतु खुली निविदा। निविदा मूल्य : रु. 80,83,485.56। बयाना राशि: रु. 1,61,700; कार्य हेतु समापन अवधि: 06 महीने। बंद होने की तारीख एवं समय : प्रत्येक के लिए 29.12.2025 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। (ASN-264/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/ MEDININAGAR/B.D/S.L.I.-05 /2025-26**
**Letter no:- 557Date:- 02/12/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- | Construction of Baliyari Mukhyamantri Solar Lift Irrigation Scheme at Vill:-Baliyari, G.P:-Naugarh, Block:-Tarhasi, (Palamu) |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1 ,38,65,900=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,38,659=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 13.12.2025,Time :-04 .00PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: -27.12.2025 , Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date: 13 .12.2025 , Time :-04 .00PM Last Date:- 27. 12.2025 , Time :- 04.00PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 29 .12.2025 , Time: - 05 .00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Medininagar |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer (b) e-mail of e-Procurement Officer | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651–2214784 |

**Note:- Estimated Cost May Decrease or Increase.**

➢Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢**Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Medininagar**

PR 367585 (Minor Irrigation)25-26*D

### योजना एवं विकास विभाग
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।

बिहार सरकार

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 15/SBD/2025-26**

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि/ परिमाण–विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (ऑन लाईन मोड या ऑफ लाईन मोड में केवल B.G. के रूप में) (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | औरंगाबाद जिला मुख्यालय में योजना भवन का निर्माण कार्य। | 1488.00 | 29.76 | 10000.00 | eproc2 website के अनुसार | 14 |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 01.12.2025
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक की तिथि एवं समय : दिनांक 16.12.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 13.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विरवेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 22.12.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन( निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद )
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।**

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 018691 ( Planning ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संपादकीय

# एसआईटी रिपोर्ट में निहित चेतावनी

मध्य प्रदेश में 'लव जिहाद' और धर्म परिवर्तन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल जून तक ही ऐसे मामलों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी थी। साल 2021 से जून 2025 के बीच प्रदेश में धर्म परिवर्तन के कुल 305 मामले दर्ज हुए। इनमें से 236 लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराने के हैं। यानी 77 फीसदी मामलों में धर्म परिवर्तन लव जिहाद के जरिए कराया गया। स्टेट एसआईटी (विशेष जांच दल) की यह रिपोर्ट न सिर्फ चौंकाने वाली है बल्कि चेतावनी भी देती है कि इस पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालात नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। दूसरे, ज्यादातर ऐसे मामलों में आरोपी कोर्ट में बरी हो रहे हैं, क्योंकि पीड़िताएं कोर्ट में मुकर गई है। ऐसे में यह समस्या सामाजिक, मानसिक और राजनीतिक तीनों है। शुरू में लव जिहाद को महज जुमलेबाजी कहकर खारिज किया गया। जमायत उलेमा ए इस्लाम के चीफ मौलाना असद मदनी तो अब भी यही कहकर सचाई पर परदा डालने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और कह रही है। ऐसा लगता है लव जिहाद के नाम पर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनको बर्बाद करने का मानो कोई अघोषित अभियान चलाया जा रहा है। एसआईटी की रिपोर्ट इसी बात का खुलासा करती है। गौरतलब है कि इस एसआईटी का गठन भोपाल में कॉलेज छात्राओं से सामने आए हाईप्रोफाइल लव जिहाद मामले के बाद मई में हुआ था। एसआईटी ने उन शहरों की भी मैपिंग की है जहां धर्म परिवर्तन के मामले ज्यादा हो रहे हैं। इसमें 88 केस के साथ इंदौर टॉप पर है और भोपाल दूसरे नंबर पर। हालांकि तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साढ़े चार साल में ऐसे सिर्फ 7 मामलों में सजा हुई है, जबकि 51 में आरोपी बरी हो गए। इसकी मुख्य वजह पीड़िता ने खुद आरोपी से प्रेम संबंध की बात कबूली है। 162 मामले न्यायालय में अब भी विचाराधीन हैं। अधिकांश मामलों में मुस्लिम आरोपियों ने अपना नाम हिंदू रखकर और शुरू में खुद को हिंदू बताकर हिंदू लड़कियों को फंसाया। वीडियो बनाए। चैट किए। बलात्कार किया। लड़की के पूरी तरह जाल में फंसने के बाद अपना असली रूप दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल किया कि वो भी मुसलमान बनें। विरोध करने पर लड़कियों को बुरी तरह प्रताड़ित किया। विधर्मी युवाओं के चक्कर में फंसने के बाद ज्यादातर लड़कियों के पास लौटने का रास्ता नहीं बचा। परिवार ने भी उन्हें अकेला छोड़ दिया। ऐसे में मुसलमान बनने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं बचा। ऐसी लड़कियों का कॅरियर और सामाजिक जीवन बर्बाद हो गया। वैसे भी निकाह करने के लिए धर्म बदलना अनिवार्य है। वैसे किसी को भी प्रेम विवाह करने का हक है। लेकिन जोर जबरदस्ती और झूठी बातें कर किसी को फंसाना अपराध है। ऐसे कई मामलों में मां-बाप की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। लेकिन कोर्ट में पीड़िताओं से 'सहमति से सम्बंध' बनाने का हवाला देकर पुलिस को असहाय कर दिया। चूंकि ऐसा बयान देने वाली लड़कियां बालिग होती हैं, इसलिए कोर्ट उनके बयान पर ही विश्वास करती है। जबकि ऐसे बयान आमतौर पर भारी दबाव में दिए जाते हैं। प्रेम सम्बंधों की आड़ में धर्म परिवर्तन और हिंदू लड़कियों को बर्बाद करने का जो खेल चल रहा है, उसे रोकने के लिए पुलिस और कानून के साथ समाज को भी आगे आना होगा। लड़कियों की काउंसलिंग करनी होगी। वरना यह रोग नासूर का रूप ले लेगा। क्योंकि यह मामला अब केवल प्रेम सम्बंधों तक सीमित नहीं रह गया है। बल्कि एक व्यापक षड्यंत्र में तब्दील होता जा रहा है।

# संविधान दिवस रैली के आसरे चंद्रशेखर आजाद की हुंकार

**चंद्रशेखर आजाद ने मुजफ्फरनगर रैली के जरिए बहुजन एकता की ताकत का जो परिचय दिया उससे अन्य दलों में एक बेचैनी ज़रूर बढ़ी है। क्योंकि पश्चिमी उत्तरप्रदेश में करीब आठ जिले ऐसे हैं (मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बागपत, नोएडा, गाजियाबाद और बिजनौर) जिनमें लगभग 42 विधानसभा सीटें है। यानी ज्यादातर सीटों पर दलित-अल्पसंख्यक समुदाय का वोट बैंक काफी निर्णायक साबित होता हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मुज़फ्फरनगर जिला आजाद समाज पार्टी को एक बड़ी ऑक्सीजन देने का काम कर सकता हैं। आजाद समाज पार्टी की मुज़फ्फरनगर रैली को ऐतिहासिक माना जा रहा हैं। भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी प्रमुख ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान खतरे में है।**

**डॉ. ललित कुमार**

पश्चिम उत्तरप्रदेश का मुजफ्फरनगर जिला गुड़ मंडी के नाम से मशहूर जाना जाता है। मुजफ्फरनगर क्षेत्र में गन्ने का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। ऐसे में सर्दी का मौसम है और बिहार चुनाव की खुमारी भी सभी राजनेताओं के सर से उतर चुकी है। अब ज्यादातर राजनीतिक पार्टियां अपने अपने सूबे में दिलचस्पी दिखने में लग गयी हैं। पश्चिम उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में आजाद समाज पार्टी की संविधान दिवस के उपलक्ष में'संविधान अधिकार बचाओं और भाईचारा बनाओं' एक महारैली के जरिए करीब 50 लाख लोगों को संविधान दिवस की शपथ दिलाने का प्रण लिया गया। यह रैली बहुजन और अल्पसंख्यक समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर सबकी एकजुटता की मिशाल पेश करती हुई दिखती हैं। जिसमें राज्य की दूर-दराज के इलाकों से आए लाखों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करके संगठन को मजबूत करने की ओर इशारा किया। यह रैली मुस्लिम समाज के लोगों में एक बड़े बदलाव का संकेत देती हुई दिखती है। साथ ही साथ बहुजन संगठन के पुराने कैडर में सेंधमारी को लेकर भी चिंता खड़ी करती हुई दिखती हैं, लेकिन आजाद समाज पार्टी फिर से पुराने कैडर को मजबूत के लिए बेताब है।

उत्तरप्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव होने में लगभग डेढ़ साल बाकी है, बिहार चुनाव से सबक लेकर सभी विपक्षी पार्टियां यूपी में अपनी सक्रियता बढ़ाने में लग चुकी हैं। बहुजन के मुद्दों की बात करने वाली और उनके हक में दिन-रात खड़ी होने वाली आजाद समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले के जीआईसी इंटर कॉलेज मैदान को नीले झंडे और कार्यकर्ताओं से पाट दिया। जहां हर कार्यकर्ता के मन में बहुत से सपने और उम्मीदों की नई किरण दिखी। इसलिए आजाद समाज पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में एक बेहतर विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। अब सवाल है कि बीएसपी और आजाद समाज पार्टी के वोटर



अगर बंट जाते है, तो नुकसान इसमें सबसे ज्यादा दलित समाज का ही होगा। फायदे में अन्य पार्टियां ही रहेंगे। क्योंकि यूपी की राजनीति में अगले साल बहुत से बड़ा बदलाव देखे जा सकता है।

चंद्रशेखर आजाद ने मुजफ्फरनगर रैली के जरिए बहुजन एकता की ताकत का जो परिचय दिया उससे अन्य दलों में एक बेचैनी ज़रूर बढ़ी है। क्योंकि पश्चिमी उत्तरप्रदेश में करीब आठ जिले ऐसे हैं (मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बागपत, नोएडा, गाजियाबाद और बिजनौर) जिनमें लगभग 42 विधानसभा सीटें है। यानी ज्यादातर सीटों पर दलित-अल्पसंख्यक समुदाय का वोट बैंक काफी निर्णायक साबित होता हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मुज़फ्फरनगर जिला आजाद समाज पार्टी को एक बड़ी ऑक्सीजन देने का काम कर सकता हैं। आजाद समाज पार्टी की मुज़फ्फरनगर रैली को ऐतिहासिक माना जा रहा हैं। भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी प्रमुख ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान खतरे में है। संविधान हमें बोलने और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन अगर कोई किसी के हक की आवाज उठाता है तो उसके घर पर बुलडोजर चला दिया जाता है। आजाद समाज पार्टी प्रमुख यही नहीं रुके उन्होंने इस ओर भी इशारा करते हुए कहा कि बहुजन समाज के देश में अच्छे दिन तब आएंगे जब सत्ता की चाबी यानी गुरु खिल्ली, बहुजन समाज के हाथों में होगी। साथ ही उन्होंने डबल इंजन सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा यह सरकार वंचित समाज की आवाज को दबाना चाहती है।

मुजफ्फरनगर की इस रैली में सहारनपुर, मेरठ और मुरादाबाद मंडल से लाखों की संख्या में जुटे सभी कार्यकर्ताओं को संविधान बचाने और भाईचारा बनाने की शपथ दिलाई गयी। आजाद समाज पार्टी ने संविधान विरोधी ताकतों को चेताया की भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी अपने इस समाज के लिए एक दीवार बनकर खड़ी रहेगी। चंद्रशेखर आजाद ने साहब कांशीराम के नारों को दोहराते हुए कहा कि आरक्षण से लेंगे एसपी-डीएम और वोट से लेंगे सीएम-पीएम। यानी इस रैली का पूरा पुरजोर ज्यादातर आरक्षण विरोधी ताकतों के खिलाफ एक बड़ा जुटान माना जा रहा हैं। जिसकी अगुवाई करती आजाद समाज पार्टी बहुजन समाज को एक राजनीतिक चेतना एवं देश में होने वाले जातिवादी और संवैधानिक संस्थाओं पर होने वाले हमले के खिलाफ एकजुट खड़ी होती हुई दिख रही है। महारैली का मीडिया कवरेज- आजाद समाज पार्टी की इस रैली का कवरेज को जब मैं देख रहा था, तो उसे करीब 30 से ज्यादा यू-ट्यूब चैनल लाइव कवर कर रहे थे। दलित-बहुजन रैली में तकनीकी खराब हुई के कारण रैली का लाइव कवरेज जिस तरीके से किया गया, वह बहुत ही चिंता का विषय है। आजाद समाज पार्टी की इस रैली को देखकर लगता है कि सरकार बहुजन राजनेताओं की आवाज को सही से जनता तक नहीं पहुंचाना जाती। लेख लिखते मैंने पाया कि इस रैली की कवरेज से मेनस्ट्रीम मीडिया का कोई भी चैनल लाइव नहीं दिख रहा था और न ही किसी चैनल पर इस रैली को लेकर कोई चर्चा होती हुई नही दिखी। मैंने पाया कि ज्यादातर वैकल्पिक मीडिया सुबह से इस रैली की हर पल का अपडेट दिखने में लगा हुए थे। जिसमें लगभग 30 से ज्यादा यूट्यूब चैनलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करके इस रैली को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। यानी इससे साफ देखा जा सकता है कि बहुजन समाज की रैली को मेनस्ट्रीम मीडिया ने कितनी गंभीरता से लेता है। मुख्यधारा मीडिया कैसे एडवोकेसी तरीकों से चीजों की कवरेज करती है। इस रैली में यह भी सामने आया है। कवर करने वाले ज्यादातर ऐसे यूट्यूब चैनल बहुजन वैचारिकी को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। जिन्होंने रैली की कवरेज करके उसे सफल बनाने में एक अहम योगदान दिया हैं। जिनमें जंग-ए-समाचार टीवी, जनतंत्र खबर, अमरीश बालियान, देसी टीवी भारत, हिंदुस्तान 24 बेधड़क, अंबेडकर पीपल्स वॉइस, नेशनल दस्तक, ब्रेकिंग न्यूज़ वाला, आजाद दस्तक टीवी, बहुजन साथी, भीम आर्मी ऑफिशल, आदिवासी समाचार, आवाज इंडिया टीवी, भास्कर समाचार, देखो बहुजन दिशा, सच लोक, न्यू गंगा, द पिलर, तथागत लाइव और वरुण ओबराय व्लोग जैसे तमाम यू-ट्यूब चैनल इस कवरेज की दिखने में लगे रहे। जब इन सभी यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर की संख्या रिसर्च की तो पता चला ज्यादातर यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर की संख्या लाखों में है। यानी इन सब यू-ट्यूब चैनल के बदौलत ही रैली का कवरेज लाखों करोड़ों लोगों तक पहुंचा। ऑनलाइन के इस ज़माने में अब कोई भी दृश्य जनता की नज़रों से ओझल नहीं हो सकता। इसलिए वैकल्पिक मीडिया ने दिखा दिया कि जो काम मुख्यधारा का मीडिया नही कर सकता उससे कहीं ज्यादा काम वैकल्पिक मीडिया कर रहा है। अब ऐसे में देखना होगा कि मुज़फ्फरनगर की यह रैली आजाद समाज पार्टी के लिए कितना जनधार बढ़ाने में मदद करती है।

अध्यात्म

## आखिर कर्म ही महान है



एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था।

गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा।

बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे।

किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा।

अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है।

मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है। यदि किसान बीमार बैल को छोड़ कर मेरा प्रवचन सुनने को प्राथमिकता देता तो दवा के बगैर बैल के प्राण निकल जाते। उसके बाद तो मेरा प्रवचन देना ही व्यर्थ हो जाता। मेरे प्रवचन का सार यही है कि सब कुछ त्यागकर प्राणी मात्र की रक्षा करो। इस घटना के माध्यम से गांव वालों ने भी उनके प्रवचन का भाव समझ लिया।

# महिलाओं की पीड़ा चिन्ता का विषय

**हिंसा की शुरुआत हमेशा घावों और चीखों से नहीं होती। यह पहले मनोवैज्ञानिक बंधनों से शुरू होती है–तानों से, शक से, नियंत्रण से, आवाज़ दबाने से, निर्णय छीनने से और फिर धीरे-धीरे यह अपमान, मारपीट, यौन शोषण और मानसिक हिंसा का रूप ले लेती है। और जब स्त्री विरोध करती है, तो समाज उसी से सवाल करता है। उसे समझाया जाता है–'पति है, अधिकार है', 'घर की बात घर में रहे', 'थोड़ा सहन करो, सब ठीक हो जाएगा।' इस तरह धीरे-धीरे उसकी आवाज़, उसका आत्मविश्वास और उसका अस्तित्व खोने लगता है। लेकिन अब समय बदलने का नहीं, बदलाव लाने का समय है। स्त्री का कर्तव्य सहना नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीना है। उसे अनुमति नहीं, अधिकार चाहिए। उसे दया नहीं, समानता चाहिए। उसे चुप्पी नहीं, अपनी आवाज़ चाहिए।**

**श्याम कोलारे**

महिला समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि उसके बिना किसी भी सभ्यता, संस्कृति या समाज की कल्पना संभव नहीं है। महिला केवल एक शरीर नहीं, बल्कि भावनाओं का अथाह सागर, त्याग की प्रतिमूर्ति और प्रेम की वह शक्ति है जो घर, परिवार और समाज को जीवन देती है। वह बेटी बनकर आशा, बहन बनकर विश्वास, पत्नी बनकर साथ और माँ बनकर सृष्टि का आधार होती है। लेकिन इस महान भूमिका के बावजूद दुखद सच्चाई यह है कि वही स्त्री, जो दुनिया को जीवन देती है, आज भी हिंसा, अपमान और चुप्पी के बोझ तले दबी हुई है। समाज समानता, नारी सम्मान और आधुनिक सोच की बातें तो बहुत करता है, लेकिन जब बात वास्तविकता की आती है, तो स्त्री की स्थिति आज भी उतनी ही पीड़ादायक और चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट इस क्रूर सच्चाई को उजागर करती है कि भारत में करीब 30 प्रतिशत महिलाएं अपने पति या साथी द्वारा हिंसा का शिकार हुई हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, बल्कि लाखों टूटे सपनों, अनसुनी चीखों और मौन पीड़ा का प्रतीक है। रिपोर्ट के अनुसार 15 से 49 वर्ष की हर पांचवीं महिला मानसिक, आर्थिक, शारीरिक या यौन हिंसा सह रही है। यह वही आयु है जब महिलाएं जीवन निर्माण, आत्मसम्मान, परिवार और भविष्य की नींव रखती हैं, परंतु यही समय उनके लिए सबसे अधिक असुरक्षा और पीड़ा लेकर आता है।

इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में लगभग 84 करोड़ महिलाओं ने अपने जीवन में कभी न कभी पार्टनर द्वारा यौन हिंसा झेली है और यह आंकड़ा साल 2000 के बाद से लगभग स्थिर है, यानी दुनिया आधुनिक हो रही है, पर सोच और मानसिकता आज भी पिछड़ी हुई है। अगर नॉन-पार्टनर की बात करें तो दुनियाभर में 15 से 49 वर्ष की उम्र की लगभग 8.4 प्रतिशत महिलाओं ने किसी अजनबी या परिचित के द्वारा यौन हिंसा का सामना किया है, वहीं भारत में यह आंकड़ा लगभग 4 प्रतिशत है। यह रिपोर्ट 168 देशों के 2000 से 2023 तक के डेटा पर आधारित है और इसे महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाप्ति के अंतरराष्ट्रीय दिवस (25 नवंबर) से पहले जारी किया गया। रिपोर्ट यह भी बताती है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने में सुधार की गति बहुत धीमी है और 2030 तक इसे समाप्त करने का लक्ष्य लगभग असंभव प्रतीत होता है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2022 में वैश्विक सहायता फंड में से केवल 0.2 प्रतिशत धन महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने वाले कार्यक्रमों पर



खर्च किया गया और यह राशि 2025 में और भी कम हो गई है। जबकि दूसरी तरफ युद्ध, मानवीय संकट, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अस्थिरता महिलाओं के लिए हिंसा का खतरा और बढ़ा रही हैं।

हिंसा की शुरुआत हमेशा घावों और चीखों से नहीं होती। यह पहले मनोवैज्ञानिक बंधनों से शुरू होती है–तानों से, शक से, नियंत्रण से, आवाज़ दबाने से, निर्णय छीनने से और फिर धीरे-धीरे यह अपमान, मारपीट, यौन शोषण और मानसिक हिंसा का रूप ले लेती है। और जब स्त्री विरोध करती है, तो समाज उसी से सवाल करता है। उसे समझाया जाता है–'पति है, अधिकार है', 'घर की बात घर में रहे', 'थोड़ा सहन करो, सब ठीक हो जाएगा।' इस तरह धीरे-धीरे उसकी आवाज़, उसका आत्मविश्वास और उसका अस्तित्व खोने लगता है। लेकिन अब समय बदलने का नहीं, बदलाव लाने का समय है। स्त्री का कर्तव्य सहना नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीना है। उसे अनुमति नहीं, अधिकार चाहिए। उसे दया नहीं, समानता चाहिए। उसे चुप्पी नहीं, अपनी आवाज़ चाहिए। अब आवश्यक है कि बेटियों को सिर्फ सजना-संवरना नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए बोलना, लड़ना और खुद का सम्मान करना सिखाया जाए। और बेटों को यह समझाना होगा कि स्त्री कोई वस्तु नहीं, बल्कि सम्मान, स्वतंत्रता और अधिकारों से पूर्ण मानव है। यह लेख केवल आंकड़ों का विश्लेषण नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं की आवाज़ है जो वर्षों से दर्द में भी जी रही हैं, जो टूटीं लेकिन झुकी नहीं, जिन्होंने दर्द सहा लेकिन उम्मीद नहीं छोड़ी। यह उन महिलाओं की पुकार है जो आज कह रही हैं–'अब और नहीं।' अगर आज समाज, व्यवस्था और सोच नहीं बदली, तो आने वाला समय और अधिक भयावह होगा। लेकिन यदि आज से जागरूकता, सम्मान और न्याय की दिशा में कदम बढ़ें, तो वह दिन दूर नहीं जब हर स्त्री भय में नहीं, बल्कि गरिमा, समानता और सुरक्षा के साथ जीवन जी सकेगी। क्योंकि जब स्त्री सुरक्षित होती है, तभी परिवार सुरक्षित होता है, जब परिवार सुरक्षित होता है, तब समाज मजबूत होता है, और जब समाज मजबूत होता है, तब एक सशक्त, संवेदनशील और समानता पर आधारित राष्ट्र जन्म लेता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप परोपकार के कार्यों में लगे रहेंगे। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमापन रहेगा, लेकिन काम में अच्छी गति रहेगी।

**वृषभ**
राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आयेगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं।

**मिथुन**
छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें। अनावश्यक बातों पर विचलित होने से बचें। युवा प्रेम सम्बन्धों को लेकर सावधान रहें। माता–पिता की अवहेलना न करें।

**कर्क**
आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर भी परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखें।

**सिंह**
घर के सभी सदस्य आपके ऊपर अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी अत्यधिक प्रशंसा करेंगे। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कन्या**
परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में उच्च पद प्राप्त होगा। रियल एस्टेट से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट सम्बन्धी और रिश्तेदार आ सकते हैं।

**तुला**
नये व्यवसाय की शुरुआत करने के लिये दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में विरोधियों के कारण परेशानी होगी। व्यर्थ की गतिविधियों में धन खर्च न करें।

**वृश्चिक**
आज परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे। व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है।

**धनु**
मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। मांगलिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हो सकते हैं। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर**
पति–पत्नी के बीच सम्बन्धों में दबाव महसूस होगा। समय रहते हुये मामलों को सुलझा लें। आवश्यक कार्य लम्बित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियाँ न निकालें।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन में सुधार होगा। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का कार्य करेंगे। कारोबारियों के लिये दिन बहुत शुभ है।

**मीन**
वैवाहिक जीवन में असन्तोष का भाव रहेगा। दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। माता–पिता की सेहत का ध्यान रखें। आपको आराम अवश्य करना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### नप के ईओ ने पांच सुपरवाइजरों से मांगा स्पष्टीकरण

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई व सडक किनारे कूडे-कचरा का समय पर उठाव नही होने पर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने पांच सुपरवाईजर से स्पष्टीकरण मांगा है. परिषद के स्वच्छता अधिकारी अर्पणा ने बताया कि नगर भ्रमण के दौरान सडक किनारे कूडे-कचरा फैला हुआ पाया गया था और कचरा का उठाव नही किया गया था. जिसको लेकर परिषद क्षेत्र के रूपसपुर से आरपीएस मोड के सुपरवाईजर गुड्डू कुमार, आरपीएस मोड से सगुना मोड के सुपरवाईजर कुंदन कुमार, बिस्कूट फैक्ट्री मोड से रामजीचक के सुपरवाईजर अमित कुमार, नप कार्यालय से बिस्कूट फैक्ट्री मोड के सुपरवाईजर कुंदन कुमार व प्रमुसनि संजय कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है. उन्होंने बताया कि एडम सफाई एजेंसी को सख्त निर्देश दिया गया है कि 40 वार्डों और सडक किनारे कूडे-कचरा का समय पर उठाव करने का को गया है. उन्होंने बताया कि परिषद क्षेत्र को साफ-सफाई, स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए परिषद प्रशासन प्रतिबद्ध है.

### बस पडाव पर नहीं लगेगा, सड़क पर ऑटो नहीं खड़ा किया जायेगा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को एसडीओ दिव्या शक्ति, एएसपी शिवम धाकड व छावनी परिषद के सीईओ सपन कुमार ने बस पडाव, मार्शल बाजार व अस्पताल मोड का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान



बस पडाव पर जाम को देखते हुए फल वाले ठेला नही लगाने का सख्त निर्देश दिया है और ऑटो भी सडक पर खडा नही करेंगे. स्टैंड में गाडी को खडाकर यात्रियों सवार करेंगे. अगर सडक पर गाडी खडाकर यात्रियों को सवार करते पकडे जाने पर जुमार्ना वसूला जायेगा. मार्शल बाजार में बन रहे चिल्ड्रेन पार्क का एसडीओ व एएसपी ने निरीक्षण किया. अस्पताल मोड डॉक्टर आवास के पास परती जमीन से दानापुर स्टेशन व पटना जंक्शन के लिए ऑटो का परिचालन किया जायेगा और मनेर -दाउदपुर व गांधी मैदान के लिए ऑटो स्टैंड से ऑटो का परिचालन किया जायेगा. सीईओ सपन कुमार ने बताया कि एसडीओ व एएसपी के साथ संयुक्त छावनी क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया जायेगा. परिषद क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा. परिषद क्षेत्र को स्वच्छ और जाम से लोगों को निजात दिलाया जायेगा. मौके पर परिषद के प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल, पप्पू कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे.

### बीडी कॉलेज ने टीपी एस कॉलेज को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के सेमीफाइनल मैच में बी डी कॉलेज पटना ने टी पी एस कॉलेज पटना को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में ए एन कॉलेज पटना ने एस जी जी एस कॉलेज पटनासिटी को हरा कर फाइनल म प्रवेश किया। फाइनल मैच 6 दिसंबर को ए एन कॉलेज पटना और बी डी कॉलेज पटना के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

### आठ माह से हवसपुर का जलापूर्ति पंप बंद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा के पतलापुर पंचायत में नल-जल योजना बेअसर साबित हो रही है. हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना कई वार्डों में धरातल पर असफल दिख रही है. पंचायत के वार्ड 5 में जलापूर्ति पंप पिछले आठ माह से बंद पडा हुआ है. जिससे लोगों कुआं व चापाकल का पानी पीने को विवश है. जिसको लेकर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य आरती देवी ने बीडीओ से लिखित शिकायत किया है. लिखित आवेदन में पंसस आरती देवी ने बताया कि पंप के ऑपरेटर गांव में नही रहता है. जिससे पंप चालू नही किया जाता है. उन्होंने बताया कि ऑपरेटर से फोन पर पूछने कहा कि ठेकेदार से बात करने को कहा गया. जब ठेकेदार से बंद पंप के बारे पूछने पर टल मटोल बात करता है. जिससे ग्रामीणों ठंडा के मौसम में शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है. राजद नेता मुस्कान कुमार यादव ने बताया कि पंप बंद रहने से गांव के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है. बीडीओ ने बताया कि जल्द ही पंप को चालू कराया जायेगा.

### संपतचक में दो दुकानों में लगी आग, फर्नीचर और टायर गोदाम जलकर खाक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के इलाहीबाग में बुधवार को फर्नीचर गोदाम और टायर गोदाम में अचानक आग लग गई. आग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अग्निशाम दस्ता बुलाकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है. आग लगने के बाद इलाके



में अफरातफरी मच गई और सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई. थानाध्यक्ष गोपालपुर ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन अभी नहीं हो सका है क्योंकि इस संबंध में अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है. जिस जगह आग लगी वहां पहले कबाड़ी का गोदाम था, जिसे बाद में फर्नीचर गोदाम में बदल दिया गया था. प्रारंभिक अनुमान है कि आग संभवतः बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी है.

# 530 अग्निवीर व 80 टेरिटोरियल जवानों ने ली देश सेवा की शपथ







**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरे रंग की वर्दी, उस पर लाल, हरा और पीले रंग की टोपी पहने जांबाज 'अग्निवीरों' का उत्साह देखते बन रहा था. गुलाबी ठंडे में बुधवार को सुबह अग्निवीर योजना के तहत बिहार रेजिमेंट सेंटर के परेड ग्राउड में छठवें बैच के 530 अग्निवीरों व 80 टेरिटोरियल जवान ने पासिंग आउट परेड के लिए मार्च किया. हाका द्वार से कदम से कदम मिलाते परेड मैदान पहुंचे तो सभी की निगाहे उनकी ओर चली गयी. परेड मैदान में उपस्थित अग्निवीरों के चेहरे पर भावी सेना का हिस्सा बनने की खुशी साफ झलक रही थी. अग्निवीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा



करने का वचन दिया.इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह उनके परिजन बने. रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने परेड का निरीक्षण किया और अत्यधिक कठिन प्रशिक्षण के बाद उच्च मानक हासिल करने के लिए उन्हें बधाई दी. उन्होंने कहा कि अग्निवीरों से तिरंगे के प्रति



अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखने और मातृभूमि की सेवा में कोई कसर न छोड़ने की अपील की. ब्रिगेडियर श्री बोरा ने कहा कि 31 सप्ताह की बेसिक और एडवांस मिलिट्री ट्रेनिंग को पूर्ण निष्ठा, लगन, ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ पूरा करने के लिए अग्निवीरों को बधाई दी.उन्होंने



कहा कि अग्निवीरों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि सेना में सेवा करने का अवसर केवल भाग्यशाली लोगों को मिलता है. उन्होंने उन नवसैनिकों में जोश भरते हुए कहा कि उन्हें जहां भी भेजा जाए, रेजिमेंट का नाम ऊंचा करना चाहिए. इससे पूर्व ब्रिगेडियर ने परेड



का निरीक्षण करते हुए सलामी ली. ब्रिगेडियर ने वेस्ट फायरिंग में अग्निवीर तापेश्वर सिदार, वेस्ट पीटी में अग्निवीर खुशहाल सिंह, वेस्ट ड्रील में अग्निवीर सुमंता मिंज व वेस्ट अग्निवीर सुमित कुमार सिंह को सम्मानित किया. साथ ही उनके मां-पिता को भी ब्रिगेडियर ने सम्मानित किया. अंतिम कदम उठाने के बाद, अग्निवीर नवसैनिकों ने देश की गरिमा, सुरक्षा और आवश्यकता पड़ने पर मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का त्याग करने की शपथ ली. धर्मग्रंथ के साथ सेना के धार्मिक मार्गदर्शकों ने उन्हें कसम दिलवाई.अग्निवीरों के माता-पिता, भाई-बहन और अन्य परिवारजन इस गौरवपूर्ण पल के साक्षी बने.मौके पर रेजिमेंट के डिप्टी कमांडेंट कर्नल तेजिंदर पाल सिंह हुंदल, लेफ्टीनेंट कर्नल एके सिंह, दंडपाल सह लेफ्टीनेंट कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, सूबेदार मेजर विपिन कुमार प्रधान, सैन्य अधिकारी, एनसीसी, छात्र समेत अभिभावक मौजूद थे.

## पत्नी की बढ़ती मांग से तंग युवक ने चुनरी से लगाई फांसी

### पुलिस ने पत्नी को किया गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जानीपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां पत्नी की बढ़ती मांगों और निरंतर तनाव से तंग आकर पति ने पत्नी की चुनरी से फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद युवक के परिजनों ने पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया. पुलिस जांच के दौरान घर से एक डायरी बरामद हुई जिसमें पत्नी ने पूरे वर्ष घूमने और अन्य खर्चों की विस्तृत योजना लिख रखी थी. पुलिस ने परिजनों के बयान और बरामद साक्ष्यों के आधार पर पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. थानाध्यक्ष जानीपुर ने बताया कि मृतक सैयद आलम, उम्र 20 वर्ष, आदमपुर पिपलावां निवासी था. उसने एक वर्ष पूर्व मुर्गियाचक निवासी सादिया प्रवीण से प्रेम विवाह किया था. विवाह के बाद दोनों जानीपुर में किराए के मकान में रह रहे थे. आरोप है कि शादी के बाद सादिया की मांगें लगातार बढ़ने लगीं, जिससे पति-पत्नी के बीच विवाद अक्सर होता था. मजदूरी करने वाला सैयद आलम पत्नी की इच्छाओं और खर्चों को पूरा करने में सक्षम नहीं था, जिसके कारण घर में तनाव बढ़ता गया. इसी तनाव के बीच बुधवार को सैयद आलम ने पत्नी की चुनरी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली. इसकी जानकारी मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और फिर जानीपुर थाना जाकर पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घर की तलाशी में पुलिस को वह डायरी मिली जिसमें पत्नी ने पूरे साल कहां-कहां घूमना है और क्या-क्या करना है, इसकी विस्तृत सूची बना रखी थी. पुलिस का कहना है कि पत्नी की लगातार बढ़ती डिमांड और आर्थिक दबाव से मानसिक रूप से टूटकर युवक ने यह कदम उठाया. पुलिस ने आरोपी पत्नी सादिया प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया है.

## पोषण एवं आजीविका सुरक्षा हेतु चूजा वितरण कार्यक्रम आयोजित






**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत क्षमता-विकास सह चूजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस परियोजना का उद्देश्य बैकयार्ड पोल्ट्री को बढ़ावा देकर ग्रामीण परिवारों में पोषण तथा आजीविका सुरक्षा को मजबूती प्रदान करना है.यह कार्यक्रम निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एन. एस. दहिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यक्रम के तहत हाजीपुर प्रखंड के सेन्दुआरी गांव के कुल 42 लाभार्थी कृषक परिवारों को चूजे वितरित किए गए, ताकि वे घरेलू स्तर पर पोल्ट्री पालन अपनाकर अपनी आमदनी एवं पोषण स्तर में सुधार ला सकें. कार्यक्रम का सफल संचालन परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. वाई. एस. जादौन एवं सह-समन्वयक डॉ. कौशलेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक, बिहार वेटरनरी कॉलेज, पटना द्वारा किया गया। तकनीकी कर्मियों एवं छात्रों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. जादौन ने परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों को बैकयार्ड पोल्ट्री अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि यह मॉडल ग्रामीण परिवारों की आय और पोषण सुधार का प्रभावी साधन है.वहीं डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने वैज्ञानिक विधियों, भोजन प्रबंधन, रोग नियंत्रण और चूजों की देखभाल पर विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की उन्होंने किसानों से संस्थान द्वारा उपलब्ध सहयोग का अधिकतम लाभ उठाने और उद्यमिता विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सत्र और प्रायोगिक प्रदर्शन भी आयोजित किए गए, जिससे किसानों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने पोल्ट्री पालन को एक विश्वसनीय आय स्रोत के रूप में अपनाने में रुचि दिखाई। माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं फार्मर्स फर्स्ट परियोजना टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी और पोषण व आजीविका सुरक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ती है.

## दानापुर में छठे दिन अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर, वसूला गया जुर्माना





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर छठे दिन बुधवार को नप प्रशासन ने सगुना मोड से हाथी खाना मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग सगुना मोड से हाथीखाना मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई.अतिक्रमणकारियों से 16 हजार 500 रुपए




जुमार्ना वसूला गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में नगर प्रबंधक अरमेंद्र कुमार व ब्रजेश सिंह, सफाई निरीक्षक संजय कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सगुना मोड से हाथीखाना मोड तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी व बालू-गिट्टी रखकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

## नशा मुक्ति केन्द्र में संदिग्ध मौत के बाद बवाल, निदेशक और कर्मचारी गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के बैरिया स्थित एक नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती युवक की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों के आवेदन पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केन्द्र के एक निदेशक और एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मृतक के शरीर पर मिले गंभीर मारपीट के निशानों को देखकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और मौके पर जमकर हंगामा हुआ. हंगामे के बाद पुलिस दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर थाना लाई और बाद में न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया. मंगलवार को मोखामा निवासी अमन कुमार की मौत इसी नशा मुक्ति केन्द्र में हुई थी. परिजनों ने बताया कि घटना से दो घंटे पहले केन्द्र की ओर से फोन कर अमन के ठीक-ठाक होने की जानकारी दी गई थी. लेकिन दो घंटे बाद फिर फोन कर उसकी मौत की सूचना दे दी गई. परिजनों ने आरोप लगाया कि जब वे केन्द्र पहुंचे तो कर्मचारियों ने काफी देर तक शव दिखाने में आनाकानी की और पहले यह बहाना बनाया कि अमन भाग रहा था. बाद में जब शव दिखाया गया तो उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोट और पिटाई के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे. परिजनों का कहना है कि अमन ड्रग्स का सेवन नहीं करता था बल्कि सिर्फ शराब का आदी था, इसलिए उसके शरीर नोचने की बात निराधार है. आरोप है कि मारपीट रोकने के बजाय केन्द्र के कर्मचारियों ने अमन के साथ बर्बर व्यवहार किया जिससे उसकी मौत हुई. इसी को लेकर परिजनों और केन्द्र कर्मियों के बीच हाथापाई की स्थिति बन गई और स्थानीय लोग भी विरोध में उतर आए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा शांत कराया और केन्द्र के निदेशक शिवम तथा कर्मचारी इन्द्रजीत को हिरासत में ले लिया. अमन के परिजनों ने नशा मुक्ति केन्द्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो पाएगी, लेकिन शरीर पर मिले चोटों के निशानों को देखते हुए दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है. बयान दर्ज कराया के अनुसार वे हर माह केन्द्र को तय रकम अदा करते थे, बावजूद इसके उनके बेटे के साथ अमानवीय व्यवहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया.

## बेलदारी चक के स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का टोटा छात्रों ने पटना-गया हाईवे दो घंटे तक जाम किया

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलदारी चक में जर्जर भवन, खस्ताहाल कक्षाओं और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से नाराज छात्र-छात्राओं ने बुधवार को पटना-गया-बिहटा सरमेरा हाईवे को बेलदारी चौक मोड़ के पास जाम कर दिया. दो घंटे तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोग जगह-जगह फंसे रहे. स्टूडेंट्स किसी भी वाहन को आगे नहीं



बढ़ने दे रहे थे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सड़क जाम के दौरान कई स्थानों पर छात्रों और वाहन चालकों के बीच नोकझोंक भी हुई. सूचना मिलने पर भारी संख्या में गौरीचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया. तब जाकर स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई. सैकड़ों की संख्या में मौजूद छात्र-छात्राएं और उनके परिजन स्कूल की बदहाली से बेहद नाराज थे और सड़क पर ही विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. परिजनों और छात्रों ने आरोप लगाया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलदारी चक मात्र दो जर्जर कमरों में चलता है, जबकि यहां कक्षा आठ तक पढ़ाई होनी है. दोनों कमरे इतने खस्ताहाल हैं कि कभी भी ढह सकते हैं. प्लास्टर रोज टूटकर गिरता है और बच्चों की जान लगातार जोखिम में रहती है. इसके अलावा मिड-डे मील भी सही ढंग से उपलब्ध नहीं कराया जाता है. स्थानीय लोगों ने कहा कि स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है और देखने-सुनने वाला कोई नहीं है. विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को कई बार लिखित रूप से स्थिति सुधारने की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. बच्चों के लिए नया स्कूल भवन निर्माण का प्रस्ताव भी लंबे समय से फाइलों में दबा पड़ा है. गौरीचक थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और छात्रों व परिजनों को समझाकर जाम समाप्त कराया. इसके बाद यातायात सामान्य

## सघन विकृमिकरण अभियान से डेढ़ लाख पशुओं को लाभ, सुधा ने शुरू किया बड़ा स्वास्थ्य ड्राइव

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. (पटना डेयरी प्रोजेक्ट) द्वारा पटना, वैशाली और सारण जिलों में सघन विकृमिकरण कार्यक्रम 01 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है. संघ क्षेत्र की सभी दुग्ध समितियों में पशुओं को कृमिनाशक दवा खिलाने का अभियान तेज किया गया है. यह कार्यक्रम संघ के माननीय अध्यक्ष संजय कुमार, निदेशक मंडल के सदस्यों, प्रबंध निदेशक रूपेश राज तथा प्रबंधक (संग्रहण) डॉ. अजय कुमार राय की निगरानी में संचालित हो रहा है. अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि लक्ष्य सभी समितियों में







शत-प्रतिशत विकृमिकरण सुनिश्चित करना है. उन्होंने कहा कि इससे पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, दूध उत्पादन में वृद्धि होगी और बॉझपन की समस्या समाप्त होगी. इस अभियान से लाखों पशुपालक लाभान्वित होंगे. संघ क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक पशुओं को दवा की खुराक दी जा रही है. उन्होंने कहा कि संघ किसानों को सरकारी योजनाओं और अपनी सेवाओं के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि सुधा से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएँ. प्रबंध निदेशक रूपेश राज ने अभियान को अत्यंत उपयोगी बताया. उन्होंने कहा कि विकृमिकरण कार्यक्रम से एक लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे. संघ इसी तर्ज पर एफ.एम.डी. टीकाकरण अभियान भी बड़े स्तर पर चलाने की तैयारी में है. इस अभियान के तहत करीब डेढ़ लाख पशुओं का टीकाकरण कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि इससे पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, दूध उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी. दूध संग्रहण में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी के आसार हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रॉली से टक्कर, दो की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के झखरा में तेज रफ्तार बाइक सवार की टैक्टर ट्राली से भिडंत होने से दो की घटनास्थल पर हीं मौत हो गयी। जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल है। जिसे बेहतर चिकित्सा के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। वे आर्केस्ट्रा देखकर घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर की ट्रॉली से जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान मझरिया किशुन निवासी 20 वर्षीय गुड्डू कुमार सियरही मठिया निवासी 19 वर्षीय ऋषि कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक मझरिया किशुन निवासी रविरंजन कुमार हैं। यह दुर्घटना झखरा बाजार के पास हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 110 लीटर विदेशी शराब व कार जब्त, एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मद्य निषेध उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार की रात बेतिया-मोतिहारी मुख्य पथ पर मझौलिया थाना क्षेत्र के भटवलिया के समीप छापेमारी कर विदेशी शराब व कार के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक सीमा चौरसिया ने बताया कि 110.880 लीटर विदेशी शराब व मारुति सुजुकी की स्विफ्ट कार जब्त की गई है। इस मामले में पूर्वी चंपारण के कोटवा थाना क्षेत्र के सोगरिया निवासी साहिल कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि शराब धंधेबाज पूर्वी चंपारण की ओर से शराब की खेप बेतिया की ओर लाने की फिराक में है। सूचना पर एक टीम गठित की गई। टीम रात करीब 11 बजे भटवलिया के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोकी। तलाशी लेने पर कार से शराब बरामद हुआ। तब टीम शराब व कार को जब्त कर धंधेबाज को गिरफ्तार कर ली।

### सड़क दुर्घटना में एफआईआर दर्ज

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानिय थाना के चिमनी मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना के मामले में केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि घायल व्यक्ति का भतीजा बसठा निवासी राजू कुमार ने आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। विदित हो कि बिते 28 नंवबर को चिमनी मोड के पास तेज गति से जा रहे ट्रक ने बाइक चालक को ठोकर मार फरार हो गया था। जिसमें बाइक सवार रामजी माझी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ को लिखा पत्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पुरैनिया हरसरी पंचायत में पंचायत सरकार भवन एवं कन्या विवाह मंडप का शिलान्यास लोकापर्ण स्थल तक जाने वाली सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया अजित कुमार दुबे ने सीओ को पत्र लिखकर शिलान्यास स्थल धमीनाहा में खेल मैदान कि पैमाइश कराने का मुद्दा उठाया है।मुखिया ने कहा कि पंचायत मे पंचायत सरकार भवन एवं कन्या विवाह विवाह मंडप योजना का शिलान्यास एक अक्टूबर 2025 को किया गया हैं। लेकिन उक्त स्थल को कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण किया गया है। मुखिया ने पदाधिकारी से पत्र के माध्यम से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ताकि योजना क्रियान्वयन किया जा सके। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि अमीन से जल्द हीं इसकी पैमाईश कराई जाएगी। अतिक्रमण पाए जाने पर सभी को खाली करवाया जायेगा।

### थाना पर आने वालों से करे बेहतर व्यवहार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगर कोई व्यक्ति थाना पर अपनी फरियाद लेकर आता है तो उससे बेहतर व्यवहार करें। उनकी समस्याओं को सुन कर उसका समाधान किया जाय। अगर उनकी समस्या थाना स्तर से सुलझने वाला नहीं है तो उसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी, एसपी, डीएसपी को देते हुए एक समय निधारिंत किया जाय। जिससे कि उसका समधान किया जाय। उक्त आदेश बुधवार को बगहा एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र ने दी। थाना या कार्यालय में आने वाले लोगो के साथ सभी अधिकारी बेहतर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को सुन उसका समाधान करे। इस लिए सभी पुलिस पदाधिकारी उक्त आदेश का पालन करें। बैठक के दौरान बीते माह दर्ज हुए मामलों के साथ लंबित चल रहे मामलों की समीक्षा करते हुए सभी थानाध्यक्षों को आदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में तीन माह के अंदर दर्ज मामलों का निष्पादन कर देना है। जिससे कि संबंधित न्यायालय के द्वारा उसकी सुनवाई कर दोषी लागों को सजा दे सके। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय के आदेश को पालन करते हुए नियमित रूप से छापेमारी किया जाय। गंभीर मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जाय। शराब के धंधेबाज व शराबियों पर नकेल कसने के लिए समय-समय पर संभावित क्षेत्रों में जांच व छापेमारी करने का आदेश दिया गया। बैठक में बगहा व धनहा पुलिस निरीक्षक सहित अन्य थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### मझौलिया में शिक्षकों ने दिखाई एकजुटता, पदाधिकारियों का सम्मान

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एच. होली मिशन स्कूल में बुधवार को प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन, मझौलिया इकाई की महत्वपूर्ण बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। प्रखंड के दर्जनों निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे सार्थक व प्रभावी बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ डॉ. राजीव रंजन कुमार, अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार और बीएओ अबुलैश अंसारी को सम्मानित कर की गई।अपने प्रेरक संबोधन में बीडीओ डॉ. राजीव रंजन कुमार ने शिक्षकों को समाज का वास्तविक प्रकाशस्तंभ बताते हुए कहा कि 'मन के हारे हार, मन के जीते जीत' का संदेश हर विद्यार्थी तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने शिक्षा में बढ़ती व्यावसायिकता पर चिंता जताई और सेवा-भाव आधारित शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।जिला सचिव अरसद सरहदी ने यू-डायस, नामांकन, आपार आईडी और स्कूल संचालन से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। वहीं बीएओ अबुलैश अंसारी ने शिक्षा की गुणवत्ता को समाज परिवर्तन की कुंजी बताया। प्रखंड अध्यक्ष सनत कुमार होत्री और विद्यालय निदेशक जुबेर अहमद ने ग्रामीण क्षेत्रों में निजी विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित करते हुए कठोर सरकारी नीतियों में सुधार की मांग की।बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने निजी विद्यालयों की बेहतरी और शिक्षा सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनिल कुमार शर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती मनी



**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बुधवार को एकमा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। प्रखंड के सफरी गांव स्थित राज किशोर सिंह उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित के व्याख्याता विज्ञान कुमार सिंह ने की। समारोह के दौरान कॉलेज के सचिव प्रो. कृपा शंकर सिंह, विज्ञान सिंह, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, अशोक राम, रूपेश यादव, मनोज कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यार्थियों विश्वजीत, प्रिंस, श्रुति, रुचि, रितिका, अर्पिता, सुष्मिता आदि ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी व राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। विद्यालय के प्राचार्य उज्ज्वल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राजेंद्र बाबू का संपूर्ण जीवन समर्पण, सरलता व राष्ट्र सेवा का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके विचारों व कार्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अंत में कॉलेज के सचिव प्रो. कृपा शंकर सिंह द्वारा प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में जानकी एजुकेशन एंड सोशल ट्रस्ट हंसराजपुर के तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को "सादा जीवन उच्च विचार" अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। जिसमें मंजीत कुमार तिवारी, मोहम्मद तौकीर अंसारी सहित सभी शिक्षकझशिक्षिकाओं क्रमशः दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, सनोज मेहरा, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, राज मोहम्मद अंसारी, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, विकास कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुशील यादव, किसलय कुमार, जुली कुमारी आदि ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रेरणादायक जीवन व विचारों को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। उधर रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एकमा के डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अनूप कुमार एवं प्रो. हरिशंकर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार मिश्र, कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी क्रमशः प्रो. सुजीत कुमार, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. अमित कुमार, प्रो. कंचन भारती, संतोष कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने डॉ राजेंद्र बाबू के चित्र पर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## राजेंद्र कॉलेज ने अपने आदर्श डॉ राजेंद्र प्रसाद की धूमधाम से मनाई 141वीं जयंती

### देशरत्न के जीवन, विचारों व राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक किया गया याद





**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के छपरा स्थित राजेंद्र कॉलेज में देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बड़े उत्साह व गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के प्रथम राष्ट्रपति के जीवन-आदर्श, राष्ट्रनिर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद करना था। जयंती समारोह महाविद्यालय परिसर के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और शहर के गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उदय शंकर पाण्डेय के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि राजेंद्र कॉलेज का यह सौभाग्य है कि यह देशरत्न के नाम पर स्थापित है और संस्था निरंतर उनके आदर्शों और शिक्षा-दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) परमेंद्र कुमार बाजपेई ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय संस्कृति, नैतिकता और सादगी के जीवंत प्रतीक थे। आज की पीढ़ी को उनका अनुकरण करते हुए कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि बनने वाले उच्च शिक्षा नियामक का नामकरण डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर होना चाहिए, ताकि उनकी विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहे। मुख्य अतिथि सारण के प्रमंडलीय आयुक्त राजीव रौशन ने कहा कि देशरत्न भारतीय राजनीति में सौहार्द, सादगी और निष्कलंक छवि के आदर्श थे। उनकी जीवन यात्रा प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विशिष्ट अतिथि सह कर्नल राजीव रंजन शर्मा ने कहा कि चाहे सेना हो या नागरिक प्रशासन, राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है। राजेंद्र बाबू ने जीवन भर विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी, जो युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। सम्मानित अतिथि प्रो. सुधाबला ने कहा कि देशरत्न भारतीय ज्ञान परंपरा और शिक्षा के मूल्यों के संरक्षण के लिए आजीवन कार्यरत रहे। वर्तमान समय में उनकी शिक्षाओं को संस्थागत स्तर पर अपनाने की आवश्यकता है।

# संकुलों में विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न

### विजेता छात्र 5 दिसंबर को प्रखंड स्तर पर देंगे प्रस्तुति



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभागीय निदेर्शानुसार बुधवार को कोटवा प्रखंड के आठ संकुलों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पीबीएल कार्यक्रम के तहत विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। पंद्रह में से इन छह चयनित क्लस्टरों के स्कूलों के विज्ञान और गणित के शिक्षकों तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मेले में भाग लिया। चंद्रगोकुल हाई स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य विमल कुमार भारतेंदु ने कहा कि तेजी से बदलते शैक्षणिक परिवेश में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा बहुत जरूरी है। पीबीएल विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर सीखने की प्रक्रिया से जुड़ने में मदद करता है। जिससे उनमें करके सीखने की प्रवृत्ति, रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता का विकास होता है। मेले के दौरान प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्य सुनील कुमार प्रसाद और शांभवी कुमारी ने पीबीएल के महत्व, उद्देश्य तथा इसके माध्यम से छात्रों में विकसित होने वाली दक्षताओं पर विस्तार से चर्चा की।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल, प्रोजेक्ट और प्रश्नोत्तरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षिका किरण कुमारी और अभिभावकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राएं पांच दिसंबर को उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापुर मठिया में आयोजित प्रखंड स्तरीय विज्ञान मेला में भाग लेंगे। और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। क्लस्टर स्तरीय कार्यक्रम 4 दिसंबर तक जारी रहेगा। यह कार्यक्रम इस कार्यक्रम में उच्च विद्यालय पट्टी महात्मा, रामजी टोला उच्च विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय बथना, राजेपुर उच्च विद्यालय, शिवधर अनूठा उच्च विद्यालय कोटवा, तथा चंद्र गोकूल उच्च विद्यालय मच्छरगवां के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ है।

## राजद की बैठक में हार के कारणों की समीक्षा, उठाए गंभीर सवाल

**महिलाओं को 10-10 हजार रुपये देकर वोट खरीदे गए, जो पार्टी की हार का मुख्य कारण बना**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत विधानसभा चुनाव में राजद की हार के कारणों को तलाशने के लिए बुधवार को नगर के संतघाट स्थित एक निजी विवाह भवन में पार्टी नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनावी परिणामों की गहराई से समीक्षा की और हार के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा की। राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने इस मौके पर बैठक में बताया कि चुनाव के अंतिम समय में सरकारी तंत्र द्वारा महिलाओं को 10-10 हजार रुपये देकर वोट खरीदे गए, जो पार्टी की हार का मुख्य कारण बना। उन्होंने कहा, चुनाव में पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही, सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ, जिसके चलते हम अपने मजबूत जनाधार के बावजूद हार गए। इसके अलावा, पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी कई और कारणों का जिक्र किया। एक प्रमुख कारण जो सामने आया, वह था प्रत्याशी चयन में जिला कमेटी की राय की अनदेखी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रत्याशी चयन के दौरान जिला कमेटी से उचित परामर्श नहीं लिया गया और न ही उम्मीदवारों को कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा समन्वय बनाने का मौका मिला।बैठक में यह भी चर्चा हुई कि महागठबंधन के नेताओं के बीच आपसी तालमेल का अभाव और भीतरघात भी हार का कारण बना। कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रतिद्वंद्वी पार्टी के पक्ष में मदद की, जिससे राजद के प्रत्याशियों की स्थिति कमजोर हुई और यह परोक्ष रूप से हार में योगदान देने वाला साबित हुआ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने की, जबकि संचालन मुख्य प्रवक्ता प्रभु यादव ने किया। बैठक में प्रधान महासचिव अमर यादव, तनवीर अहमद उर्फ पॉली, नीलम सिंह, अमजद खान, संजय कुशवाहा, मोहन प्रसाद चौरसिया, मुकेश यादव, हरिशंकर प्रसाद यादव, शेख भोला समेत अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। राजद की इस बैठक ने यह साफ कर दिया कि आगामी चुनावों के लिए पार्टी को कई रणनीतिक बदलाव की जरूरत है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी को अब अपनी कमजोरी और भीतरघात पर गंभीर रूप से विचार करना होगा, ताकि आने वाले चुनावों में जीत हासिल की जा सके।

## रक्सौल में पुलिस बनकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रक्सौल क्षेत्र में सक्रिय ऐसे दो ठगों को गिरफ्तार किया है, जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों से साइबर ठगी करते थे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिले प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आरोपियों पर कई राज्यों में सक्रिय रहकर फोन कॉल के माध्यम से आम नागरिकों को डरा-धमकाकर पैसे ऐंठने का आरोप है। साइबर थाना की टीम ने तकनीकी निगरानी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों से कई मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड और ठगी में उपयोग किए जाने वाले दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में दोनों ने पुलिस बनकर लोगों को कॉल करने और विभिन्न झांसे देकर राशि ट्रांसफर करवाने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है,(1.) महेंद्र कुमार, पिता शिवपूजन कुशवाहा, निवासी बड़ा परेउवा, थाना हरैया (2.) राजा कुमार, पिता सुरेंद्र सर्राफ उर्फ बेचन साह, निवासी ब्लॉक रोड, थाना टाउन रक्सौल। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर इन्हें पकड़ा। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने फर्जी पुलिस पहचान बनाकर लोगों को डराने और उनसे पैसे वसूलने की बात कबूल की है। पुलिस ने इनके पास से कुछ महत्वपूर्ण सबूत भी जब्त किए हैं। मामले की जांच जारी है और पुलिस इनके आपराधिक नेटवर्क तथा अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है। रक्सौल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत थाने को दें।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव - 2025 भव्यता के साथ संपन्न



**मोतिहारी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण की समृद्ध परंपरागत लोक कला, संस्कृति व विरासतो से परिपूर्ण प्रदर्शनो के साथ दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव- 2025 का आज भव्यता के साथ समापन हो गया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्त्वावधान में शहर के महात्मा गाँधी प्रेक्षागृह मे आयोजित दो दिवसीय युवा उत्सव मे जिलेभर से आयीं युवा प्रतिभाओ ने अपनी कला का परचम लहरा अपनी मिट्टी की सौंधी खुशबू बिखेर दी। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती ने उपस्थित कला प्रतिभागियो की भरपूर हौसलाफजाई की। सुश्री भारती ने अपने संबोधन मे कहा कि युवा उत्सव द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता जीवन का अंतिम मौका नही है। उन्होंने युवा प्रतिभागियो को सलाह दी कि आप खुद मे आत्मविश्वास लाऐंगे, तभी अपनी ऑतरिक प्रतिभा का अपेक्षित प्रदर्शन कर सकेंगे। सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री भारती ने कहा कि युवा उत्सव का यह मंच युवा प्रतिभाओ के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा तथा उनकी सोंच को नयी दिशा देने के साथ उनके व्यक्तित्व के विकास की दिशा मे बेहतर अवसर भी उपलब्ध कराएगा। युवा उत्सव के समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता मे एम. जे. के. गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोतिहारी की छात्राओं ने प्रथम, प्रोजेक्ट कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय, घोड़ासहन की छात्राओ ने द्वितीय तथा तिरहुत उच्च विधालय, मेहसी के छात्रो ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। जब कि समूह लोकगीत मे पंडित छोटेलाल मिश्र संगीत महाविद्यालय, मोतिहारी के प्रतिभागियो ने प्रथम, एम. जे. के. गर्ल्स इंटर कॉलेज, मोतिहारी ने द्वितीय एवं शॉति निकेतन ज़ुबली स्कूल, मोतिहारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता मे उत्तम कुमार जायसवाल ने प्रथम, सुमीत कुमार शर्मा ने द्वितीय तथा आयशा कुमारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि वक्तृता प्रतियोगिता मे शिवधर अनूठा उच्चतर माध्यमिक विधालय, कोटवा के छात्र ऋतिक राज ने प्रथम, यू. एच. एस.,जयसिंहपुर, तुरकौलिया की छात्रा अंतिका कुमारी ने द्वितीय तथा महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के छात्र कृष्णा पाण्डेय ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

## अपर समाहर्ता और एसडीएम ने संयुक्त रूप से बॉर्डर एवं बनकटवा अंचल का किया निरीक्षण

### दिये आवश्यक निर्देश

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा एवं सीकरहना एसडीएम साकेत कुमार संयुक्त रूप से मंगलवार को बनकटवा अंचल कार्यालय एवं बरैला बॉडर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। उन्होंने आरटीपीएस काउंटर की कार्यप्रणाली, लंबित आवेदनों, समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता ने जोर दिया कि अंचल कार्यालय जनता का पहला पड़ाव है, इसलिए यहां की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता अत्यंत आवश्यक है। मुकेश कुमार सिन्हा ने आरटीपीएस सेवाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और कर्मियों को सभी आवेदनों का पारदर्शी तथा



दस्तावेजों के निस्तारण और कार्यालय व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, अपर समाहर्ता ने नोमेंस लैंड पर बने मकानों को अतिक्रमण हटाने, भूमि मापी कार्य, दाखिल-खारिज और परिमार्जन से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे होने चाहिए, ताकि आम जनता को समय पर राहत मिल सके। लंबित मामलों के निपटारे का निर्देश उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी सेवाओं में देरी या लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।अपर समाहर्ता ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को बिना परेशानी सभी सुविधाएं मिलें, इसलिए प्रत्येक कर्मी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय पहुंचे लोगों से उनकी समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के समय अंचलाधिकारी (सीओ) अतुल कुमार बादल, जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार,राजस्व पदाधिकारी सम्राट कुमार सहित अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित थे।

# रक्सौल की पत्रकारिता के 'युगपुरुष' बाबू रामपुकार सिंह की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन



**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र रक्सौल की पत्रकारिता को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार एवं रक्सौल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष बाबू रामपुकार सिंह की छठी पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। 68 वर्ष की आयु में उनका निधन स्थानीय पत्रकारिता में एक युग के अंत के रूप में आज भी याद किया जाता है। उनकी सादगी, जनपक्षीय सोच और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति समर्पण ने उन्हें रक्सौल की पत्रकारिता का 'युगपुरुष' बना दिया। मूल रूप से आदापुर प्रखंड के कुचुरवारी गाँव निवासी बाबू रामपुकार सिंह, बाबू जगदेव सिंह के ज्येष्ठ पुत्र थे। उन्होंने वर्ष 1990 में हिंदुस्तान टाइम्स से अपने करियर की शुरूआत की थी। निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता को उन्होंने जीवनभर अपना धर्म माना। वे बिहार सरकार से मान्यताप्राप्त पत्रकार थे और करीब डेढ़ दशक तक रक्सौल प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहकर संगठन को मजबूत एवं अनुशासित रूप दिया। वे ठवख (क) की रक्सौल इकाई के संरक्षक और श्रमजीवी पत्रकार यूनियन में भी सक्रिय रहे। उनकी पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय गांधी प्राथमिक विद्यालय, रक्सौल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहाँ प्रधानाध्यापक मुनेश राम और शिक्षकों ने बच्चों को उनके जीवन, संघर्ष और योगदान से अवगत कराया। छात्रों को बताया गया कि बाबू रामपुकार सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्र में किस तरह संतुलित, सत्यपरक और जनहितकारी पत्रकारिता की मिसाल पेश की। इसी क्रम में रक्सौल प्रेस क्लब की ओर से संयोजक लव कुमार चौबे के नेतृत्व में पत्रकारों ने जरूरतमंदों के बीच फल, फूल और बिस्किट वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि रामपुकार जी की पत्रकारिता आदर्शों, नैतिकता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रही है। उनकी स्मृतियाँ पत्रकारों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पत्रकार अनिल कुमार गुप्ता, दीपक अग्निरथ, गणेश शंकर, राजेश केसरीवाल, लव कुमार चौबे, रवि रंजन वर्मा, दीपक कुमार, पार्वती तिवारी, श्रेयांश कुमार उर्फ बिट्टू, रितेश राज, पप्पू कुमार गिरी तथा समाजसेवी नुरुल्लाह खान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और सामाजिक।कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर बाबू रामपुकार सिंह तथा दिवंगत पत्रकार रेयाज आलम लड्डू के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आदर्शों व मूल्यों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर डीएम एवं डीईओ को किया गया सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेधा दिवस (देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती) के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा पटना के ज्ञान भवन कार्यक्रम का आयोजन कर जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा के सफल संचालन को लेकर सम्मानित किया गया। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मेधा दिवस के अवसर पर डीएम सौरभ जोरवाल व डीइओ राजन कुमार गिरी को माननीय मंत्री,शिक्षा विभाग बिहार सरकार सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बी राजेंद्र एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के द्वारा सम्मानित किया गया।

# जहानाबाद : सड़क हादसे में दिव्यांग शिक्षक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** शहर के न्यू बाईपास पर एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन की ठोकर से एक शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध कुमार के रूप में हुई है, जो मध्य विद्यालय, इमलिया मोड़ (कुर्था) में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे हर दिन की तरह बुधवार को भी अपने घर जहानाबाद के काली नगर से स्कूटी पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि शिक्षक सुबोध कुमार पहले से दिव्यांग थे और दिव्यांग स्कूटी के माध्यम से ही रोजाना स्कूल आते-जाते थे। उनकी असामयिक मौत की खबर मिलते ही मोहल्ले में मातम छा गया। वहीं उनके पैतृक गांव स्वाजपुर, गोनावा (कुर्था) में भी शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है और मामले की छानबीन जारी है। इस दर्दनाक हादसे ने एक समर्पित शिक्षक की जिंदगी छीन ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से न्यू बाईपास पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती, नियमित पेट्रोलिंग और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।


घटनास्थल पर लोंगो की भीड़

## मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में एक युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि मारपीट में किशोरी साव के पुत्र रमेश कुमार घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि 2 दिसंबर की रात करीब 10 बजे उस पर तलवार से प्रहार किया गया। जिससे उसकी नाक कट गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बताया गया कि घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया। पकरीबरावां थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई। पूछताछ में यह सामने आया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद है और इसी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया।

## मोटरसाइकिल सवार दो युवक ने राहगीर से 25 हज़ार रुपये छीनकर हुए फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** बुधवार की शाम जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना कुछ कदम की दूरी पर मखदुमपुर बस स्टैंड के समीप से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने पैदल जा रहे राहगीर से 25 हज़ार रुपये छीन कर रफू चक्कर हो गया। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि बड़की बोकनारी गांव निवासी लक्ष्मीकांत कुमार जो वर्तमान में मखदुमपुर स्टेशन के समीप में ही रहते हैं, वे बुधवार की शाम 25 हज़ार रुपये थैला में लेकर बाजार से अपने घर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि तभी मखदुमपुर बस स्टैंड के समीप मोटरसाइकिल सवार दो युवक पीछे से आया और उनके हाथ से थैला छीन कर फरार हो गया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते जब तक मोटरसाइकिल सवार युवक काफी दूर निकल गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के दिए आवेदन पर मखदुमपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# केताकी बाजार में मूलभूत सुविधाओं का है अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड के केताकी बाजार में आसपास के कई गांवों के लोग खरीदारी करने आते हैं लेकिन सुविधाएं यहां विकसित नहीं हो पा रही है। प्रतिदिन यात्रियों एवं वाहन चालकों को यहां परेशानी उठानी पड़ती है। यहां के स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि इस बाजार से गुजरने वाले लोग भी कचरे की समस्या से परेशान हैं। वहीं सड़क के किनारे सब्जी बाजार लगता है। इस बाजार में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। बाजारवासी विभिन्न समस्याओं का दंश झेलनो को मजबूर हैं। दुकानदार, ठेला लगाने एवं अन्य दुकानों के बीच त्रिपाल लगाकर दुकानदारी करने वाले दुकानदारों की परेशानी काफी है। इस बाजार में वाहनों की पार्किंग की सुविधा नहीं रहने से लोग सड़क किनारे ही वाहन को लगातार सामनों की खरीदारी करने चले जाते हैं। इसी बीच चोर बाइक चोरी की घटना का अंजाम देते रहते हैं। इसके कारण ग्राहकों में भय बना रहता है। बाजार में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण ग्राहकों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। इससे व्यवसाय पर बुरा असर पड़ रहा है। देव प्रखंड के दक्षिण पूर्व सीमा पर स्थित केताकी बाजार व्यावसायिक, राजनीतिक, शिक्षण संस्थान समेत अन्य कार्यों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। केताकी बाजार में कई निजी शिक्षण संस्थाएं हैं। वहीं राजनीतिक क्षोत्र में भी केताकी का एक अलग स्थान है। इस बाजार में शौचालय की सुविधा नदारद है जिससे आमलोगों और महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जल निकासी के लिए नल की सुविधा भी है तो जाम है। बाजार में पेयजल की सुविधा नहीं है। वैसे में बाजार वासियों का कहना है कि बाजार में शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाए। बाजार के दुकानदारों ने कहा कि पांच से सात घंटे ही बिजली रहती है जिसके कारण व्यवसाय प्रभावित रहता है। वहीं केताकी बाजार में सब्जी मंडी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क किनारे ही सब्जी बिकती है। सब्जी विक्रेताओं को कहना है कि सब्जी मंडी का निर्माण कराया जाए ताकि सब्जी बेचने में परेशानी न हो। अगर यह सब समस्याएं दूर हो जाती है तो काफी सहूलियत मिलेगी।



# मध्य विद्यालय ऊब में हिंदी व अंग्रेजी के नहीं हैं शिक्षक

**शिक्षा विभाग के अधिकारी नहीं हैं गंभीर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय ऊब में शिक्षक का अभाव है। शिक्षकों के न रहने से परेशानी होती है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ रही है परंतु शिक्षक कम हो रहे हैं। महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं जिस कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हैं। विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। वर्ग सात की चांदनी कुमारी, प्रीति कुमारी सहित बताते हैं यहां महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक नहीं है जिस कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 200 है। प्रतिदिन करीब 180 की संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय आते हैं। हिंदी-अंग्रेजी के शिक्षक छात्रों के साथ कमी कचौट रही है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या प्रधानाध्यापक समेत नौ है। वर्ग छह से आठ में मात्र तीन शिक्षक हैं। यहां दो शौचालय है। शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है। प्रधानाध्यापक की माने तो चारदीवारी नहीं रहने से परिसर में पशुओं का चारागाह बन गया है। चारदीवारी का होना जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक काशीनाथ प्रसाद ने बताया कि शिक्षकों की कमी एवं चारदीवारी नहीं रहने की सूचना संबंधित पदाधिकारियों को दी गई है। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यालय के संचालन में परेशानी हो रही है। इतना होने के बावजूद भी विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है।



# अनुग्रह स्कूल में धूमधाम से मनी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्साह के साथ देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाया गया। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में बच्चों को विस्तार से देश रत्न की जीवन वृतांत को बताया। वह बिहारी अस्मिता व प्रतिभा की राष्ट्रीय पहचान थें। अंग्रेजों के काल में कोलकाता में इकोनॉमिक्स से स्नाकोत्तर एवं लॉ में डायरेक्टोरेट किए। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने उसकी सदारत कर उल्लेखनीय योगदान दिया था। स्वतंत्रता संग्राम में भी उनकी भूमिका अग्रणी थी एवं गांधीजी के करीबी लोगों में शुमार थे। विनम्रता एवं सौम्यता उनकी पूंजी थी। 12 वर्षों तक राष्ट्रपति के पद पर आसीन होकर देश की महती सेवा किए। विद्यालय में सभी बच्चों एवं अध्यापकों ने उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन चढ़ाए। बच्चों ने भी उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और पुरस्कार भी जीते। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं।



# बुनियाद केंद्र में दिव्यांग जनों के बीच खेल प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर हसपुरा ब्लॉक कैम्पस स्थित बुनियाद केंद्र की ओर से कस्तूरबा विद्यालय के परिसर में दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साईकिल रेस, निबू दौड़, मेढ़क दौड़, लंबी दौड़, लाठी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि दिव्यांग जनों के बीच क्षमता वर्धन के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता में फर्स्ट सेकंड थर्ड आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, प्रखण्ड प्रमुख श्रीनिवास सिंह,सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट सह बुनियाद केन्द्र प्रभारी मो. ईमरान अहमद, जीविका भवन की प्रभारी नीतू कुमारी,रिटायर्ड शिक्षक हृदयानंद सिंह, रामशकल सिंह, विद्यानंद सिंह, सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार ने प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया। सीओ कौशल्या कुमारी ने कहा कि खेलकूद का प्रतियोगिता कराने से ऊर्जा का विकास होता है। सभी दिव्यांग जन हमारे अभिन्न अंग है।वे अपने को कमजोर नहीं समझे। किसी भी दिव्यांगजनों को कोई कठिनाई हो, बेझिझक हमसे संपर्क कर सकते हैं। हृदयानंद सिंह, विद्यानंद सिंह ने कहा सभी क्षेत्रों में दिव्यांग आगे बढ़ रहे हैं। सरकार उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दिव्यांग जनों के लिए सभी दरवाजा खोल रखा है। मेंढक दौड़ प्रतियोगिता में पहरपुरा गांव की छोटी कुमारी प्रथम, ईटवां गांव की वैष्णवी कुमारी द्वितीय एवं पहरपुरा गांव की अमीषा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं नींबू-चम्मच प्रतियोगिता में हसपुरा के हजिफुल रहमान। प्रथम, काजी विगहा गांव के सिमरन कुमारी द्वितीय, पहरपुरा गांव के अमीषा कुमारी तृतीय प्राप्त की। ट्राई साइकिलिंग दौड़ प्रतियोगिता में टनकुपी के मुकेश राम प्रथम, डिंडिर के रामविलास द्वितीय, बेला विगहा के रविंद्र राम तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लाठी दौड़ प्रतियोगिता में मलहारा गांव के रोशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुकेश कुमार अकेला, बुनियाद केंद्र कर्मी यशवंत कुमार, पवन कुमार, कपील कुमार सहित दर्जनों दिव्यांगजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# छह वर्षों से खुटहन गांव में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल से जल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** ग्रामीणों को हर घर नल से जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गांवों में इस योजना से काम कराए गए परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल। जिस सोच के साथ योजना प्रारंभ हुई थी वह धरातल पर नहीं उतरा। पंचायत के गांवों में हर घर नल से जल योजना के रुपये का सही उपयोग नहीं किया गया। बता दें कि हसपुरा प्रखंड के ईटवां पंचायत के खुटहन गांव के वार्ड सं-सात में ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिला। छह वर्ष पहले एक टंकी लगाई गई। मोटर आई परंतु नल से जल का सपना अधूरा रह गया। दिखावे के लिए दो-चार दिन पानी की आपूर्ति की गई। ग्रामीण प्रिंस कुमार, जैनेंद्र कुमार सहित ने बताया कि छह वर्ष पहले लगा टंकी बेकार हो गया है। ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर एक माह पहले बनाया गया परंतु चार दिन चला और फिर बंद हो गया। पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। नल-जल पर किसी का ध्यान नहीं है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता इस पर ध्यान नहीं देते हैं। पानी की आपूर्ति के लिए लगा पाइप बेकार हो गया है। ग्रामीणों ने जलापूर्ति केंद्र को चालू करने की जरूरत है। इतना होने के बावजूद भी पीएचइडी विभाग के अधिकारी चैन की नींद सोए हैं। अधिकारी गांव में देखने तक नहीं जाते हैं।



## रिटायर्ड एमओ के निधन पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के जैतपुर पंचायत के बिहटा (देवहरा) गांव के रिटायर्ड एमओ मनोरंजन चौधरी का आकस्मिक निधन पर गहरी शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उनके निधन पर अखिल भारतीय पासी समाज सह शिक्षा सेवक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन चौधरी सहित कई लोगो ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। वे अपने कार्य काल पूरी इमानदारी और निष्ठापूर्वक से नौकरी किये। वे कुशल एवं सामाजिक व्यक्ति थे। वे आजीवन गरीब गुरबों को मदद करते रहे और लोगो से कमजोर तबके के लोगो को मदद करने के लिए उत्प्रेरित करते रहे। इस शोक सभा मे रंजीत कुमार, संजीत कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जगदीश चौधरी, योगेन्द्र कुमार चौधरी, केदार चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर पैरालंपिक खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत









नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2025 के अवसर पर जहानाबाद में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिव्यांगजनों के बीच 35 ट्राइसाइकिल, 5 श्रवण यंत्र, 10 वैशाखी, 5 व्हीलचेयर सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी, अलंकृता पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने उपस्थित दिव्यांग भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास रहता है कि इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे और धरातल पर दिखाई दे।जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी दिव्यांग व्यक्ति को पेंशन या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अब तक नहीं मिल पा रहा है, या उनके आसपास कोई ऐसा व्यक्ति है जिसे सहायता की आवश्यकता है, तो वे सीधे समाज कल्याण विभाग या जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

इस अवसर पर डीडीसी, एडीएम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, दिव्यांगजन संबंधित अधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी, खेल पदाधिकारी, योजना पदाधिकारी समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

# प्राथमिक विद्यालय का टूटकर गिर रहा छत का प्लास्टर

**जान जोखिम में डालकर छात्र पढ़ने को मजबूर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार सरकारी विद्यालयों की स्थिति सुधारने को ले लाख प्रयास कर रही है परंतु स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। विभाग के द्वारा भले ही व्यवस्था को ठीक करने की बात कहीं जा रही है परंतु इसका हकीकत कुछ और देखने को मिल रहा है। औरंगाबाद में दर्जनों जर्जर विद्यालय हैं जिसका जीर्णोद्धार नहीं हो रहा है। बच्चे भय के माहौल में अपने भविष्य गढ़ने को लेकर विवश हैं। इसका उदाहरण औरंगाबाद प्रखंड प्राथमिक विद्यालय खान है। इस विद्यालय का भवन दयनीय है। भवन के अंदर जाने में डर लगता है। सोचा जा सकता है कि किस परिस्थिति में यहां पढ़ाई हो रही होगी। छात्र-छात्राओं से लेकर शिक्षक भयभीत रहते हैं। विद्यालय के छत का सीलिंग टूटकर गिर रहा है। बच्चे और शिक्षक डर के माहौल में शिक्षण कार्य करने को मजबूर है। किसी अनहोनी की आशंका से स्वजन बच्चों को स्कूल भोजने से डरते हैं। वर्षा के दिनों में छत से पानी टपकता है। बच्चों के किताब व कॉपी भींगकर खराब हो जाता है। ग्रामीण पिंटू कुमार, प्रकाश कुमार ने बताया कि विद्यालय जाने से डर रहे हैं। बच्चें विद्यालय जाना कम कर दिए हैं। विद्यालय की जर्जर स्थिति को देखते हुए अभिभावकों ने कुछ बच्चों का नामांकन दूसरे विद्यालय में कर दिया है। शिक्षक जान जोखिम में डालकर विद्यालय में पढ़ाते हैं। हमेशा छत का सीलिंग टूटकर विद्यालय में गिरा हुआ रहता है। ऐसे में कभी भी शिक्षक या बच्चे घायल हो सकते हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2006 में नए विद्यालय भवन का निर्माण कराया गया था। निर्माण क र्य कर रहे ठेकेदार के द्वारा घटिया कार्य कराया जिससे 20 वर्ष में विद्यालय भवन जर्जर हो गया। इतना होने के बावजूद भी विभागीय अधिकारियों का ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक से मिलकर जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मत कराए जाने की मांग की थी परंतु उन्होंने असमर्थता जताई और विभाग को इसकी जानकारी देने की बात कहीं। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा नहीं है कि विद्यालय की स्थिति से अधिकारी अवगत नहीं हैं परंतु इसके बावजूद जर्जर विद्यालय भवन को दुरुस्त करने की दिशा में कोई कार्य नहीं की गई। पुराने प्रधानाध्यापक का ट्रांसफर हो चुका है। ग्रामीण नए प्रधानाध्यापक से जर्जर विद्यालय भवन को दुरुस्त करने की मांग कर चुके हैं।

# हसपुरा में अधूरा पड़ा है स्टेडियम का निर्माण कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** हसपुरा में लंबे समय से स्टेडियम के निर्माण की मांग उठ रही है लेकिन अबतक यह सपना अधूरा है। जब भी फुटबॉल या क्रिकेट मैच का आयोजन होता है तब इस मुद्दे पर चर्चा होती है। चुनाव के समय ग्रामीणों के बीच यह विषय और भी गर्म हो जाता है। हसपुरा में हर वर्ष प्रसिद्ध फुटबॉल और क्रिकेट मैच आयोजित होते हैं परंतु स्टेडियम की कमी यहां के खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। स्टेडियम के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की आवश्यकता है लेकिन यह ग्रामीणों के लिए केवल एक सपना बनकर रह गया है। प्रखंड मुख्यालय में दो खेल मैदान हैं जिनमें से एक प्रखंड कार्यालय के समीप है और दूसरा कन्या उच्च विद्यालय के पीछे स्थित है। हालांकि इन मैदानों की स्थिति ऐसर है कि भव्य खेल आयोजनों को तो दूर सामान्य मैचों का आयोजन भी मुश्किल हो जाता है। स्टेडियम की कमी के कारण महिला फुटबॉल का आयोजन भी अबतक नहीं हो सका है। ग्रामीण अजय साव, लोरिक सिंह का कहना है कि स्टेडियम के अभाव में स्थानीय खिलाड़ियों को न तो उचित अभ्यास मिल पाता है और न ही राज्य स्तरीय मैच देखने का अवसर। ग्रामीणों का मानना है कि सरकार को प्रत्येक प्रखंड में खेल सुविधाओं का निर्माण करना चाहिए ताकि खेल को बढ़ावा मिल सके।



# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों के बीच बांटे शैक्षिक स्वास्थ्य किट




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के कासमा रोड स्थित अटमोस्ट सर्व फाउंडेशन स्वास्थ्य व शिक्षा केंद्र में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के बीच शैक्षिक स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य व शिक्षा केंद्र के अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांव से आए दिव्यांगों को साबुन, सर्फ, कॉपी, कलम सहित अन्य वितरण किया गया। इस मौके पर सचिव सुनील कुमार दीप, तरन्नुम प्रवीण, मोहम्मद आफताब, गुड्डु कुमार, नवीन कुमार, नीतीश कुमार, संहिस्ता परवीन, शालिनी कुमारी, काजल कुमारी शामिल हुए।

# विंटर मेंटेनेंस के कारण 4 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ती रहेगी ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** गोह प्रशाखा से जुड़े फीडर का 33 केवी फीडर की विद्युत सप्लाई 4 दिसम्बर 2025 दिन गुरुवार को बिजली बाधित रहेगी। इसको लेकर विभाग के सहायक कार्यपालक अभियंता सह संचरण अवर प्रमंडल गोह सेराज अहमद ने आमलोगो की जानकारी के लिए सूचना जारी की है। गोह पावर हाउस में 33 केवी मेन बेस में विंटर मेंटेनेंस का कार्य होना है इसलिए गोह फीडर को 4 दिसम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक वही 33 केवी आती फीडर की बिजली आपूर्ति दिनांक 4 दिसम्बर 2025 को 12.30 बजे दोपहर से 14.30 बजे तक बाधित रहेगी। ऐसे में दो फीडर का बिजली करीब दो घण्टों तक बाधित रहेगा। ऐसे में उपरोक्त फीडरों से जुड़े उपभोक्ताओं को सूचना दी जा रही है कि अति आवश्यक कार्य समय से पहले पूरा करले क्योकि कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई नहीं मिल पाएगी।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना काण्ड सं0-31/2020 दिनांक-01.04.2020 धारा-188/295(A)/ 153(A) भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त रिजवान आलम, पिता-अब्दुल क्यूम, साकिन ग्राम-सोनारखाप, थाना-कुटुम्बा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर, पलामू :- 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज, पलामू :- 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 367616 Police(25-26).D

**पूर्व मध्य रेल**
(पं0 दीनदयालउपाध्याय मंडल)
ई-निविदा सूचना

**ई-निविदा सूचना सं.:** 49 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.:** 19-डीडीयू-व.मं.इंजी.-III-25-26 **कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अधीन बीडी अनुभाग के विभिन्न स्टेशनों में कर्मचारी आवासों के शौचालय और रसोई आदि का नवीनीकरण। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 20552891.93 **धरोहर राशिः** ₹ 252800.00 **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 26.12.2025 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in **नोटः-** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1378/डीडीयू/टी/मं.रे.प्र./25-26/36

**पूर्व मध्य रेल**
खुली ई-निविदा सूचना

**खुली ई-निविदा सूचना सं.:** टीआरडी-ओ.टी.-10-एनटीपीसी-एएनएच-25-26 नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम और स्थानः** लाईन (एनटीपीसी/एएनएच) के क्रॉस ओवर 82एबी, 83एबी, 84एबी, 85एबी, 86एबी, 87एबी, 88एबी एवं 89एबी के फिटनेस का कार्य। **अनुमानित रकमः** रु. 26,59,244.97 **बयाना राशिः** रु. 53,200.00 **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** दिनांक 24.12.2025 को 15:00 बजे तक। **वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि.
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1379/डीडीयू/टी/व.मं.बि.इंजी./क.वि./25-26/28

# विश्व दिव्यांग दिवस पर एनटीपीसी कहलगांव में कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कहलगांव।** एनटीपीसी कहलगांव परियोजना में विश्व दिव्यांग दिवस 2025 को उत्साह और संवेदनशीलता के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम इस वर्ष की थीम दिव्यांग-समावेशी समाजों के निर्माण द्वारा सामाजिक प्रगति को प्रोत्साहन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित चाणक्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोरंजन परिदा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्यांगजनों के अधिकारों, समावेशन और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रेरणादायी वीडियो प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद एनटीपीसी परिवार के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने दिव्यांगजनों के सामाजिक सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर एक प्रेरक कहानी भी प्रस्तुत की गई, जो सभी उपस्थितों के लिए उत्साहवर्धक बनी। कहानी निक वुजिसिक नामक एक 100% शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण युवक की थी, जिसने अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी। आज वह न सिर्फ आत्मनिर्भर है बल्कि अन्य दिव्यांग युवाओं के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। उसकी कहानी ने कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि इच्छाशक्ति और सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी चुनौती को अवसर में बदल सकता है। मुख्य अतिथि मनोरंजन परिदा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से कमतर नहीं हैं। उनके भीतर अद्भुत क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और सीखने की गहरी ललक होती है। हमारा दायित्व है कि हम सभी मिलकर एक ऐसा कार्य परिवेश विकसित करें जहाँ हर व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुरूप योगदान दे सके। आज प्रस्तुत की गई प्रेरक कहानी हमें यही सिखाती है कि परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि हमारा साहस और संकल्प सफलता का मार्ग निर्धारित करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोरंजन सारंगी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने कहा कि एनटीपीसी कहलगांव सदैव समावेशन, समान अवसर और कर्मचारियों के कल्याण को सर्वोपरि रखता है। दिव्यांगजन हमारी ऊर्जा परिवार की अनमोल शक्ति हैं। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कार्यस्थल पर उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ, सम्मान और प्रोत्साहन मिले। उन्होंने सभी कर्मचारियों से दिव्यांगजनों के प्रति सहयोग, संवेदनशीलता और सम्मान बढ़ाने की अपील की। विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में सभी उपस्थितों ने केक काटकर इस विशेष अवसर का उत्सव मनाया। समापन पर प्रतिभागियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए। एनटीपीसी कहलगांव परिसर में मनाया गया यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि सभी को प्रेरणा, संवेदना और सकारात्मकता से भर देने वाला भी रहा।

# दिव्यांगों के बीच बांटी गईं इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिलें

**विश्व दिव्यांग दिवस**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बुनियाद केन्द्र तेघड़ा में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों के बीच इलेक्ट्रिकल साइकिलों का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में अंडर-18 दिव्यांग प्रतिभागियों द्वारा 50 मीटर दौड़, निबंध लेखन, चित्रकला एवं गायन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित तीन दिव्यांग खिलाड़ियों लन बल धीरज कुमार रजत पदक, पैरा लोन बोल में अजय कुमार साह कांस्य पदक एवं 800 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में छत्तीस कुमार कांस्य पदक को भी प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बुनियाद केन्द्र, तेघड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने केंद्र में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यरत कर्मियों से दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं, उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सेवाओं के प्रभावी निष्पादन, समयबद्धता, दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा लाभुकों की सुविधा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

# जयंती पर याद किये गए देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के शाहजहांपुर स्थित संस्था जवाहरलाल नेहरू शिशु सेवा मंडल के तत्वावधान में बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141 वीं जयंती मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष और वरीय मीडिया कर्मी जयप्रकाश सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद के स्वतंत्रता संघर्ष में अतुलनीय योगदान था। उनकी सरलता, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और अनुकरणीय प्रशासनिक क्षमता पर विस्तार से इस मौके पर उपस्थित लोगों ने चर्चा की। शाहजहांपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिंदु कुमार ने कहा कि डॉ0 राजेंद्र प्रसाद भारतीय राजनीति में सादगी, सत्यनिष्ठा और कर्तव्य भावना के सर्वोच्च प्रतीक थे। राष्ट्रपति पद की गरिमा बनाए रखने का जो आदर्श उन्होंने प्रस्तुत किया वह आज भी हर जन सेवक के लिए प्रेरणा है उनका जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र हित के से बड़ा कोई धर्म नहीं। उन्होंने यह भी याद दिलाया संविधान लागू होने के अवसर पर डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि हमारी आजादी बड़े बलिदानों से मिली है इसकी रक्षा करना हर नागरिक का पवित्र कर्तव्य है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच कॉपी, कलम और टॉफी बांटे गए।मौके पर रामनाथ सिंह, सरपंच अनिल कुमार सिंह, बच्चा सिंह, प्रमोद सिंह, सुरेश पंडित (अवकाश प्राप्त शिक्षक) व कई युवा, बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## अज्ञात महिला का शव बरामद

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के सरैया बूढी गंडक नदी में एक अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। बुधवार को ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार को इस घटना की सूचना दी। सूचना पाकर अपने दल बल के साथ सरैया बूढी गंडक नदी के किनारे पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। किसी के द्वारा भी शव का पहचान नहीं किया गया। जिसको लेकर पुलिस कार्यालय बेगुसराय के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है।

# चित्रांश मंच ने मनाई प्रथम राष्ट्रपति की 141वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** देशरत्न डा. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने राजेंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसी क्रम में चित्रांश मंच द्वारा बड़ी पोखर स्थित चित्रगुप्त सामुदायिक भवन में भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने राजेंद्र बाबू के सरल, सादगीपूर्ण और प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। नगर की उपमेयर अनीता राय ने कहा कि यह दुखद है कि हम अपने महापुरूषों को भूलते जा रहे हैं और उन्हें जातियों में बाँट रहे हैं। महापुरूष पूरे देश के होते हैं। उन्होंने सदर अस्पताल से राजेंद्र बाबू का नाम हटाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यदि नाम पुनः अंकित कराने के लिए संघर्ष समिति बनती है। तो वे उसका नेतृत्व करने को तैयार हैं।कार्यक्रम में चित्रांश मंच के संजीव कुमार द्वारा उपस्थित सभी गणमान्यों को राजेंद्र बाबू का तैलचित्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चित्रांश मंच के अध्यक्ष संजीत कुमार श्रीवास्तव ने किया। मौके पर चित्रांश मंच के जितेंद्र कुमार, अमन वर्मा, श्रुति वर्मा, राजीव कुमार मुन्ना, संदीप सिन्हा, कविता कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, गौरव दीक्षित सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनी

**बेगूसराय।** समाहरणालय परिसर स्थित कारगिल विजय भवन में मंगलवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने देश की स्वतंत्रता, संविधान निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इसके साथ ही जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं प्रखंड मुख्यालयों में भी ड राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, कला एवं संसति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने डा. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# बगैर व्यवस्था के गरीबों को उजाड़ने पर लगे रोक : माले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के नीचे बसे परिवारों को उजाड़ने से पूर्व सरकार उनकी वैकल्पिप व्यवस्था करे। जिस तरह सरकार ने बुलडोजर चलवाया, महिलाओं व बच्चों पर लाठियां बरसवाईं और बिना नोटिस व बिना पुनर्वास पूरी बस्ती को उजाड़ दिया। उसके खिलाफ भाकपा-माले ने राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रतिवाद मार्च निकला। मार्च जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन से निकल कचहरी रोड नगर थाना होते हुए। सामहरणालय के उत्तरी द्वार पर प्रदर्शन किया। मौके पर कार्यकर्ताओं में बुलडोजर नहीं पर्चा दो रोजी-रोटी का सुरक्षा दो के नारे बुलंद कर रहे थे। मौके पर चन्द्रदेव वर्मा, नवल किशोर सिंह और राजेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए माले जिला सचिव दिवाकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा बिहार बुलडोजरों की गर्जना और पुलिसिया दमन की गूंज से कांप रहा है। मोदी-नीतीश की यह साझी सरकार गरीबों, मजदूरों, दलितों और महादलितों को विकास के नाम पर कुचलने का अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय की यह घटना सिर्फ एक प्रशासनिक अपराध नहीं, बल्कि सत्ता की मिलीभगत से चलाया जा रहा ऐसा वर्ग युद्ध है जिसमें सबसे कमजोर तबकों को निशाना बनाया जा रहा है। दिवाकर ने आरोप लगाया कि मोदी-नीतीश सरकार संविधान की आत्मा को पैरों तले कुचलते हुए गरीबों की बस्ती पर बुलडोजर चला रही है। छोटे बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। महिलाओं को घसीटा गया। यह शासन नहीं, बल्कि निर्दयी सत्ता का नंगा नाच है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह सरकार जितना दबाव बनाएगी, उतनी ही बड़ी प्रतिरोध की लहर उठेगी और बिहार की जमीन पर अन्याय का हर बुलडोजर जनता की एकजुट ताकत के आगे ढेर होगा। उन्होंने मांग कि बेगूसराय में दमन के जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई हो। उजाड़े गए परिवारों का पूर्ण पुनर्वास किया जाए और पूरे बिहार में दलित-गरीब बस्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगे। दिवाकर प्रसाद, सोनू फर्नाज, अमरजीत पासवान, दीपक सिन्हा, एहतेशाम अहमद, सुरेश पासवान, बिनोद पासवान, किशोर पासवान, संजय ठाकुर, सुरेश पासवान, नीलेश झा, सुनीता देवी, क्रांति देवी, सुधा देवी, सीता देवी, रेखा कुमारी, फूलेना पासवान, रीना देवी, मुन्नी देवी शामिल थे।

# छात्रा हत्याकांड मामले का पुलिस ने किया खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

**कामयाबी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शिवाजीनगर।** थाना क्षेत्र के परसा गांव स्थित बघौनी गाछी पगडंडी समीप कोचिंग पढ़ने जा रहे एक छात्रा हत्या मामले का पुलिस में खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। रोसरा डीएसपी कार्यालय में पीसी कर जानकारी देते हुए रोसरा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते 11 अगस्त 25 को शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के परसा गांव स्थित बघौनी गाछी के पगडंडी समीप कोचिंग पढ़ने जा रही एक छात्रा गुड़िया कुमारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद प्राथमिक दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान कर घटना में शामिल अभियुक्त को असम गुवाहाटी के ज्योतिनगर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार प्राथमिक अभियुक्त कुमोद कुमार उर्फ रघु नहारे बिहार शरीफ का रहने वाला है। घटना के बाद से बिहार से बाहर चला गया था। पूछताछ में आरोपी अभियुक्त कुमोद कुमार ने अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। पूछ ताछ में बताया कि मृतक छात्रा गुड़िया कुमारी के बड़ी बहन से शादी करने वाला था लेकिन मृतका गुड़िया कुमारी विरोध कर रही थी। इसी में हत्या कर दिया। गिरफ्तारी के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त मोबाइल, मृतका का मोबाइल, घटना कारीत करने के बाद अभियुक्त के द्वारा लिए गए रेलवे का टिकट भी बरामद किया गया है। मौके पर शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष, प्रवीण कुमार, पुलिस केंद्र समस्तीपुर सअनि नरेश पासवान, सिपाही मनोज कुमार कन्हाई कुमार, अमित कुमार के साथ टीम के सदस्य मौजूद थे।

# मारपीट में मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के नुरजमापुर में मारपीट के दौरान चोट लगने से युवा कामगार की मौत हो गयी। मृतक नुरजमापुर वार्ड छह निवासी नाथो यादव का 29 वर्षीय पुत्र रणबीर यादव बताया गया जो मोटीया मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मारपीट की घटना मंगलवार की रात्रि होने के बात बतायी गयी। स्वजनों ने बताया की आपसी विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच मारपीट हुई। मारपीट के दौरान चोट लगने पर रणबीर कुमार की मौत हो गयी। घटना की सूचना बुधवार की सुबह स्वजनों ने बलिया पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही आइपीएस बलिया डीएसपी साक्षी कुमारी, थानाध्यक्ष विकास कुमार राय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया। साथ ही घटना स्थल की जांच एफएसएल टीम से करायी गयी। स्वजनों ने बताया कि बच्चों की विवाद को लेकर रणवीर यादव व ब्रह्मदेव यादव का पुत्र नरेश यादव के बीच मारपीट हुई। जिसमें रणबीर यादव को नरेश यादव व उसके सहयोगियों ने रात्रि में मारपीट कर हत्या कर दिया। रात्रि में अचेत रहने से नही पता चला सुबह जब नही उठा तो मौत हो जाने की बात सामने आयी तो सूचना पुलिस को दिया गया। घटना के संबंध में जिला पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस रीलिज में बताया गया कि बुधवार की सुबह सूचना मिली कि नुरजमापुर में दो पक्षो के बीच मंगलवार की रात्रि मारपीट हुआ था जिसमे एक व्यक्ति रणबीर कुमार की मौत हो गयी। सूचना के आलोक में बलिया डीएसपी साक्षी कुमारी, थानाध्यक्ष विकास कुमार राय पुलिस बल के साथ नुरजमापुर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की जहां उपस्थित ग्रामीण व स्वजनों ने बताया की मृतक रणबीर कुमार तथा नरेश यादव के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुआ था। जिसमे रणबीर कुमार को मारपीट के क्रम में चोट लग गया था जिसके कारण उसकी मौत हो गयी है। उसके बाद बलिया पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल की जांच एफएसएल टीम से कराया गया है एवम मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया गया। साथ ही घटना घटित करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।घटना की लिखित सूचना मृतक की माता रंजू देवी द्वारा थाना को देने की बात कही गयी। घटना के बाद स्वजनों में मची कोहराम मृतक युवा कामगार रणबीर यादव मोटीया मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रणबीर की शादी चार वर्ष पूर्व 2021 में मधेपुरा जिला में हुआ था। जिसे ढाई बर्षीय एक मात्र पुत्री है। पत्नी आरती कुमार बेसुध थी। ढाई बर्षीय पुत्री कभी अपने मृतक पिता के शरीर मे चिपकती तो कभी अपनी बेसुध पड़ी अपनी मां की मुंह निहारती फिर रोने लगती यह करूण दृश्य को देख लोगो की आंखे नम हो जाती।मृतक दो भाई में सबसे बड़ा था।जो मजदूरी कर अपने परिवार व बूढ़े माता पिता का भी देख रेख करता था।

# दुग्ध समिति के अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति पद के लिए किया पर्चा दाखिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय में एक दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों के मतदान के लिए अभ्यर्थियों ने बुधवार को नामजद्गी के पर्चे दाखिल किये। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि पहसारा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष पद के लिए विपिन कुमार सिंह ने नामजद्गी का पर्चा दाखिल किया। प्रबंधकारिणी समिति के अनारक्षित पुरूष सदस्य पद पर रामबाबू सिंह, रामशरण सिंह एवं अरविंद सिंह ने नामांकन किया। अनारक्षित महिला सदस्य पद पर सोना देवी, अति पिछड़ा वर्ग पुरूष पद पर लूचो तांती, अनुसूचित जाति पुरूष पद पर शंकर रजक एवं अनुसूचित जाति महिला पद पर सपना देवी ने नामजद्गी के पर्चे दाखिल किये। नामांकन दाखिल करने के लिए अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित है।

# सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक थे डा. राजेंद्र प्रसाद : कुलपति

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** भारत के राष्ट्रपति के रूप में डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने आदर्श मर्यादा कायम की। वे भारत एवं बिहार के इतिहास में जाज्वल्यमान महान विभूति थे। उनका जीवन काफी संघर्ष पूर्ण रहा था, फिर भी उन्होंने परिश्रमपूर्वक अनेकानेक डिग्रियां प्राप्त की थी। डॉ राजेन्द्र ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके जीवन एवं कार्यों से प्रभावित होकर हमारे यहां अनेक अच्छे नेता बने। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर जुबिली हॉल में विश्वविद्यालय समाजशास्त्र विभाग के तत्त्वावधान में ''भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद : जीवन एवं कार्य'' विषय पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। कुलपति ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद काफी कुशल राष्ट्रपति थे। कई बार विधेयकों पर विचार-विमर्श कर वे सुधार हेतु सरकार को वापस भी कर देते थे। उनके जीवन से सादा जीवन और उच्च विचार को अपनाने की हमें सीख मिलती है। ऐसे आयोजन सिर्फ औपचारिकता न हो। नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों के जीवन से अच्छी सीख लेनी होगी, ताकि हमारा देश 2047 तक विकसित एवं विश्वगुरु बन सके।

कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद का जीवन अति प्रेरणादायक है। सादगी एवं विनम्रता ही उनकी असल पहचान है। वे मानते थे कि पद नहीं, बल्कि विचार महान होता है। संविधान निर्माण में अमूल्य योगदान देने वाले राजेन्द्र बाबू का विश्वास था कि जब गांव बढ़ेगा, तभी देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम संकल्प लें कि हम सब उनके बताए हुए रास्ते पर चलें। शिक्षा के संकायाध्यक्ष प्रो शशि भूषण राय ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने मूल्यपरक शिक्षा एवं संस्कारों की बात की थी, जिनसे हमारी भावी पीढ़ी भारत को महान बना सके। उन्होंने कहा कि यदि हम डॉ राजेन्द्र प्रसाद के बताए मार्ग पर काम चलेंगे तो समाज अवश्य आगे बढ़ेगा।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी के निदेशक प्रो अजय नाथ झा ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति की जीवन शैली एवं विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। वे हमारे मार्गदर्शक हैं, जिनमें सारे मानवीय गुण मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आज हमारे विश्वविद्यालय में सही काम तेज गति से हो रहे हैं। यशस्वी कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती विश्वविद्यालय में पहली बार मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वप्न द्रष्टा राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में अमिट छाप छोड़े। अपने जीवन में हमेशा प्रथम रहने वाले डॉ राजेन्द्र प्रसाद का जीवन और कार्य हमारे लिए सदा अनुकरणीय है। इस अवसर पर कल समाजशास्त्र विभाग में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विभा कुमारी- प्रथम, वैष्णवी कुमारी- द्वितीय तथा लाल कुमार एवं तबस्सुम परवीन को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्ति के लिए कुलपति ने प्रमाण पत्र आदि से सम्मानित किया। वहीं विभिन्न कॉलेजों से आए एनएसएस स्वयंसेवकों, पीजी एवं डब्ल्यूआईटी के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं को भी कुलपति के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्वागत संबोधन करते हुए सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष सह कार्यक्रम के संयोजक प्रो मो शाहिद हसन ने कहा कि आज ही के दिन 1884 में बिहार के सारण जिला अंतर्गत स्थित जीरादेई गांव में उनका जन्म हुआ था। राष्ट्रपति होते हुए भी वे आम लोगों का जीवन जिए और काफी लोकप्रिय हुए। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों एवं शिक्षकों ने राजेन्द्र बाबू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। संगोष्ठी का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथि स्वागत पाग, चादर एवं बुके से किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ सुनीता कुमारी तथा प्राध्यापक डॉ प्रमोद गांधी ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ सरिता कुमारी ने किया। समारोह में 300 से अधिक शिक्षक, स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जिनके बैठने के लिए अतिरिक्त कुर्सियों की भी व्यवस्था की गई।

# पुनपुन में जर्जर स्कूल भवन से त्रस्त होकर सड़क पर उतरीं सैकड़ों छात्र-छात्राएं

## सड़क जाम कर की नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलदारीचक के सैकड़ो छात्र-छात्रा बुधवार को पटना गया स्टेट हाईवे पर उतरकर जमकर हो हंगामा मचाते हुए जमकर बवाल मचाया है। दरअसल बताया जाता है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलदारी चक स्कूल का भवन पूरी तरह से जर्जर है उस विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं एक कमरे में कार्यालय और दूसरे कमरे में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है तकरीबन 300 बच्चे हैं ऐसे में न केवल पठन-पाठन प्रभावित होती हैं बल्कि कई शैक्षणिक कार्य के अलावा दहशत में पढ़ाई होती हैं। पिछले 3 महीने से जर्जर भवन होने के कारण किसी प्राइवेट भवन में पढ़ाई संचालित हो रही थी। ऐसे में बुधवार को उस वक्त गुस्सा फूट पड़ा जब उन सभी बच्चों को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक मंदिर में पढ़ाने जा रहे थे जिसको लेकर नाराजगी और बढ़ गई और बुधवार को पटना गया स्टेट हाईवे पर बच्चे उतरकर जमकर हो हंगामा मचाते हुए सड़कों पर ही बच्चे बैठकर पढ़ने लगे और नारेबाजी की। स्कूल भवन तोड़कर नया स्कूल बनाया जाने की मांग की। छात्र-छात्राओं में स्वाति कुमारी, लाडो कुमारी, शालू कुमारी, विवेक कुमार आदी छात्र-छात्राओं ने कहा की जर्जर भवन को तोड़कर नया भवन का निर्माण कराया जाए। सड़क जाम की सूचना पाकर पहुंचे पुनपुन बीडीओ पहुंचे और आक्रोशित छात्र-छात्राओं को किसी तरह से समझा बूझकर सड़क जाम हटवाया और जिला मुख्यालय को इसकी सूचना दी। बीडीओ ने बताया कार्रवाई करते हुए एक शिक्षिका का वेतन बंद करने की अनुशंसा की है और विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर भी कार्रवाई करते हुए वेतन बंद करने का पत्र भेजा है दरअसल बिना परमिशन के वह एक मंदिर में स्कूल में पठन-पाठन करना चाह रहे थे।



# मसौढ़ी में आंगनबाड़ी केंद्र पदाधिकारियों की मॉनिटरिंग की कमी के कारण हो रहे बेपटरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ननिहालों की पहली पाठशाला आंगनबाड़ी केंद्र मसौढ़ी में पदाधिकारीयों की उदासीनता कहे या फिर मॉनेटरींग की कमी के कारण सरकार की तमाम योजनाएं बेपटरी होते दिख रही है। ना सही ढंग से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है और ना ही पठन-पाठन हो रहा है और तो और अब आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के लिए एक भोजनालय का केंद्र जैसा बन रहा है क्योंकि उन बच्चों के बीच सीखना पढाना तो लोग अब भूलते जा रहे हैं, बस आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को बुलाना है और उन्हें खाना खिलाकर घर भेज देना है। इसकी बानगी का एक उदाहरण बुधवार को देखा गया जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई आंगनबाड़ी सेंटरो की कई खामियां देखी गई, इसमें मसूरी प्रखंड के नियामतपुर गांव में कोड संँख्या 72 पर सेंटर बिल्कुल पूरी तरह से बंद पाया गया। कोड संख्या 73 पर केंद्र के अंदर सीमेंट की बोरियां रखी हुई थी और बच्चे खेल रहे थे जबकि सेविका गायब थी। कोड संख्या 50 पर बच्चे अपने कमरे में खेल रहे थे और सेविका बाहर धूप सेक रही थी। कोड संख्या 225 पर बच्चे सेंटर के अंदर खेल रहे थे और सेविका गायब थी। बहरहाल सरकार ने जिस उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन कर रही है, उसका फलाफल मसूरी प्रखंड में देखने को नहीं मिल रहा है। आंगनवाड़ी संचालन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार करना है। इसके अंतर्गत 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और विद्यालय-पूर्व शिक्षा प्रदान करना शामिल है। साथ ही, यह महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा देकर उनकी क्षमता को बढ़ाने का काम भी करती है, ताकि वे अपने परिवार की देखभाल कर सकें। इन तमाम क्रियाकलापों की रफ्तार धिमी पड गई है। जिसके कारण जो जरूरतमंद गरीब के बच्चे, महिला लाभुक है वह वंचित रह जा रहे हैं। बस अब लोग सिर्फ कोरम पूरा करने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा लगातार आमजन की शिकायती आ रही है मसौढी मुख्यालय में सीडीपीओ नहीं रह रही है। बहरहाल मसौढी में ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 209 आंगनबाड़ी केंद्र हैं वहीं शहरी क्षेत्र में कुल 46 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। और इन सभी आंगनबाड़ी सेंटर के लिए 7 सुपरवाइजर हैं। हर सेक्टर सुपरवाइजर को 50 सेंटर का प्रतिदिन निरीक्षण करना है। बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र का ठीक ढंग से संचालन नहीं होना इन सबों पर कई सवाल उठना लाजिमी है।इस पूरे मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने का भरोसा जताया है।उन्होंने साफ कहा है कि जिन आंगनबाड़ी केंद्र बैंड पे जाएंगे और शिकायत आएंगे तो न केवल आंगनबाड़ी सेविका पर बल्कि उस क्षेत्र की सुपरवाइजर पर भी कार्रवाई होगी।

# दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर बुनियाद केंद्र में विभिन्न प्रकार के खेल एवं कौशल आधारित प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता यथा ट्राइसाइकिल दौड़ प्रथम स्थान, तृतीय स्थान और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। कुल 40 दिव्यांगजन इस पूरी प्रतियोगिता में शामिल हुए उसके बाद सात दिव्यांगजनों के बीच इस मौके पर ट्राई साइकिल का भी वितरण किया गया। बुनियाद केंद्र के प्रबंधक श्रद्धा सिन्हा ने बताया की दिव्यागजनों के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजीक भावनात्मक एवं अन्य आवश्यक क्षमताओ को सशक्त करने के उद्देश्य से खेल -कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों हेतू कुल 5 प्रकार की प्रतियोगिता - तिपहिया साइकिल दौड़ प्रतियोगिता, मेंढक दौड़ प्रतियोगिता, ब्लाइंड फोल्ड प्रतियोगिता, नींबू- चम्मच दौड़ प्रतियोगिता एवं सामान्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य इस प्रतियोगिता में दिव्यांगजनों द्वारा बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया गया। कार्यक्रम में बुनियाद कर्मी अनुपमा, सिमरन, प्रियांशु, कुमार राकेश, रौशन, विनोद कुमार आदी शामिल रहे।




## अधेड़ व्यक्ति का मिला शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के समीप एक अधेड़ का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान रमेश महतो उम्र 65 वर्ष पिता स्वर्गीय बलदेव महतो मोहनपुर के रूप में हुई है। बरामद शव का सिर पूरी तरह से कुचला हुआ पाया गया है। ऐसे में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मोहनपुर और तेतरी गांव की ओर जाने वाले मुहाने पर सड़क के किनारे शव को बरामद किया गया है। शव की पहचान हो गई है फिलहाल इसे पोस्टमार्टम के लिए पीएमीएच भेजा गया है। बताया जाता है कि तेतरी गांव से भोज के कार्यक्रम के बाद अपने घर लौट रहे थे उसी दरमियान यह घटना घटी है। आसपास के लोगों से इसके बारे में गहन छानबीन की जा रही है कि आखिर पूरा मामला क्या है।

# मिथिला विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में अपने अदम्य साहस, धैर्य और सुगठित टीम-भावना का परिचय देते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान बना लिया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की मज़बूत खेल-परंपरा की कड़ी में एक और उपलब्धि रही। बता दें इससे पूर्व सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित पूर्वी-क्षेत्र विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लनामिवि उपविजेता रही थी। एक महीने के भीतर टीम ने अपने प्रयास से राष्ट्रीय खेल स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। इस प्रतियोगिता के दौरान ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का मैच मदर टेरेसा विश्वविद्यालय से निर्धारित था, लेकिन प्रतिद्वंदी टीम के कोर्ट पर उपस्थित न होने के कारण विश्वविद्यालय की टीम अपने पूल के तीनों मैचों की निर्विवाद विजेता बनीं। सेमीफाइनल में प्रवेश करते ही टीम ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि इस बार विश्वविद्यालय एक पदक–स्वर्ण, रजत या कांस्य–लेकर ही लौटेगा।

इस सफलता पर कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने गौरवांवित होकर कहा कि हमारी बेटियों ने असंभव को संभव कर दिखाया है। उन्होंने न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि राष्ट्रीय मंच पर मिथिला की प्रतिभा की चमक बिखेर दी है। विश्वविद्यालय के वित्तीय परामर्शदाता श्री इंद्र कुमार ने गर्व के साथ कहा, यह प्रदर्शन प्रेरणा का पर्व है। टीम की इस उड़ान को देखकर विश्वास होता है कि स्वर्ण पदक अब दूर नहीं। कुलसचिव डॉ. दिव्या रानी हंसदा ने कहा हमारी बेटियों की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के इतिहास में एक मील का पत्थर है। यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवमय क्षण है। पूर्व खेल पदाधिकारी एवं निदेशक, डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रो. अजय नाथ झा ने कहा, यह टीम केवल मैच नहीं खेल रही, बल्कि राष्ट्रीय मंच पर मिथिला की पहचान को पुनर्स्थापित कर रही है। इनके खेल में अनुशासन, दृढ़ता और अद्भुत समर्पण देखने को मिलता है। वर्तमान खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने कहा कि टीम ने जिस प्रकार निरंतर प्रगति दिखाई है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं। यह सफलता रणनीति, अभ्यास और एकता के सर्वोत्तम संयोजन का परिणाम है। इस मैच की विस्तृत जानकार कंटिजेंट मैनेजर मनीष राज ने विश्वविद्यालय प्रशासन से साझा किया।




# दुकानदार को ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर सामान लेकर चंपत हुए बाइक सवार दो युवक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी बाजार में ऑनलाइन पेमेंट लेने वाले दुकानदारों को सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसा ही एक मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के लखीबाग रोड स्थित एक दुकान में देखी गई है जहाँ आर इलेक्ट्रिक दुकान में बीते मंगलवार की शाम को बाइक पर सवार दो युवक आए और वायरिंग से संबंधित सात बंडल तार समेत 15 आइटम की खरीदारी की उसके बाद सभी सामान को कार्टून में पैक कर ऑनलाइन पेमेंट देने को कहा, उसके बाद मोबाइल निकाल कर क्यु आर कोड मांगा और ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देने लगा उस दौरान एक बाइक सवार युवक सारा सामान को बाइक पर रेडी रख दिया और उसके बाद फिर ऑनलाइन पेमेंट को थोड़ी देर का झांसा देते हुए बाइक सवार कर चंपत हो गए। दुकानदार अपने काउंटर से बाहर निकलते निकलते तब तक बाइक सवार तेज गति से वह डीह मसौढ़ी, कपूरी चौक के बाद गांधी मैदान के रास्ते वह गायब हो गया। इस पूरे मामले में पीड़ित इलेक्ट्रिक दुकानदार गजेंद्र सिंह पिता जनक सिंह धनरूआ फुलपुर निवासी है जो वर्तमान में मसौढ़ी के रामनगर मोहल्ले में रहते हैं। इस घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है, पुलिस जांच में जुटी है।

## पुलिस ने कुल पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** फरार वारंटीयों कि धर पकड़ अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को कुल 5 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पुनपुन थाना क्षेत्र से दो वारंटी, पिपरा थाने से एक वारंटी और केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र से दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसमें पुनपुन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार वारंटी में चुकून यादव पिता-रामसेवक यादव सा0-मुरुद्वीनपुर एवं गुडु यादव पिता-निरजा यादव सा0-रसलपुर है।वही पिपरा थाना क्षेत्र से नंदकिशोर सिंह पिता सूर्यदेव सिंह सा0-डिहरी,एवं केवडा ओपी थाना क्षेत्र से प्रमीला देवी पति-सुरज सिह, कुतुबपुर थाना-पुनपुन एवं सुरज सिंह पिता स्व0 कमल सिंह है।

## हत्या का प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के डोमन बीघा गांव से हत्या के प्रयास मामले में नामजद अभियुक्त रामाशीष उर्फ भुंडे राय पिता स्व लालचरण राय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि यह घटना धनरूआ थाना क्षेत्र के डोमन बीघा गांव की है जहां बीते 20 जनवरी 2025 को घटना घटी थी जहां वादी नगीना सिंह पिता स्वर्गीय सिद्धेश्वर प्रसाद ने अपने गांव के चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जहां दिये गये आवेदन मे बताया गया कि सभी चारों शराब माफिया हैं शराब बनाते हैं मना करने पर लोगों को हथियार के साथ धमकाते हैं और उसके साथ मारपीट करते हैं महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हैं इसी को लेकर हरवे हथियार के साथ चार लोग आए और राइफल के कुंदा से मारपीट करने लगे और पूरी तरह से जख्मी कर दिए जहां गंभीर अवस्था में पीएमसीएच में इलाज के लिए भेजा गया था। इसी इस मामले में वादी नगीना सिंह के दिए गए आवेदन के आलोक में कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी थी। फरार चल रहे एक अपराधी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पालीगंज में चौथे दिन भी चला अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पालीगंज नगर बाजार में बुधवार को चौथे दिन प्रशासन की ओर से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वरीय पदाधिकारी के आदेश पर अंचल अधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में दुर्गा स्थान से लेकर चंढोस मोड़ तक सड़क के दोनों किनारे किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान पालीगंज थाने की पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। अंचल अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार में फुटपाथ और नाले पर अवैध कब्जे के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती थी। कई लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया था जिसे हटाने के लिए पूर्व में कई बार माइक से सूचना लोगों को दे दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद भी कई लोगों ने कब्जा नहीं हटाया। ऐसे में नापी कराकर बुलडोजर से पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।




# दहेज को लेकर मानसिक प्रताड़ना करने का लगाया आरोप

## पति, ससुर, देवर और सास पर कार्रवाई की लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर दहेज को लेकर मारपीट गाली गलौज और मानसिक प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए अपने पति एवं ससुर देवर और सास पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई हैं। दरअसल पीड़ित विजयता कुमारी पति मनीष चंद्र भास्कर ने मसौढी थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई है कि दहेज को लेकर हमारे ससुराल वाले हमें परेशान कर रहे हैं हमारा शादी वर्ष 2020 में हुई थी मेरा 5 साल का एक बेटा है जिसका नाम मिवान कुमार है। बेटा को भी हमसे अलग करके रखा हुआ है जब भी हम उसे मिलने जाते हैं तो गाली गलौज मारपीट करते हुए कमरे में बंद कर दिया जाता है। ऐसे ही जब

### पुलिस कर रही मामले की जांच

हम 21 अक्टूबर को अपने बेटे से मिलने गए थे तो हमारे साथ मारपीट की गई थी मोबाइल छीनने की कोशिश की गई थी और रूम में बंद कर दिया गया था, जब डायल 112 से पुलिस से मदद लिए तो पुलिस के सामने भी हमें मारने पीटने की कोशिश की गई थी, और हमें छोटे वाले देवर से हत्या करवाने की धमकी देकर हमें मानसिक प्रताड़ित की जा रही हैं। हमारे बच्चे को भी लेकर कहीं अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। बहरहाल पिडित के दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

# 'हे गंगा मैया तोहरे पियरी चढ़ाइबो'

## नीतू नवगीत ने दी लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** सोनपुर मेला में सारण जिला प्रशासन की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों के साथ-साथ बाबा हरिहरनाथ के जीवन से जुड़े अनेक लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति करके भक्तों का मन मोह लिया। लोक गायिका नीतू ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। इसके बाद उन्होंने जगदंबा घर में दियरा बाहर अईनी हे के माध्यम से मां दुर्गा को याद किया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को हर काम की शुरुआत में याद किया जाता है क्योंकि वह मंगलकारी देव हैं। माता दुर्गा की कृपा सब पर रहती है। नमामि गंगे अभियान और स्वच्छता की ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने पनिया के जहाज से पलटनिया ले ले अईह पिया, ले ले अईह हो पिया. ., पटना से वैद्या बुलाई दा, कोयल बिना बगिया ना शोभे राजा जैसे लोकगीतों के माध्यम से मेला प्रांगण में उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया।

देख के राम जी को जनक नंदिनी बाग में बस खड़ी की खड़ी रह गई राम देखें सिया को सिया राम को अखियां लड़ी तो लड़ी रह गई, राम जी से पूछे जनकपुर के नारी बता द पहुना जैसे गीत गाकर भक्त जनों को झुमाया। मांगीला हम वरदान हे गंगा मइया, हम न जईबो कोहबर घर हमरा डर लागइयै, सियाजी बहिनिया हमार हो राम लगिहें पहुनवा जैसे गीत गाकर भक्ति की भावना का इजहार किया। लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत के साथ कई दूसरे कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी।वादक कलाकारों में राजेश केसरी ने हारमोनियम पर, अशोक कुमार बैंजो पर, प्रिंस कुमार पैड और अमरनाथ कुमार ने ढोलक पर संगत किया।



# पशु चिकित्सा शिविर में 164 पशुओं का हुआ इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बुधवार को हिलसा प्रखंड के पुना पंचायत नवडीहा पंचायत भवन के समीप जीविका द्वारा एक दिवसीय पशु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों पशुओं की निशुल्क जांच, और इलाज कर दवा दिया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका हिलसा,डॉक्टर रुचि कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, डॉक्टर अनुज कुमार, चलंत पशु चिकित्सा पदाधिकारी, हिलसा, सीएलएफ अध्यक्ष शकुंतला देवी, रजनीश कुमार, अश्विनी कुमार, नीतू कुमारी जियोकॉपार्जन विशेषज्ञ अनीता कुमारी सामुदायिक समन्वयक, उदय कुमार सहायक, जिला स्तर से आए प्रबंधक पशुधन राजीव कुमार, राज्य स्तर पटना से उपस्थित डॉ रौशन कुमार, चंद्रजीत कुमार, उद्यान पदाधिकारी हिलसा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बीपीएम राजेश कुमार ने पशुपालको को बताया कि यह कार्यक्रम जीविका द्वारा गरीबी उन्मूलन के उद्देश्य से पशुओं के स्वास्थ के लिए लगाया गया है। 164 पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करायी गयी। साथ ही बीमार पशुओं के बेहतर इलाज हेतु निःशुल्क दवाई भी वितरित की गयी। जिला से आए राजीव कुमार, प्रबंधक पशुधन द्वारा विस्तृत रूप से पशुओं के रोग के लक्षण और उसके निदान के बारे में बताया गया। उनके द्वारा किसानों को अपने पशुओं की समुचित देखभाल के लिए परामर्श भी दिया गया।

# डायरिया से दो की मौत, कई आक्रांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के तेंदुआ बिंदुलिया के टोला वीरपुर गांव में डायरिया से 2 लोगों की मौत का मामला सामने आया है। वहीं करीब 25 से 30 घरों में एक-एक लोग आक्रांत है। अधिकांश घरों के मरीजों को उल्टी, दस्त और चक्कर आने जैसी शिकायतें हैं। लगातार बढ़ते मामलों से गांव में डर और अफरा-तफरी का माहौल है। जानकारी के अनुसार क़रीब पांच दिनों पूर्व गांव के दो लोगों में उल्टी-दस्त और कमजोरी के लक्षण दिखाई दिए। स्थानीय स्तर पर इलाज कराने के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ और बीमारी तेजी से अन्य घरों में फैलने लगी। डायरिया से सबसे पहले सोमवार को शांति देवी नाम की महिला की मौत हुई, जिसके दूसरे दिन यानी बुधवार को अमरेश भुइयां के 5 साल के बेटे सोनू कुमार की मौत हो गई। मासूम की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कब्जे में ले लिया ताकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके। ग्रामीण राजकलिया देवी, कौशल्या देवी और पिंटू कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि मरीजों में उल्टी, तेज दस्त, पेट दर्द और कमजोरी जैसे गंभीर लक्षण दिख रहे हैं। कुछ ग्रामीण बीमारी के अचानक फैलाव को अंधविश्वास से भी जोड़कर देख रहे हैं। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और बीमार लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आया। अरुण भुइयां, अमरेश भुइयां, बबीता कुमारी, मैत्री कुमारी, रुबी कुमारी, सिंटू कुमार, रूकमणिया देवी, लक्ष्मीनिया देवी, गुप्तेश कुमार समेत दर्जनों लोग इलाजरत हैं। डॉक्टरों ने बताया कि सभी मरीज कोल्ड डायरिया से पीड़ित हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, स्वास्थ्य विभाग और पंचायत प्रतिनिधि गांव में कैंप कर लगातार निगरानी कर रहे हैं। घटना की सूचना पर बुधवार को डीडीसी अनन्या सिंह भी वीरपुर गांव पहुंचीं। उन्होंने बताया कि कुल 18 मरीजों को बारून सीएचसी में भर्ती किया गया था जिनमें से चार की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया है। शेष मरीजों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन ने साफ-सफाई बढ़ाने, पानी को उबालकर पीने और खुले में शौच न करने की अपील की है। गांव में क्लोरीनयुक्त पानी की आपूर्ति एवं दवा का छिड़काव भी शुरू कर दिया गया है ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

## पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 33 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग मामलों में 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पॉक्सों में 2, हत्या के प्रयास में 1, शराब कांड में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 320 लीटर देसी शराब, 12 लीटर विदेशी, 1 कार एवं 1 ऑटो बाइक बरामद किया गया है। इसी क्रम में 39 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 803 वाहनों की जांच की गई जिसमें 53000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात की मौत, हंगामा

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में बुधवार को सुबह दशरथ बिगहा निवासी मो अफसर के नवजात बच्चे की मौत हो गयी। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों की भीड़ सीएचसी लग गयी और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार दलबल के साथ सीएससी पहुंचे और परिजनों समझा बुझाकर शांत कराया। मृत बच्चे की मौसी शाहीन प्रवीण, पिता मो अफसर एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान ने बताया कि सत्यम अस्पताल में सिजेरियन से बच्चा हुआ था इसी दौरान हॉस्पिटल को सील करने के बाद सिविल सर्जन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में लाकर भर्ती करवाया गया था। जब यहां पर्याप्त सुविधा नहीं है तो बच्चे को बड़े अस्पताल में भेजना चाहिए था। इसको लेकर बुधवार को आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और कहा कि इसमें सिविल सर्जन और एएनएम पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविन्द कुमार सिंह ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि बच्चे के मौत पर हॉस्पिटल पहुंचकर जांच पड़ताल की जा रही है।

# मेधा दिवस पर कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए डीएम को मिला सम्मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री को पटना में बुधवार को आयोजित मेधा दिवस के अवसर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा सम्मान-पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 को जिले में स्वच्छ, कदाचार-रहित एवं पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संचालित कराने में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं कुशल नेतृत्व के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। सम्मान पत्र शिक्षा मंत्री सुनील कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर जिला एवं प्रशासनिक स्तर पर की गई प्रभावी निगरानी, समन्वय एवं अनुशासनात्मक व्यवस्था के कारण परीक्षा प्रक्रिया का आयोजन पूरी पारदर्शिता एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराने के लिए औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री को यह राज्यस्तरीय सम्मान प्रदान किया गया है।

# बाज़ार से लौटने के दौरान दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के उड़दाना मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के उड़दाना गांव निवासी 45 वर्षीय मनोज यादव के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक मनोज बड़ेम से अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में उस जगह विपरीत दिशा की ओर से आ रहे बाइक सवार और मनोज की बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिसमें मनोज गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारून रेफर कर दिया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। मृतक का 17 साल एक लड़की है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना उस वक्त घटित हुई जब उड़दाना मोड़ के समीप एक व्यक्ति अपने बच्चे को लाने स्कूल गया हुआ था और वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में हादसा हो गई। इस घटना में बच्चा को भी चोट आयी है। फिलहाल, मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## खड़ी हाइवा में टकराने से बाइक सवार युवक गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के सिरीस हाई स्कूल के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़ी हाइवा में टक्कर मार दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान देव थाना क्षेत्र के मुखेता गांव निवासी रामजी सिंह के पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। घ्सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि आर्यन औरंगाबाद में किराए पर रूम लेकर रहता है। बुधवार की दोपहर वह अपने बाइक पर सवार होकर सिरीस हाई स्कूल में किसी काम से कागज जमा करने जा रहा था। इसी दौरान वह सड़क किनारे खड़ी हाइवा में टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद नेशनल हाईवे की एंबुलेंस के चालक अखिलेश कुमार व चिकित्सक शशि कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे रेफर कर दिया गया है।

# शराब का सेवन और बिक्री करने के मामले में 12 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ़ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न जगहों पर छापामारी के फलस्वरूप शराब बेचने मामले में 5 एवं शराब सेवन मामले में 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 586.30 लीटर देसी शराब एवं 82.60 लीटर विदेशी शराब तथा 7500.00 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया साथ ही 3 बाइक बरामद किया गया है। मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत हरिहर बिगहा गांव के करीब 01 व्यक्ति को 56.60 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया एवं 01 बाइक जब्त किया गया। साथ हीं 43.80 लीटर देशी शराब एवं 2 बाइक के साथ जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त दाउदनगर थाना अन्तर्गत अमृत बिगहा में ड्रोन के माध्यम से छापामारी की गई जिसमें भारी मात्रा में चुलाई शराब एवं जावा महुआ बरामद कर यथा स्थान पर विनिष्ट कर दिया गया। इस दौरान कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त करने के साथ दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। इस सघन कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप है और प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि शराब पर अब सख्त और सतत अभियान जारी रहेगा।

# इलाज के दौरान संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में बुधवार को इलाज के दौरान संदिग्ध स्थिति में एक 26 साल की महिला की मौत हो गयी। घटना के बाद मृतका के मायकेवालों ने ससुराल वालों पर मारपीट के बाद इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बैजनाथ बिगहा निवासी प्रमोद शर्मा की पत्नी सबिता देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मायकेवालों ने बताया कि साल 2019 में उस गांव निवासी धर्मदेव शर्मा के बेटे प्रमोद कुमार शर्मा के साथ धूमधाम से सविता की शादी हुई थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। सविता का पति प्रमोद रांची के मधुकम मुहल्ले में रहकर एक फर्नीचर दुकान में काम करता था। शादी के बाद वह अपनी पत्नी को रांची लेकर चला गया। अपने बच्चों के साथ वह रांची के मधुकम मोहल्ला में रहता था और कारपेंटर का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। कई बार उसने अपनी पत्नी की पिटाई की थी। जब सविता ने घटना की सूचना अपने मायकेवालों को दी तो कई बार समझौता भी हुआ लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सविता की अक्सर तबीयत खराब रहती थी। मारपीट के बाद जब सविता की तबीयत बिगड़ती थी तो ससुराल वालों ने उसका इलाज भी नहीं कराया। सविता का पति प्रमोद ने मायके वालों से दहेज स्वरूप बार-बार एक बाइक की मांग की। मायके वाले बाइक देने में सक्षम नहीं हुए तो हमेशा मारपीट करता था। दो महीने पहले जब रांची में उसके पति से मारपीट करने का मामला नहीं रुका तो उसकी ननद बीच-बचाव कर उसे मायके मकरन बिगहा भिजवा दिया। मृतका की बहन पुष्पा कुमारी ने बताया कि 21 नवंबर को सविता के ससुराल बैजनाथ बिगहा में उसकी जेठानी रिंकू देवी के बेटी की शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए वह बैजनाथ बिगहा गई थी। इसके बाद से वह अपने ससुराल में ही रह रही थी। बुधवार को सविता को खांसी व हांफ की शिकायत हुई तो उसकी मां, जेठानी रिंकू देवी व बहन ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। हालांकि इसके पहले परिजनों ने एक निजी क्लिनिक में भी इलाज कराया था।

# तीन लोगों की हत्या मामले में पांच अभियुक्त दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में बुधवार को स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा ने देव थाना कांड संख्या 39/20 एवं जीआर 55/21 से जुड़े तीन हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने अभियुक्त अर्जुन भुइयां, श्रवण कुमार, विकास भुइयां, सोनू कुमार और गोपाल भुइयां उर्फ विष्णु बांध एलोरा देव को भारतीय दंड संहिता की धारा 148 और 302/149 के तहत दोषी माना। फैसले के साथ ही न्यायालय ने सभी अभियुक्तों का बंधपत्र विखंडित करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि मामले में सजा पर सुनवाई की अगली तिथि 8 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहियों और केस डायरी के आधार पर यह निर्णय दिया। इस कांड की प्राथमिकी 13 मई 2020 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार शाम करीब 5 बजे कुछ नाबालिग बच्चे जलावन चुनने गए थे, उसी दौरान अभियुक्तों ने बच्चों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की। जब इस घटना की जानकारी परिजनों को हुई और उन्होंने विरोध किया, तो उसी रात अभियुक्तों ने घात लगाकर घातक हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए थे, जिनमें से तीन की मौत हो गई थी। वहीं सजा पर फैसला अब 8 दिसंबर को सुनाया जाएगा।

# दिव्यांग बच्चों को किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** दिव्यांगजनों को सशक्त और समाज की मुख्यधारा में अधिक प्रभावी रूप से शामिल करने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बुनियाद केंद्र, बारून में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक प्रियंका कुमारी, सहायक योजना पदाधिकारी श्वेत सुमन तथा जिला दिव्यांगजन संघ बुनियाद केंद्र प्रबंधक अरुण एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात प्रियंका कुमारी ने दिव्यांगजनों हेतु मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए संदेश को सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में अधिक प्रभावी रूप से शामिल करना रहा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के हितार्थ कार्य करने वाले स्वयंसेवी सदस्यों को उनके योगदान एवं सक्रिय सहभागिता के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व 02 दिसंबर को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2025 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांग एथलीटों को पुरस्कृत किया गया। प्रियंका कुमारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा संचालित दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन (संबल) योजना में किए गए नवीन संशोधनों के साथ-साथ दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में कई दिव्यांगजनों ने अपने अनुभव साझा किए। इसी क्रम में 10 लाभुकों को एमटीसी का वितरण भी किया गया।

# छेड़खानी और अपहरण मामले में दोषी को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में बुधवार को स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने जीआर 64/23 और सलैया थाना कांड संख्या 13/23 में सुनवाई के बाद आरोपी संदीप पासवान, निवासी जयविगहा सलैया को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत आरोपी को दो वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना की सजा दी। निर्धारित जुर्माना नहीं देने की स्थिति में आरोपी को एक माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना है। उन्होंने कहा कि यह फैसला नाबालिगों के खिलाफ अपराधों पर कानून की सख्ती का उदाहरण है। इस घटना की प्राथमिकी 7 फरवरी 2023 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने बताया था कि आरोपी ने विवाह के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर नाबालिग का अपहरण किया था। परिजन घटना के बाद लगातार उसकी तलाश करते रहे, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी को दोषी ठहराया और आदेश के साथ तत्काल उसकी गिरफ्तारी और जेल भेजने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई।

# जमीनी विवाद में पिता-पुत्र समेत चार जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के कझवां गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मारपीट की इस घटना में पिता पुत्र सहित एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी 62 वर्षीय ब्रह्मदेव शर्मा, 40 वर्षीय पुत्र अजय कुमार, 60 वर्षीय सुदामा सिंह व 28 वर्षीय पुत्र हरेराम कुमार शामिल है। घटना के बाद परिजनों द्वारा सभी जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। वहीं मारपीट की इस घटना में दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटे आई हैं, जिनका इलाज किसी निजी क्लीनिक में कराया गया है। बुधवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ब्रह्मदेव शर्मा ने बताया कि कुड़वा गांव के सुनील से वर्ष 2022 में 11 डिसमिल जमीन रजिस्ट्री कराया था। दो साल बाद वर्ष 2024 में उसने उसी जमीन को उसके पड़ोसी संजय को बेच दिया। जमीन रजिस्ट्री करवाने के बाद संजय जमीन पर दाखिल कब्ज के लिए प्रयास करने लगा। पहले भी उसने जमीन कब्जा करने की कोशिश की थी। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी। पुलिस की अनुमति के बाद ही उसने खेत में धान लगाया था। मंगलवार की शाम ब्रह्मदेव और उनका पुत्र अजय खेत में धान काट रहे थे। इसी दौरान अजय अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा और लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। पड़ोस के रहने वाले सुदामा सिंह एवं हरेराम बीच बचाव करने पहुंचे तो उनकी भी बेरहमी से पिटाई कर दिया। इस दौरान अफरा-तफरी की स्थिति रही। किसी तरह ग्रामीणों ने झगड़े को सुलझाया और आनन-फानन में इलाज के लिए सभी जख्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सदर अस्पताल में सभी जख्मियों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि कझवां गांव में मारपीट मामले की जानकारी मिली है। फिलहाल सभी जख्मियों का इलाज कराया जा रहा है। मामले में एक पक्ष से डौली देवी के द्वारा आवेदन भी प्राप्त हुआ है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# लोगों को बीमार बना रहा कोनोकार्पस नामक जहरीला पौधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले का हॉट पिकनिक स्पॉट बायोडायवर्सिटी पार्क एवं जैव विविधता उद्यान आगंतुकों को खामोशी से बीमार बनाने के साथ प्रकृति पर भी प्रतिकूल प्रभाव छोड़ रहा है। लोग व्यस्त जीवनशैली से समय निकालकर पहाड़ के किनारे लंबे, घने, पत्तेदार पौधों से उत्पन्न मनोरम प्राकृतिक नजारे का आनंद लेने के लिए परिवार और दोस्तों के साथ औरंगाबाद के रिसियप स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में घूमने आते हैं, लेकिन उन्हें इस बात का आभास नहीं है कि यहां के जहरीले पौधे खामोशी से उन्हें बीमार बना रहे है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जिस कोनोकार्पस पौधे को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए घातक मानते हुए कई राज्यों में प्रतिबंधित कर दिया गया उसी पौधे को हरियाली और खुबसूरती के नाम पर बायोडायवर्सिटी पार्क में बड़े पैमाने पर लगाया गया है। हालांकि ये खतरनाक पौधा काफी तेजी से फलता- फूलता है और आकर्षक लगता है लेकिन इसके हानिकारक प्रभाव के कारण न तो मवेशी इनकी पत्तियों को खाते हैं और न ही पक्षी इन पौधों में घोंसला बनाते हैं। जीवन के सुखद क्षण का आनंद लेने पहुंचे लोग यहां से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं लेकर वापस लौट रहे हैं। कोनोकार्पस पौधे के कई स्वास्थ्य संबंधी तथा पर्यावरणीय नुकसान हैं। इसके पराग से त्वचा में जलन, एलर्जी, अस्थमा, खांसी, सर्दी-जुकाम जैसी श्वसन संबंधी बीमारियां हो सकती है। इसकी जड़ें गहराई तक जाकर भूजल स्तर को कम कर सकती है। स्थानीय पेडों की प्रजातियों के विकास में बाधा डाल सकती है। यह पक्षियों और अन्य जीवों के लिए उपयोगी नहीं है। इसकी जड़ें पाइपलाइन और दीवारों को नुकसान पहुंचा सकती है। यह चौबीस घंटे कार्बन-डाई-ऑक्साइड छोड़ता है जिससे हवा की गुणवत्ता प्रभावित होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कोनोकार्पस पौधे के हानिकारक प्रभाव को देखते हुए चिंता व्यक्त की और गुजरात, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश तथा तमिलनाडु जैसे राज्य में प्रतिबंध लगाते हुए अन्य राज्यों में इसके रोपण को रोकने के आदेश जारी किए हैं। वहीं कोर्ट के आदेश पर गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, असम में बड़े पैमाने पर लगे कोनोकार्पस पेड़ को हटाया गया है। इस संबध में वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह ने बताया कि बायोडायवर्सिटी पार्क की मिट्टी उपजाऊ न होने के कारण शुरुआत में कोनोकार्पस के पौधे लगाएं गए थे। लेकिन अब कई अन्य पौधे मानवीय व पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर है जिसे लगाएं गए है। जल्द ही कोनोकार्पस को हटा दिया जायेगा।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093